मंगलवार, 24 जून 2025

मौसम

तापमान 27 – 32
आर्द्रता 89%
सूर्योदय: 4:53 सूर्यास्त: 18:24

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर


कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : अच्छे चरित्र निर्माण करना ही छात्रों का मुख्य कर्तव्य होना चाहियें।



पंत टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने पृष्ठ 8




# ईरान ने कतर में अमेरिकी एयरबेस पर मिसाइलें दागीं

## मिडिल ईस्ट में यह अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा



**दुबई :** ईरान ने अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों का बदला लेने के लिए सोमवार रात कतर में अमेरिका के अल-उदीद एयर मिलिट्री बेस पर 6 मिसाइलें दागीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कतर की राजधानी दोहा में कई धमाकों की आवाज सुनी गई। हालांकि कतर के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने सभी हमलों को रोक दिया और कोई भी हताहत नहीं हुआ। कतर ने ईरान को जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। कतर ने हमले से कुछ देर पहले ही अपना एयर स्पेस बंद किया था। कतर में अल-उदीद एयरबेस मिडिल ईस्ट में अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा है। यहां करीब 8,000 से 10,000 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच एअर इंडिया ने यहां से गुजरने वाली अपनी सभी फ्लाइट्स तुरंत रोक दी हैं। एअर इंडिया कहा कि उसने संघर्ष प्रभावित रूट्स पर उड़ानें रद्द कर दी हैं और कुछ को दूसरे रूट पर भेजा है।

### तेहरान के नजदीक ईरान के और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाएंगे : इजराइल

**दुबई :** इजराइली सेना ने सोमवार को ईरानियों को चेतावनी दी कि वह आने वाले दिनों में तेहरान के आसपास के सैन्य ठिकानों पर हमला करना जारी रखेगी, क्योंकि उसका ध्यान प्रतीकात्मक लक्ष्यों पर है। सेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह चेतावनी दी। हालांकि, इंटरनेट बंद होने के कारण ईरान के लोगों को बाहरी दुनिया तक संपर्क कायम करने में कठिनाई हो रही है। इजराइली सेना ने पोस्ट में चेतावनी देते हुए कहा, ''तेहरान के प्रिय नागरिकों, आने वाले दिनों में, इजराइली सेना तेहरान क्षेत्र में मौजूद सैन्य ठिकानों पर अपने हमले जारी रखेगी। हम आपसे व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए हथियार उत्पादन केंद्रों, सैन्य ठिकानों और शासन से जुड़े सुरक्षा संस्थानों से दूर रहने की अपील करते हैं।''

### ईरान के समर्थन में खुलकर आया रूस, पुतिन बोले– तेहरान को देंगे हरसंभव मदद



इस्राइल और ईरान के बीच 10 दिनों से चल रहे संघर्ष के चलते आज दुनिया में तीसरे विश्व युद्ध का खतरा बढ़ गया है। वहीं ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद रूस ने सोमवार को ईरान को हरसंभव मदद देने का वादा किया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बढ़ते तनाव के बीच सोमवार रूस ने कहा है कि वह ईरान को हर तरह की मदद देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि ईरान को किस तरह की मदद चाहिए, यह फैसला तेहरान को करना है। पेसकोव ने कहा कि हमने ईरान को मध्यस्थता की पेशकश की है। यह हमारी तरफ से एक ठोस मदद है। ईरान को जो भी जरूरत होगी, हम उसके अनुसार मदद करने को तैयार हैं।

### कतर में भारतीय दूतावास ने समुदाय को 'मौजूदा स्थिति' में घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी

**दोहा :** कतर स्थित भारतीय दूतावास ने सोमवार को एक परामर्श जारी कर भारतीय नागरिकों को देश में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरान के हमले के मद्देनजर सावधानी बरतने और घरों के अंदर रहने की सलाह दी। मीडिया की खबरों के अनुसार, ईरान ने कतर में अमेरिका के अल उदीद वायु सेना अड्डे पर हमला करने के लिए कई मिसाइलों का इस्तेमाल किया। दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मौजूदा स्थिति को देखते हुए कतर में भारतीय समुदाय से सतर्क रहने और घरों के अंदर ही रहने का आग्रह किया गया है।'' इसमें कहा गया, ''कृपया शांत रहें और स्थानीय समाचारों, कतर के अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। दूतावास सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से भी अद्यतन सूचना देता रहेगा।''

### पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी चोरी का पता चला, जोधपुर में सात गिरफ्तार

**जोधपुर :** कई राज्यों में फैले 500 करोड़ रुपये से अधिक के जीएसटी कर चोरी घोटाले में शामिल होने के आरोप में राजस्थान के जोधपुर में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) राजर्षि राज वर्मा ने कहा कि जोधपुर के मसूरिया इलाके में एक ई-मित्र और कंप्यूटर सेंटर में तैयार किए जा रहे फर्जी आधार कार्ड और दस्तावेजों की जांच से घोटाले का पता चला। वर्मा ने कहा, ''आरोपी फर्जी दस्तावेज तैयार कर रहे थे, जिनका इस्तेमाल फर्जी जीएसटी पंजीकरण और कर चोरी के लिए किया जा रहा था। इन दस्तावेजों का इस्तेमाल अन्य अवैध गतिविधियों में भी किया जा रहा था।'' जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि गिरोह ने कई राज्यों में 240 फर्जी फर्म बनाई थीं। गिरोह अपने पास नकली स्टाम्प रखता था, जिसका इस्तेमाल जाली पैन कार्ड बनाने के लिए किया जाता था। इनका इस्तेमाल करके वे बैंक खाते खोलते थे और जीएसटी-पंजीकृत फर्मों में लेनदेन दिखाते थे। पुलिस ने बताया कि मामले में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आगे की जांच जारी है।

## विधानसभा उपचुनाव : पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर तृणमूल कांग्रेस को मिली जीत



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में स्थित कालीगंज विधानसभा सीट पर हुए उप चुनाव में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार अलीफा अहमद ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार आशीष घोष को 50,049 मतों के अंतर से हराया है। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर सोमवार को मतगणना के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। अलीफा अहमद ने अपने पिता नसीरुद्दीन अहमद के 2021 के जीत के अंतर को बेहतर किया, जिनका इस साल फरवरी में निधन होने के कारण यह सीट खाली हुई थी। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर जारी आंकड़ों के मुताबिक, अंतिम 23वें चक्र की मतगणना के बाद अलीफा को 1,02,759 वोट मिले, जबकि घोष को 52,710 वोट मिले। वाम दलों द्वारा समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार काबिल उद्दीन शेख 28,348 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। अलीफा अहमद को 2021 में पिता को मिले कुल 1,11,696 मतों से लगभग 9,000 मत कम मिले, लेकिन उनकी जीत का अंतर चार साल पहले नसीरुद्दीन के 46,987 वोटों के अंतर से अधिक है। बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''क्षेत्र के सभी धर्मों, जातियों, नस्लों और पेशे के लोगों ने कालीगंज विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करके हमें अपार आशीर्वाद दिया है। मैं विनम्रतापूर्वक उनके प्रति आभार व्यक्त करती हूं। इस जीत के मुख्य सूत्रधार 'मां, माटी और मानुष' हैं। कालीगंज के मेरे साथियों ने इसके लिए अथक परिश्रम किया है। मैं उन्हें भी अपनी हार्दिक बधाई देती हूं। सभी को मेरा प्रणाम और वंदन।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''दिवंगत विधायक नसीरुद्दीन अहमद को याद करते हुए मैं यह जीत मातृभूमि और बंगाल की जनता को समर्पित करती हूं। सभी को मेरी बधाई और सलाम।''

## पहलगाम आतंकी हमला : एनआईए को दो आरोपियों की पांच दिन की हिरासत मिली

**जम्मू :** दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों को यहां की एक अदालत ने सोमवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की पांच दिन की हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपियों पर हमले में पाकिस्तानी आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप है। एनआईए ने रविवार को दो आरोपियों पहलगाम के बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क निवासी बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया था। यह हमले की जांच में पहली बड़ी सफलता थी। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे और 16 अन्य घायल हुए थे। एनआईए के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया है और यह भी पुष्टि की है कि वे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे। अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपियों को जम्मू के अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश रितेश कुमार दुबे की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 27 जून को पांच दिन के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया गया।

### पहलगाम हमले में संलिप्त आतंकवादियों की पहचान के बारे में ठोस सबूत जुटाए: एनआईए

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सोमवार को कहा कि उसने पहलगाम आतंकवादी हमले में संलिप्त आतंकवादियों की पहचान के बारे में ठोस सबूत जुटाए हैं। संघीय एजेंसी ने यह भी कहा कि उचित समय पर विवरण को सार्वजनिक किया जाएगा। आतंकवाद रोधी एजेंसी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की जांच कर रही है जिसमें 26 लोग मारे गए थे। एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एनआईए ने रविवार को दो स्थानीय लोगों- परवेज अहमद जोथर और बशीर अहमद जोथर को हमले में संलिप्त तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एनआईए ने एक बयान में कहा कि तीनों पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े हैं।

## भारत ने पाकिस्तानी एयरलाइन के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद रखने की अवधि 24 जुलाई तक बढ़ाई

### पाकिस्तान ने भी भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध एक महीने बढ़ाया



**नयी दिल्ली :** भारत ने सोमवार को पाकिस्तानी विमानन कंपनियों द्वारा संचालित उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद रखने की अवधि एक महीने के लिए बढ़ाकर 24 जुलाई तक कर दी है। भारतीय हवाई क्षेत्र 30 अप्रैल से पाकिस्तानी विमानन कंपनियों और ऑपरेटर द्वारा संचालित, या उनके स्वामित्व वाले या उनके द्वारा पट्टे पर लिए गए विमानों, जिनमें सैन्य उड़ानें भी शामिल हैं, के लिए बंद है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद पाकिस्तान के खिलाफ सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों के तहत यह प्रतिबंध लगाया गया था। शुरू में प्रतिबंध 24 मई को समाप्त होना था, लेकिन इसे 24 जून तक बढ़ा दिया गया था। सोमवार को एक नया एनओटीएएम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया गया, जिसमें पाबंदी को एक महीने और बढ़ाकर 24 जुलाई, 2025 तक कर दिया गया। एनओटीएएम के अनुसार, भारतीय हवाई क्षेत्र पाकिस्तान में पंजीकृत विमानों और पाकिस्तानी विमानन कंपनियों और ऑपरेटरों द्वारा संचालित, उनके स्वामित्व वाले या पट्टे पर लिए गए विमानों, जिनमें सैन्य उड़ानें भी शामिल हैं, के लिए उपलब्ध नहीं होगा। इस बीच, पाकिस्तान ने भी भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने की अवधि एक महीने बढ़ाकर 24 जुलाई तक कर दी है। भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित करने के बाद 24 अप्रैल को पाकिस्तान ने 24 मई तक भारत के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दिया था। बाद में हवाई क्षेत्र पर इस प्रतिबंध को 24 जून तक बढ़ा दिया गया था।

## मिजोरम और गोवा के बाद त्रिपुरा देश का तीसरा पूर्ण साक्षर राज्य बना

**अगरतला :** त्रिपुरा सोमवार को देश का पूर्ण साक्षर राज्य बन गया। इसके साथ ही वह मिजोरम तथा गोवा के बाद ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाला देश का तीसरा राज्य हो गया। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने यहां रवींद्र भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री माणिक साहा की मौजूदगी में यह घोषणा की। इस अवसर पर अपने संबोधन में साहा ने इस उपलब्धि को त्रिपुरा के लिए एक एतिहासिक और गौरवपूर्ण पल करार दिया। उन्होंने कहा, ''मिजोरम और गोवा के बाद त्रिपुरा अब भारत का तीसरा पूर्ण साक्षर राज्य बन गया है। मैं हर उस व्यक्ति को बधाई देता हूं जिसने इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपना योगदान दिया।'' साहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए साक्षरता एक महत्वपूर्ण घटक है। उन्होंने कहा कि अशिक्षा से छुटकारा पाने वाले लोगों को देश के लाभ के लिए अपने कौशल को उन्नत करने के मकसद से 'पढ़ना और लिखना' जारी रखना चाहिए।

### नारायण गुरु और गांधी के बीच वार्तालाप के शताब्दी समारोह का उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के दो महानतम आध्यात्मिक और नैतिक नेताओं श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक वार्तालाप के शताब्दी समारोह का आरंभ आज करेंगे।

### भारत ने सिंधु जल संधि के तहत पानी देने से इनकार किया तो पाकिस्तान युद्ध करेगा : बिलावल भुट्टो

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने सोमवार को कहा कि यदि भारत सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के तहत इस्लामाबाद को पानी का उचित हिस्सा देने से इनकार करता है, तो उनका देश युद्ध की ओर बढ़ेगा। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के तुरंत बाद भारत ने 1960 के समझौते को स्थगित कर दिया था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले हफ्ते इस ऐतिहासिक समझौते को कभी बहाल न करने की घोषणा की थी।

## इजराइल से 443 भारतीयों का दूसरा जत्था जॉर्डन और मिस्र के रास्ते रवाना

**यरुशलम :** इजराइल से बाहर निकाले गए 443 भारतीय नागरिकों का दूसरा जत्था सोमवार को 175 और 268 लोगों के दो समूहों में जॉर्डन और मिस्र के रास्ते स्वदेश के लिए रवाना हुए। इसी के साथ युद्धग्रस्त देश से दो दिनों में निकाले गए भारतीयों की कुल संख्या 603 हो गई है। जॉर्डन के लिए 160 लोगों का पहला जत्था रविवार को रवाना हुआ था जहां से वे आज स्थानीय समयानुसार दोपहर 2:15 बजे विमान में सवार हुए। यह जानकारी विमान पर सवार एक व्यक्ति ने प्रस्थान से पहले 'पीटीआई-भाषा' को दी। इजराइल की सीमा पार करने वाले 443 लोग सोमवार को जॉर्डन और मिस्र से उन दो अलग-अलग विमानों में सवार होंगे जिनका प्रबंध विदेश मंत्रालय ने उन देशों में भारतीय मिशनों के समन्वय से किया है। नयी दिल्ली और तीनों मिशनों के बीच जटिल और समन्वित प्रयास ने इजराइल में भारतीयों को बड़ी राहत दी है, जो लगातार गूंजते सायरन से जूझ रहे थे और ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमले से बचने के लिए अक्सर बंकरों और सुरक्षित कमरों में शरण ले रहे थे।

## प्रधानमंत्री का बहुआयामी व्यक्तित्व, वैश्विक मंच पर भारत के लिए अहम पूंजी : थरूर



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऊर्जा, उनका बहुआयामी व्यक्तित्व और संवाद की तत्परता वैश्विक मंच पर भारत के लिए एक ''अहम पूंजी'' बनी हुई है, लेकिन इसे अधिक सहयोग एवं समर्थन की जरूरत है। उनकी यह टिप्पणी एक बार फिर कांग्रेस को असहज स्थिति में डाल सकती है तथा पार्टी नेतृत्व के साथ उनके संबंधों में दरार और गहरी हो सकती है। प्रधानमंत्री के लिए थरूर की प्रशंसा ऐसे समय आई है जब कांग्रेस विदेश नीति को लेकर मोदी सरकार पर निरंतर हमले कर रही है और आरोप लगा रही है कि भारतीय कूटनीति चरमरा गई है और देश विश्व स्तर पर ''अलग-थलग'' पड़ गया है। थरूर ने अंग्रेजी दैनिक 'द हिंदू' के लिए लिखे एक लेख में कहा कि ''ऑपरेशन सिंदूर'' के बाद किया गया राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर थरूर के इस लेख को साझा किया और कहा, लोकसभा सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. शशि थरूर लिखते हैं: ''ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित वैश्विक पहुंच से सबक।'' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने थरूर द्वारा प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करने को लेकर कांग्रेस पर कटाक्ष किया और कहा कि तिरुवनंतपुरम से सांसद ने राहुल गांधी को ''बेनकाब'' कर दिया है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''शशि थरूर ने स्वीकार किया है कि प्रधानमंत्री मोदी का बहुआयामी व्यक्तित्व और वैश्विक पहुंच भारत के लिए रणनीतिक रूप से लाभकारी है।'' भंडारी ने कहा, ''शशि थरूर ने राहुल गांधी को बेनकाब कर दिया है।'' लेख में थरूर ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऊर्जा, उनका बहुआयामी व्यक्तित्व और संवाद की तत्परता वैश्विक मंच पर भारत के लिए एक अहम पूंजी बनी हुई है, लेकिन इसे अधिक समर्थन की आवश्यकता है। पहलगाम आतंकी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' सैन्य अभियान के बाद भारत के रुख से अवगत कराने के लिए अमेरिका और चार अन्य देशों में गए बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख थरूर ने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था। इसने इस बात पुष्टि की है कि भारत एकजुट होने पर अपनी आवाज स्पष्टता और दृढ़ विश्वास के साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रख सकता है।''



## फिर जिसकी लाठी उसकी भैंस का दौर

आखिरकार ना–नुकर के प्रपंच के बाद अमेरिका ने घातक बी–2 स्टील्थ बॉम्बर्स से हमला करके ईरान की तीन न्यूक्लियर साइट तबाह करने का दावा किया है। लगता है कि ईरान का परमाणु सपना हमले के साथ ही बिखर गया है। हाल में उसके कई परमाणु वैज्ञानिक इस्राइली हमलों में मारे गए थे। एक सप्ताह पूर्व इस्राइल ने ईरान के सैन्य स्थलों, भारी जल रिएक्टर तथा नागरिक ठिकानों पर भी हमले किए हैं। इस्राइल दावा करता रहा है कि ईरान उसके अस्तित्व को मिटाना चाहता है और परमाणु बम बनाने के करीब है। वहीं अमेरिका के शीर्ष रक्षा सूत्र ईरान के पास परमाणु बम की मौजूदगी से इनकार करते हैं। हालांकि, पिछले दिनों ईरान ने परमाणु मामले पर अंतर्राष्ट्रीय बातचीत का क्रम शुरू किया था, लेकिन पहले इस्राइली और फिर अमेरिकी हमलों ने अब ऐसी किसी संभावना को खारिज कर दिया है। उल्लेखनीय है कि ईरान परमाणु अप्रसार संधि का हिस्सा नहीं है। बहरहाल, इस्राइली हमलों के जवाब में ईरान ने तेल अवीव व अन्य शहरों पर जमकर मिसाइलें बरसाई हैं। हालांकि, इस्राइल की वायुरक्षा प्रणाली ने अधिकांश को विफल कर दिया है। इस्राइल के कुछ रक्षा प्रतिष्ठान, स्कूल व अस्पताल ईरान के हमलों की जद में आए हैं। चिंताजनक बात यह है कि लगातार कबीलाई होता संघर्ष दो मुल्कों तक सीमित रहने के बजाय विस्तार लेने की स्थिति में पहुंच गया है। रूस व चीन की चिंताओं के बीच यह युद्ध दुनिया को दो खेमों में बांट सकता है।

ऐसा भी नहीं है कि ईरान में सब कुछ ठीक है। निरंकुश सर्वोच्च ईरानी नेता अली खामेनेई धार्मिक कट्टरता और स्वतंत्र–प्रगतिशील सोच के दमन के लिये भी जाने जाते हैं। ईरान की बड़ी आबादी खामेनेई के खिलाफ खड़ी रही है। लेकिन इस संघर्ष का बड़ा खतरा विश्व के नये ध्रुवीकरण के रूप में सामने आ सकता है। कहा जाता रहा है कि ईरान के परमाणु व मिसाइल कार्यक्रम में रूस की बड़ी भूमिका रही है। लेकिन एक बड़ा संकट यह भी है कच्चे तेल के बड़े स्रोत मध्यपूर्व में इन हमलों के चलते पूरी दुनिया में पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में भारी उछाल आ गया है। इस संघर्ष के मूल में कच्चे तेल की कूटनीति भी रही है। मध्यपूर्व की अशांति से तेल उत्पादक महाशक्तियों को भारी मुनाफा होता है। कच्चे तेल के दामों में भारी तेजी के कारण कोरोना संकट के बाद पटरी पर लौट रही दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को एक बार फिर से झटका लग सकता है। बड़ा संकट यह भी है कि इस टकराव का असर उस होरमुज की खाड़ी पर भी हो सकता है जहां से वैश्विक स्तर पर 21 फीसदी कच्चे तेल की सप्लाई होती है। बहरहाल, इस्राइल व ईरान के संघर्ष और उसमें अमेरिका के कूदने से पूरा मध्यपूर्व अनिश्चितता के भंवर में फंसता नजर आ रहा है। ऑपरेशन राइजिंग लायन शुरू करने से पहले भी इस्राइल हमास, हिजबुल्लाह व हूती विद्रोहियों से लड़ रहा था, इस नये मोर्चा खोलने से इस्राइली जनता की मुश्किलें भी और बढ़ गई हैं।

## घटता जल और बढ़ती प्यास : जल संचयन का अमृत प्रयास



बाल मुकुन्द ओझा

देश में हर साल मानसून आता है और सर्वत्र बारिश होती है, इसके बावजूद लोग पानी के लिए तरस जाते है। इसका एक मुख्य कारण है हम वर्षा जल का संचयन नहीं कर पाते। मौसम विभाग की माने तो मानसून भारत में प्रवेश कर चुका है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक बारिश शुरू हो गई है। मानसून अपने साथ अपार खुशियां लेकर आता है। लोगों को पीने के लिए जहाँ पानी मिलता है वहां किसान अपने खेतों में बुवाई शुरू कर देते है। बारिश से कई जगह बाढ़ की हालत भी हो गई है। वर्षा जल की एक–एक बूंद अनमोल है। जल है तो जीवन है। इसका संचय, संरक्षण से ही मानव जीवन की रक्षा संभव है। जल की अनावश्यक बर्बादी नहीं होने दें। जल संरक्षण के लिए सभी को जागरूक होना होगा और सामूहिक प्रयास करना होगा। इससे जल संरक्षण की दिशा में बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे।

वर्षा के जल को किसी खास माध्यम से संचय करने या इकट्ठा करने की प्रक्रिया को वर्षा जल संचयन कहा जाता है। विश्व भर में पेयजल की कमी एक संकट बनती जा रही है। इसका कारण पृथ्वी के जलस्तर का लगातार नीचे जाना भी है। इसके लिये अधिशेष मानसून अपवाह जो बहकर सागर में मिल जाता है, उसका संचयन और पुनर्भरण किया जाना आवश्यक है ताकि भूजल संसाधनों का संवर्धन हो पाये। अकेले भारत में ही व्यवहार्य भूजल भण्डारण का आकलन 214 बिलियन घन मी. (बीसीएम) के रूप में किया गया है जिसमें से 160 बीसीएम की पुन प्राप्ति हो सकती है। इस समस्या का एक समाधान जल संचयन है। यहाँ सवाल यह उत्पन्न होता है की भारी मात्रा में मानसूनी जल उपलब्ध होने के बावजूद हम जल संकट सामना क्योंकर कर रहे है। इसका जवाब है हमने अपने परंरागत जल श्रोत समाप्त कर दिए। भारत को कुए, बावड़ी टांकों और तालाबों का देश कहा जाता है। यहाँ लाखों की संख्या में परंपरागत जल श्रोत थे। नदियां हर समय पानी से लबालब भरी होती थी। इसके बावजूद हम जल समस्या का सामना कर रहे है। यह समस्या हर साल गहराती जा रही है। खेत तो दूर की बात पीने को भी पानी नहीं मिल रहा है। यही कारण है की भारत सरकार ने जल शक्ति मंत्रालय का गठन कर जल संचयन का बीड़ा उठाया है। हमारे देश में हर साल मानसून में बहुत सा पानी व्यर्थ बह जाता है जिसके संचयन की कारगर व्यवस्था अब तक नहीं खोजी जा सकी है। साल भर में होने वाली बारिश का कम से कम 31 प्रतिशत पानी धरती के भीतर रिचार्ज के लिए जाना चाहिए। जब की केवल 13 प्रतिशत पानी ही धरती में समाता है। रिचार्ज नहीं होने की वजह से भूगर्भ में पानी की कमी हो जाती है और उसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ता है।

मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि इस वर्ष देश में बंपर बारिश हो सकती है। इस अच्छी बारिश का संचय कर पेयजल संकट से निपटने के साथ खेतों में बंपर पैदावार हासिल की जा सकती है। देश इस समय भीषण जल संकट से गुजर रहा है और इस आसन्न संकट पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो हालत बदतर होने की सम्भावना है। भारत अब तक के सबसे बड़े जल संकट से जूझ रहा है। देश के करीब 60 करोड़ लोग पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। करीब 75 प्रतिशत घरों में पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। साथ ही, देश में करीब 70 प्रतिशत पानी पीने लायक नहीं है। साफ और सुरक्षित पानी नहीं मिलने की वजह से हर साल करीब दो लाख लोगों की मौत होती है। पृथ्वी पर कुल जल का अढ़ाई प्रतिशत भाग ही पीने के योग्य है। इनमें से 89 प्रतिशत पानी कृषि कार्यों एवं 6 प्रतिशत पानी उद्योग कार्यों पर खर्च हो जाता है। शेष 5 प्रतिशत पानी ही पेयजल पर खर्च होता है। यही जल हमारी जिन्दगानी को संवारता है। अगर बरसात के बाद नदी–नालों से बहने वाले पानी का प्रभावी तरीके से संग्रहण किया जाय तो पानी कई गुना और ज्यादा मिलने लगेगा। वैश्विक संस्थाओं की लगातार चेतावनियों का लगता है लोगों पर कोई असर नहीं पड़ा है। विभिन्न संगठनों की पानी सम्बन्धी रिपोर्टों में साफ कहा गया है की भूगर्भ में अब पानी नहीं रहा है और वर्षात का पानी सहेजने में हम नकारा साबित हुए है। विशेषकर भारत में पानी के प्रति घोर लापरवाही का परिणाम आम आदमी को शीघ्र भुगतना होगा। दुनियाभर में 200 करोड़ से ज्यादा लोग साफ पानी और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।

## ऐसे तो ट्रंप को नही मिलेगा नोवेल शांति पुरस्कार



अशोक मधुप

अमेरिका के दूसरी बार बने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने को दुनिया का शांति का अग्रदूत साबित करने में लगे हैं।वे कहते रहे हैं कि भारत पाकिस्तान युद्ध उनके कहने पर रूका।रूस यूक्रेन युद्ध रूकवाने के लिए वे प्रयासरत है। वे चाहते हैं कि उन्हें नोवेल शांति पुरस्कार मिले,उधर वह ईरान पर हमला करते हैं। कहते हैं कि उन्होंने बड़ा काम किया है।इससे इस्राइल ईरान युद्ध रूक जाएगा। उनकी करनी और कथनी में जमीन आसमान का फर्क दीख रहा है और लग रहा है कि इस हालात में तो उन्हें शांति के लिए नोविल पुरस्कार नही मिलने वाला। रूस के पूर्व राष्ट्रपति और रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमला करके एक नया युद्ध शुरू कर दिया है। ऐसे में तो उन्हें इस तरह की सफलता के साथ ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा।

डोनाल्ड ट्रम्प दूसरी बार पूर्ण बहुमत से सत्ता में आए हैं। पूरे चार वर्ष हैं उनके पास। वे अपने दुश्मनों से दोस्तों को लड़ाकर रास्ते पर रहें या हठ जाएं , उनकी राष्ट्रपति वाली कुर्सी पर कोई फर्क नहीं पड़ता। रूस और ईरान अमेरिका के परंपरागत शत्रु हैं। उन्होंने नाटो देशों के साथ मिलकर यूक्रेन को ताकतवर रूस से भिड़ा दिया , इससे यूक्रेन तो बर्बाद हो ही गया। रूस की भी बड़ी शक्ति इस लड़ाई में व्यय हो रही है। हाल ही में अमेरिका ने ईरान के तथाकथित तीन परमाणु ठिकानों पर हमला किया। ट्रंप कह रहे हैं कि ईरान के पास परमाणु बम है।परमाणु बम बनाने वाले तीनों केंद्रों पर उन्होंने हमला किया है, जबकि अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तुलसी गैबार्ड कह रही हैं कि ईरान के पास परमाणु बम नहीं है। पुतिन बता रहे हैं कि ईरान के पास परमाणु बम नहीं है।। अमेरिका ने ही इसराइल से कहा कि यहूदियों का खत्मा करने के लिए ईरान ने परमाणु बम बना लिया है , यह कह कर उसने इजरायल को ईरान से भिड़ा दिया।

अमेरिका के इस हमले के बाद रूस और चीन का क्या रवैया रहेगा,यह अभी स्पष्ट नही हुआ, हो सकता है कि यह खुल कर ईरान के साथ न आएं किंतु युद्ध सामग्री और तेजी से ईरान को उपलब्ध कराएंगे।ईरान की जरूरत के घातक हथियार उसे बेचेंगे।किंतु अगर ये खुलकर सामने आ गए तो तै है कि यह युद्ध तीसरे विश्व युद्ध में बदल सकता है। लगता है कि ट्रंप ने ईरान में हमला करके पूरे विश्व की शांति को खतरे में डाल दिया। इससे सारे मुस्लिम देश एक मोर्चे पर आ जाएंगे।उम्मीद है कि इस हमले के बाद यमन के मुस्लिम आंतकी संगठन अमेरिका के विरूद्ध एकजुट हो जाएंगे।

अमेरिका ने रूस को तोड़ने के लिए ओसामा बिन लादेन जैसे आंतकी को इस्तमाल किया। उन्हें प्रश्य दिया।अमेरिका के इराक पर हमले से लादेन नाराज हो गया।उसने अमेरिका के ट्रेड सैंटर पर हमला कर इसका बदला लिया। अब फिर मुस्लिम आंतकी संगठन एक हो अमेरिका के विरूद्ध खड़े हो जाएंगे। इस क्षेत्र में ईरान के सहयोगी मिलीशिया, जिनमें यमन में हूती, लेबनान में हिज़बुल्ला और इराक के सशस्त्र समूह, लड़ाई में शामिल नहीं हुए हैं. पिछले दो साल में उनमें से कई गंभीर रूप से कमज़ोर हो गए हैं, फिर भी वे ईरानी सहयोगी लड़ाई में शामिल हो सकते हैं। इस्लामिक आंतकी संगठन हूति और लेबनान में हिज़बुल्ला ने दक्षिण में एक महत्वपूर्ण तेल शिपिंग चैनल, रेड सी और बाब एल मंडेब जलडमरूमध्य पहले भी इस्राइल समर्थक कटेनर ले जाने वाले जहाज पर पहले भी हमला कर चुके हैं। अब ये जलडमरूमध्य को बंद करके या उसमें यातायात को बाधित करके वैश्विक तेल की कीमतों में तेजी जरूर पैदा कर सकते हैं, जो अब अमेरिकी हमले के बाद और ऊँची जाएगी। यहां से गुजरने वाले अमरिकी समर्थक देशों के शिपिंग कंटेनर पर ही नही और भी अमेरिकी समर्थक देशों पर हमले और बढ़ेंगे।

जहां तक भारत का सवाल है , इसराइल और ईरान दोनों भारत के घनिष्ट मित्र हैं। भारत का प्रयास होगा कि युद्ध रूके। भारत रूस यूक्रेन युद्ध के समय से ही कहता आ रहा है कि यह समय युद्ध का नही है।

ट्रंप भी अब तक भारत के सबसे बड़े मित्रों में से एक थे। लेकिन ट्रंप ने अपने स्वार्थों की खातिर भारत के दुश्मन पाकिस्तान से हाथ मिला लिया। पाकिस्तान से हाथ मिलाने का उसका मंतव्य भी स्पष्ट हो गया।सूचनाएं आ रही है कि ईरान पर हमले के लिए उसने पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र का इस्तमाल किया। ट्रंप ने हजारों करोड़ डॉलरों का लालच देकर पाकिस्तान को इस्लामिक जगत में नंगा कर दिया और पाकिस्तान को पता भी न चला ? यह तै है कि इसमें बाद अमेरिका पाकिस्तान को और ज्यादा मदद देगा, विमान और शस्त्रों की आपूर्ति करेगा।

भारत जो अब तक अमेरिका से आधुनिकतम लड़ाकू विमान और शस्त्र प्रणाली खरीदने की बात कर रहा था। उसे इस घटनाक्रम से चौकस होना होगा।यही वजह है कि भारत अब रूस से 5.5 जनरेशन के फाइटर प्लेन खरीदने की तैयारी में है। यही विमान अमेरिका हमें बेचना चाहता था। भारत पहले ही अपने शस्त्र और युद्धक विमान विकसित कर रहा था, उसे अब और चौकस होकर देश की सुरक्षा की रणनीति बनानी होगी।

ईरान ने अभी तक इसराइली हमलों का जवाब मिसाइल–प्रहारों से दिया है, लेकिन उसने पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैनिकों या ठिकानों पर हमला करने से परहेज़ किया है। उसने सऊदी अरब या संयुक्त अरब अमीरात जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका के सहयोगी अरब देशों पर भी हमला नहीं किया है।शुक्रवार को ईरानी विदेशमंत्री अब्बास अराग़ची ने कहा कि अगर अमेरिका ईरान पर हमला करेगा, तो देश को जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार है। ऐसे में यदि ईरान अमेरिका और मित्र देशों पर हमला करता है तो युद्ध भड़क सकता है।

एक बात और पूरी दुनिया के देशों को सोचना होगा कि क्या किसी एक देश को ये ठेकेदारी दी जा सकती है कि वह तै करे कि कौन देश कौन सा हथियार रखेगा,कौन सा नही। प्रत्येक देश को अधिकार है कि यह अपनी देश की जरूरत के हिसाब से हथियार खरीदे और विकसित करे। अमेरिका और मित्र देश नही चाहते थे कि भारत परमाणु बम बनाए। वह उसे आर्थिक प्रतिबंध लगाने के लिए धमका रहे थे। उसके बाद भी भारत ने परमाणु बम का विस्फोट किया था। इसके बाद अमेरिका और मित्र देशों ने भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे।ऐसा ही भारत के रूस से एस400 मिसाइल सिस्टम खरीदते हुआ था। अमेरिका ने भारत को बार बार आर्थिक प्रतिबंध लगाने की धमकी दी। उधर भारत ने अमेरिका से लडाकू विमान के इंजिन लेने का सौदा किया, किंतु निर्धारित अवधि के काफी बाद भी भारत को इंजिन नही मिले।इससे साफ हो जाता है कि भारत को अपनी सुरक्षा के लिए ऐसी प्रणाली विकसित करनी होगी तो अमेरिका के दुश्मन देश की हो। यह भी कि उसे अपनी सुरक्षा प्रणाली विकसित करने पर युद्ध स्तर पर काम करना होगा।चीन भारत का दुश्मन देश है। फिर भी वह कभी भारत का सगा नही हो सकता। ऐसे में बस रूस ही बचा है।वह भारत का अजमाया और विश्वसनीय दोस्त है। वर्तमान हालात में उस पर भी पूरी तरह से यकीन नही किया जा सकता, क्योंकि वह यूक्रेन युद्ध में चीन पर निर्भर होता जा रहा है।ऐसे में हमें होगी। स्वनिर्मित प्रणाली के बूते पर अपनी युद्ध नीति स्वयं बनानी।

## यूक्रेन में रूस के हमले में नौ लोगों की मौत, कई घायल

**कीव :** यूक्रेन की राजधानी कीव पर रात में हुए रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गयी और अन्य लोग घायल हो गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बचावकर्मी और अग्निशमन कर्मी आंशिक रूप से क्षतिगस्त हुई एक इमारत के मलबे में फंसे लोगों को निकालने का प्रयास कर रहे हैं। प्राधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन के चेर्नीहीव प्रांत में रविवार देर रात रूस के छोटी दूरी के एक ड्रोन के हमले में दो लोगों की मौत हो गयी और 10 अन्य घायल हो गए। क्षेत्रीय प्रशासन प्रमुख वियाचेस्लाव चाउस के अनुसार, घायलों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। कीव से करीब 85 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में बिला त्सेरकवा शहर में एक व्यक्ति की मौत हुई और आठ अन्य घायल हुए हैं। यह हमला गत मंगलवार को यूक्रेन पर किए गए रूस के हमले के लगभग एक सप्ताह बाद हुआ है। एक सप्ताह पहले किए गए रूसी हमले में कीव में 28 लोग मारे गए थे, जिनमें से 23 लोग एक आवासीय इमारत में मारे गए थे, जो मिसाइल हमले के बाद ढह गई थी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस हमले को युद्ध की सबसे बड़ी बमबारी में से एक बताया। आपात सेवाओं ने बताया कि सोमवार तड़के रूस के ड्रोन और मिसाइलों ने कीव में रिहायशी इलाकों, अस्पतालों और खेल परिसरों को निशाना बनाया।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 24 जून, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ कृष्णपक्ष चतुर्दशी, 19:01 तक, नक्षत्र : रोहिणी, 12:54 तक, योग : शुला, 09:33 तक, सूर्योदय: 4:53, सूर्यास्त: 18:24, चन्द्रोदय : 03:16, चन्द्रास्त: 17:31, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 14:59 से 16:40

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन ठीक रहेगा। पुराने अनुभव से लाभ होगा। विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करनी होगी। करियर संबंधी अच्छी खबर मिल सकती है। क्रोध से बचें।

**वृष :** आज अपने कार्यों को समय पर पूरा करेंगे। नए लोगों से मुलाकात का लाभ मिलेगा। नए काम शुरू करते समय अति उत्साहित न हों। धन लाभ की स्थिति रहेगी।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कोई आपको शुभ सूचना देगा। नौकरी में प्रमोशन की संभावना है। अपनी बातों को मानने के लिए किसी पर दबाव न डालें।

**कर्क :** आज अपनी कार्यशैली में बदलाव कर सकते हैं। कटु वचन न कहें। जीवनसाथी से किसी काम में मदद मिलेगी। पारिवारिक समस्या दूर होगी। समझदारी से काम लें।

**सिंह :** आज इस राशि के जातकों को सावधान रहना होगा। पारिवारिक कार्यों में कुछ त्रुटि हो सकती है। किसी मुसीबत का सामना कर सकते हैं। जोखिम लेने से बचें।

**कन्या :** नए स्रोत से लाभ होगा। अपनी बातों पर अडिग रहें। कारोबार को लेकर जरूरी फैसले लेते समय जल्दबाजी न करें। आपको किसी कार्य में लाभ होगा। तनाव की स्थिति दूर होगी।

**तुला :** आज का दिन अच्छा रहेगा। धर्म–कर्म में मन लगेगा। परिवार के लोगों के साथ समय व्यतीत करेंगे। यात्रा के दौरान नए सुखद अनुभव होंगे। आध्यामिकता बढ़ेगी।

**वृश्चिक :** आज किसी काम से यात्रा कर सकते हैं। किसी को सलाह न दें, अन्यथा परेशानी बढ़ सकती है। अचानक किसी से विवाद हो सकता है। कारोबारियों को सावधान रहना होगा।

**धनु :** आज का दिन धनु राशि के जातकों के लिए शानदार रहेगा। आपका ससुराल पक्ष मजबूत होगा। तनाव की स्थिति दूर होगी। सेहत ठीक रहेगी। संभलकर खर्च करें।

**मकर :** आज का दिन सामान्य रहने वाला है। एकांत में रहना पसंद करेंगे। किसी काम को लेकर चिंता रहेगी। करियर संबंधी सूचना मिलेगी। अधिकारी वर्ग से मदद मिल सकती है।

**कुम्भ :** पूर्व के निवेश से लाभ हो सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अजनबियों से सौदे न करें। कार्यस्थल पर कुछ अच्छी खबर मिलेगी। कीमती सामानों की सुरक्षा करें।

**मीन :** सेहत को लेकर चल रही परेशानी दूर होगी। आपको अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है। धर्म–कर्म में मन लगेगा। किसी की मदद कर सकते हैं। नौकरी में प्रमोशन की खबर मिल सकती है।

## विदेश की खबरें

## शेख हसीना की भतीजी ने बांग्लादेश सरकार पर 'दुष्प्रचार अभियान' चलाने का आरोप लगाया

**लंदन :** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की भतीजी, ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप सिद्दीक ने ढाका में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए ''दुष्प्रचार अभियान'' चलाने का सोमवार को आरोप लगाया। लंदन में रहने वाली सिद्दीक ने अपने परिवार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद इस वर्ष के शुरू में ब्रिटेन की वित्त मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। वह ब्रिटेन की राजधानी के हैम्पस्टेड और हाईगेट निर्वाचन क्षेत्र से सत्तारूढ़ लेबर पार्टी का प्रतिनिधित्व करती हैं। बांग्लादेश के भ्रष्टाचार रोधी आयोग (एसीसी) ने शेख हसीना के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार के संबंध में सिद्दीक के खिलाफ जांच शुरू की है। पिछले



वर्ष छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद हसीना की सरकार को अपदस्थ कर दिया गया था। सिद्दीक के वकीलों द्वारा यूनुस को भेजे गए पत्र में कहा गया है, ''अब समय आ गया है कि मुख्य सलाहकार (यूनुस) और एसीसी सिद्दीक की प्रतिष्ठा को धूमिल करने और उनकी सार्वजनिक सेवा में हस्तक्षेप करने के पूरी तरह से गलत और गैरकानूनी अभियान को बंद कर दें।'' 'स्काई न्यूज' के अनुसार, सिद्दीक की कानूनी टीम का दावा है कि अंतरिम नेता ने उनके खिलाफ जांच में अनुचित रूप से पक्षपात किया है। सिद्दीक ने इस महीने की शुरुआत में यूनुस की ब्रिटेन यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात का अनुरोध किया था, जिसे मुख्य सलाहकार ने खारिज कर दिया था। सिद्दीक (42) ने किसी भी गड़बड़ी के आरोपों से लगातार इनकार किया है। उन्होंने जनवरी में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर को अपना इस्तीफा भेजा था। सिद्दीक ने कहा था कि स्टॉर्मर के 'मंत्रियों के हितों पर स्वतंत्र सलाहकार' ने उन्हें ब्रिटेन के मंत्रिस्तरीय संहिता का उल्लंघन करते हुए नहीं पाया था और कहा कि उन्होंने ''अनुचित तरीके से काम नहीं किया है''।

## बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त को चुनाव में हेराफेरी के मामले में गिरफ्तार किया गया

**ढाका :** बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के एम नूरुल हुदा को उनके कार्यकाल के दौरान चुनावों में हेराफेरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। ढाका महानगर पुलिस के उपायुक्त मोहिदुल इस्लाम ने रविवार को कहा कि हुदा को पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) द्वारा उनके और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित 18 अन्य के खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। 'डेली स्टार' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने कहा कि यह शायद पहली बार है कि चुनाव से संबंधित मुद्दों पर किसी पूर्व सीईसी को हिरासत में लिया गया है। इससे पहले दिन में, 77 वर्षीय हुदा पर उनके उत्तरा स्थित आवास के बाहर भीड़ ने हमला कर दिया था। हुदा ने 2014, 2018 और 2024 में चुनावों का आयोजन कराया था। उत्तरा पश्चिम पुलिस थाने के प्रमुख हाफिजुर रहमान ने कहा, ''हमें सूचना मिली थी कि भीड़ ने हुदा को घेर लिया है, जिसके बाद हम घटनास्थल पर गए थे। हमने उन्हें हिरासत में ले लिया है।'' एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि भीड़ ने ढाका के उत्तरा इलाके में स्थित हुदा के आवास पर धावा बोल दिया और पुलिस के पहुंचने से पहले ही उन्हें घर से बाहर खींच लिया। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में लोगों का एक समूह हुदा को जूतों से पीटता, उन्हें जूतों की माला पहनाता और उनके ऊपर अंडे फेंकते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो में भीड़ उन्हें गाली देती हुई और पुलिस के घटनास्थल पर पहुंचने के बाद भी पीटती नजर आ रही है।

## बांग्लादेश : शेख हसीना की पार्टी की पूर्व सांसद विभिन्न आरोपों में गिरफ्तार

**ढाका :** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग की एक पूर्व सांसद को सोमवार को भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा भड़काने और देश के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मीडिया ने यह खबर दी। यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश की खबर के मुताबिक ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) ने नवाबगंज उपजिला की आरक्षित सीट से पूर्व सांसद सबीना अख्तर तुहिन को गिरफ्तार किया। डीबी (उत्तर) के संयुक्त आयुक्त मोहम्मद रबीउल हुसैन भुइयां ने बताया कि तुहिन पर भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा भड़काने और देश के खिलाफ साजिश रचने को लेकर कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, पूर्व निर्दलीय सांसद मोहम्मद फैसल बिप्लब को पिछले साल जुलाई में हुए आंदोलन से जुड़े एक हत्या मामले में रविवार शाम को एक अन्य डीबी टीम ने गिरफ्तार किया।

## वर्ग पहेली नं. 3132

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | |
| | ■ | ■ | 6 | | | | ■ | | ■ |
| 7 | 8 | | | ■ | | ■ | 9 | | 10 |
| ■ | | ■ | ■ | 11 | ■ | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | | 14 | | 15 | ■ | 16 | 17 | |
| 18 | | ■ | 19 | | | 20 | ■ | | ■ |
| 21 | | 22 | ■ | ■ | 23 | | 24 | | ■ |
| | ■ | 25 | | 26 | | ■ | | ■ | 27 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 28 | | | |

**बायें से दायें:-** 1) बेबस, 3) भड़कना, 6) संकट, 7) भिड़ना, 9) पेशगी, 12) एक ग्रह, 13) कटुता, 16) गर्मजोशी, 18) पिसान, 19) शरारत, 21) शवयात्रा, 23) एक वाहन, 25) प्रक्षेपास्त्र, 28) घुमक्कड़ी.

**ऊपर से नीचे:-** 1) क़रीबी, 2) एक नदी, 3) भूमिखंड; जमात, 4) नहीं, 5) अपराधी संगटन, 8) अति क्रोध से दाँत पीसना, 9) उचित प्रमाण से अधिक, 10) चिंताजनक, 11) अनर्थ, 14) धन्य, 15) सिक्के बनाने का स्थान, 17) पगला, 18) इन दिनों, 20) निर्धारित, 22) ज़मानत, 24) भाड़ा, 26) मुहब्बत, 27) शिशु के लिए पालना - गीत.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | र | सा | त | ■ | च | क | ना | चू | र |
| ग़ | ■ | म | र | ह | म | ■ | ■ | हा | ■ |
| ल | गा | ना | ■ | या | क | ■ | बो | ■ | ग़ौ |
| ■ | ग | ■ | हि | त | ■ | ब | रा | ब | र |
| ■ | र | हि | त | ■ | स | स्ता | ■ | र | ■ |
| अ | ■ | ■ | चिं | पां | जी | ■ | ■ | क | ल्ला |
| वि | सं | ग | त | ■ | व | सी | य | त | ■ |
| श्वा | ■ | ह | क | ला | ■ | ल | ■ | ■ | घि |
| स | म्मा | न | ■ | र | ह | न | स | ह | न |

## सुडोकू-पहेली-3089

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 9 | | | | | | |
| | 6 | | | | | | 5 | |
| | | | 5 | 3 | | | | |
| | | 7 | 4 | 8 | | | | |
| | 4 | 3 | 6 | | | | 8 | |
| | | | | | 5 | 4 | | |
| | | | | | 9 | | 4 | 2 |
| 9 | | | | | | 7 | | |
| | | | 7 | 4 | | 9 | 6 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3–3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3088 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 1 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 4 | 6 | 2 | 5 | 1 | 9 |
| 6 | 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 6 | 1 | 9 | 2 |
| 5 | 1 | 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 9 | 4 | 1 | 3 | 8 | 7 | 5 | 6 |
| 1 | 3 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 | 2 | 5 |
| 4 | 6 | 7 | 3 | 2 | 5 | 9 | 8 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 7 | 4 |

# कालीगंज में तृणमूल के विजय जुलूस से चले बम! बच्ची की मौत

**❑ टीएमसी के विजय जुलूस से माकपा समर्थक के घर पर बम फेंकने का आरोप**

**❑ मुख्यमंत्री ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के दिए निर्देश**

**कोलकाता :** विधानसभा उपचुनाव की मतगणना के दिन बंगाल के नदिया जिले के कालीगंज में सोमवार को बम विस्फोट में नौ वर्षीय लडक़ी की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार कालीगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मेलेंदी में सोमवार दोपहर को हुए बम विस्फोट में लडक़ी कथित रूप से घायल हो गई थी। अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है।



मृतका का नाम तमन्ना खातून है। वह चौथी कक्षा की छात्रा थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम विस्फोट के कारणों की जांच कर रहे हैं। पुलिस ने इस घटना में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसका नाम आफताब शेख है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार कालीगंज उप-चुनाव में जीत की पुष्टि होते ही स्थानीय तृणमूल नेतृत्व ने विजय जुलूस निकाला था। स्थानीय लोगों के एक वर्ग ने आरोप लगाया कि तृणमूल के विजय जुलूस से एक माकपा समर्थक के घर को निशाना बनाकर बम फेंका गया, जिसमें नाबालिग लडक़ी गंभीर रूप से जख्मी गई। उसे लहूलुहान अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतका की मां सबीना यास्मीन ने कहा कि हम लोग माकपा समर्थक हैं। बम फेंकने वाले सभी तृणमूल समर्थक थे।

**❑ ममता बनर्जी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए लिखा,**

नदिया जिले के कृष्णनगर पुलिस क्षेत्र के बारोचांद के एक घर में हुए विस्फोट में एक बच्ची की मौत की खबर से मैं स्तब्ध और अत्यंत दुखी हूं। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं परिवार के साथ हैं। पुलिस दोषियों के खिलाफ कठोर और निर्णायक कानूनी कार्रवाई करेगी।

### कांग्रेस का कोलकाता में प्रदर्शन : 13 वर्षीय लड़की की मौत पर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध

**विस्फोट में लड़की की मौत के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोलकाता में राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाते हुए विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने पश्चिम बंगाल में पोस्ट पोल्स की कानून-व्यवस्था की स्थिति में विफलता जैसे नारे लिखे हुए पोस्टर और बैनर हाथ में लिए हुए थे।**

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य सचिवालय में बांग्लादेश के नए उच्चायुक्त से मुलाकात की

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य सचिवालय में सोमवार को बांग्लादेश के नवनियुक्त उच्चायुक्त एम. रियाज हमीदुल्ला से मुलाकात की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन दोनों की इस बातचीत के दौरान मुख्य सचिव मनोज पंत भी मौजूद थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां बताया, ''यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी।'' सूत्रों ने दावा किया कि बनर्जी और बांग्लादेश उच्चायुक्त के बीच तकरीबन नौ वर्षों में ये पहली बैठक हुई। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब कुछ दिन पहले ही ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर केंद्र सरकार से आग्रह किया था कि वह



बांग्लादेश सरकार से बात करे और हाल ही में बांग्लादेश के शहजादपुर, सिराजगंज स्थित ऐतिहासिक कचहरी हाउस (जिसे रवींद्र कचहरीबाड़ी के नाम से भी जाना जाता है) में हुई तोड़फोड़ की घटना की जांच कराए। यह भवन टैगोर परिवार का पुश्तैनी घर और राजस्व कार्यालय था।

पूर्व रेलवे

**संक्षिप्त निविदा सूचना संख्या: ईएल-एएसएन - सीओएन - टीआरएल - 173 - 2025-एनआईटी, दिनांक: 20.06.2025।** उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, आसनसोल, पश्चिम बर्दवान, आसनसोल-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता तथा उचित अनुभव रखने वाले अनुभवी विद्युतीय ठेकेदारों, भागीदारी फर्मों आदि से ई-निविदा पद्धति के जरिये खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: ईएल-एएसएन-सीओएन-टीआरएल-173-2025। कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में सीतारामपुर में बाई-पास लाइन (6.695 किमी.) के निर्माण के सम्बन्ध में 220 केवी कल्याणेश्वरी-बर्नपुर लाइन (एल#229) एवं 220 केवी एमटीपीएस-बर्नपुर लाइन (एल#232), 220 केवी डी/सी कल्याणेश्वरी-एमटीपीएस लाइन (एल#239 एवं 240) तथा 220 केवी डी/सी आरटीपीएस-कल्याणेश्वरी लाइन (एल#263 एवं 264) के दिशा परिवर्तन एवं ऊंचाई बढ़ाने के लिए ट्रांसमिशन लाइन की डिज़ाइन, ड्राइंग, आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत। **निविदा मूल्य:** ₹ 22,47,95,587.46। **बयाना राशि:** ₹ 12,74,000। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **पूरा करने की अवधि:** 06 (छह) महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 16.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा दस्तावेज वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है एवं ऊपर उल्लिखित निविदा बंद होने की तारीख एवं समय को या उससे पहले इस निविदा के तहत ऊपर उल्लिखित अनुसार "निविदा दस्तावेज की कीमत" तथा "बयाना राशि" का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद बोली जमा की जा सकती है। इस निविदा के तहत हर तरह से सम्पूर्ण निविदा के साथ ऊपर उल्लिखित अनुसार सभी दस्तावेज **www.ireps.gov.in** पर अपलोड करने होंगे। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा की जा सकती हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा। निविदा दस्तावेज, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी की गई संशोधनी (यदि कोई हो) तथा अन्य मूल जानकारियाँ **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। यह निविदा सूचना उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, आसनसोल, पश्चिम बर्दवान, आसनसोल-713301 के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

(CON-16/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# कालीगंज में सबसे ज्यादा हिंदू मत मिले, बंगाल में हिंदुत्व चेतना बढ़ रही है : अमित मालवीय

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में कालीगंज विधानसभा उपचुनाव में मिली हार से हतोत्साहित हुए बिना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को दावा किया कि बढ़ती 'हिंदुत्व चेतना' और मुर्शिदाबाद दंगों के खिलाफ मिली प्रतिक्रिया के कारण पार्टी को निर्वाचन क्षेत्र में अब तक सबसे अधिक हिंदू मत मिले हैं।

बंगाल में भाजपा के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस दावे का खंडन किया कि तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार को 'सभी धर्मों और जातियों के लोगों का समर्थन' मिला है।

कालीगंज विधानसभा उपचुनाव में तृणमल की उम्मीदवार अलीफा अहमद उम्मीदवार को जीत मिली है।



मालवीय ने कुछ आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा, 'सच्चाई यह है कि ममता बनर्जी की तृणमूल मुसलमानों, बांग्लादेश के अवैध घुसपैठियों और कट्टरपंथी तत्वों के बंधुआ वोट बैंक पर जीवित है।'

उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल की सुप्रीमो एक और झूठ फैला रही हैं।

मालवीय ने कहा कि राज्य में अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव कोई उपचुनाव नहीं बल्कि एक 'पूर्ण क्रांति' होगी।

मालवीय ने कहा कि कालीगंज में 43 प्रतिशत मतदाता हिंदू हैं और बाकी मुसलमान हैं। उन्होंने मतदान के रुझान का हवाला देते हुए दावा किया कि वर्ष 2021 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का हिंदू मतों का हिस्सा 70 प्रतिशत, लोकसभा चुनाव (2024) में 72 प्रतिशत और इस बार 74 प्रतिशत से अधिक है और यह अब तक का सबसे अधिक है।

**❑ 'ममता बनर्जी की हिंसक, वोट बैंक से प्रेरित राजनीति की यही कीमत है'**

भाजपा के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विभाग के प्रमुख मालवीय ने कालीगंज में हुए बम विस्फोट में एक लड़की तमन्ना की मौत को लेकर भी बनर्जी की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि उपचुनाव में तृणमूल की जीत के जश्न के दौरान बम फेंके गए थे।

उन्होंने कहा, 'ममता बनर्जी की हिंसक, वोट बैंक से प्रेरित राजनीति की यही कीमत है। पश्चिम बंगाल में अब कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है।'

मालवीय ने कहा कि बनर्जी के राज्य का गृह विभाग भी संभाल रही हैं, लेकिन वह प्रशासक के रूप में बुरी तरह विफल रही हैं।

उन्होंने आरोप लगाया, 'सबसे बुरी बात यह है कि वह अपने मुस्लिम वोट बैंक को ध्रुवीकृत करने और उसे बनाए रखने के लिए कट्टरपंथी राजनीति को हवा देती है और इसकी कीमत तमन्ना जैसे मासूम बच्चों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है। यह शासन नहीं है। यह आपराधिक लापरवाही है।'

# प. बंगाल के घाटाल में बाढ़ से दो लाख लोग प्रभावित, संकट के लिए डीवीसी और केंद्र जिम्मेदार : मंत्री

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के सिंचाई मंत्री मानस भुनिया ने सोमवार को कहा कि पश्चिम मेदिनीपुर जिले के घाटाल उप-मंडल में हाल में आई बाढ़ से लगभग दो लाख लोग प्रभावित हुए हैं और सरकार बाढ़ में फंसे लोगों की मदद के लिए हर संभव कदम उठा रही है। भुनिया ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल सिंचाई विभाग के अनुरोध के बावजूद भी दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) झारखंड में अपने बांधों से छोड़ने वाले पानी को नियंत्रित करने में नाकाम रहा जिसके कारण स्थिति अधिक खराब हुई।

भुनिया ने विधानसभा कक्ष में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि डीवीसी



के अध्यक्ष को पत्र लिखकर भविष्य में अतिरिक्त पानी छोड़ते समय सावधानी बरतने को कहा था।

भुनिया ने कहा कि घाटाल की मौजूदा स्थिति 1978 में आई बाढ़ से भी बदतर है। उन्होंने कहा कि घाटाल-1, चंद्रकोणा-1 और दो ब्लॉक पिछले चार दिन से बाढ़ से जूझ रहे हैं, हालांकि अब जल स्तर घट रहा है।

उन्होंने दावा किया कि पिछले कुछ दिनों में चंद्रकोणा के दो खंडों में दो लोग डूब गए।

उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मार्गदर्शन में हम राहत और बचाव अभियान चला रहे हैं और अब तक दो हजार लोगों को निकाला जा चुका है।''

उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य झारखंड में भारी बारिश के कारण डीवीसी बांधों से पानी छोड़े जाने और बारिश के वजह से स्थिति और खराब हो गई है।

भुनिया ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में 10 नौका को तैनात किया गया है।

# बंगाल विधानसभा : स्पीकर ने चार भाजपा विधायकों को किया निलंबित

**❑ निलंबित विधायकों को सदन से बाहर निकालने के दौरान सुर-क्षाकर्मियों के साथ हुई हाथापाई, 10 सुरक्षाकर्मी घायल**

**❑ स्पीकर ने भाजपा विधायकों के आचरण की निंदा की, कहा- विधानसभा में गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेंगे**

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा में सोमवार को जबर्दस्त हंगामा और अराजक दृश्य देखने को मिला, जिसके कारण अध्यक्ष (स्पीकर) बिमान बनर्जी ने मुख्य सचेतक शंकर घोष सहित भाजपा के चार विधायकों को विधानसभा के मौजूदा मानसून सत्र से निलंबित कर दिया। शंकर घोष के नेतृत्व में विपक्षी भाजपा के विधायक गुरुवार को सदन की कार्यवाही से अपने दो सदस्यों का भाषण हटाए जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, जिसमें



जाने-माने अर्थशास्त्री व विधायक अशोक लाहिड़ी का भाषण भी शामिल था। आज जब दिन में सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तभी भाजपा विधायकों ने यह मुद्दा उठाया। भाजपा विधायकों ने वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के भाषण को बार-बार बाधित किया, जिसके कारण अध्यक्ष ने पहले विधायकों को अपनी सीट पर बैठने के लिए कहा लेकिन विरोध प्रदर्शन 20 मिनट से अधिक समय तक जारी रहा। जब वे नहीं माने तो अध्यक्ष ने सदन में अमर्यादित आचरण करने, उनके आदेशों की अवहेलना करने, माइक्रोफोन तोडऩे की कोशिश व सदन की कार्यवाही से जुड़े कागजातों को फाडऩे के आरोप में चार भाजपा विधायकों को मौजूदा सत्र से निलंबित करने का आदेश दिया। मौजूदा मानसून सत्र मंगलवार को समाप्त होगा।

निलंबित होने वाले विधायकों में विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष के अलावा अग्निमित्रा पाल, मनोज ओरांव व दीपक बर्मन शामिल हैं।

निलंबन के बाद भी जब विरोध प्रदर्शन जारी रहा तो अध्यक्ष के निर्देश पर विधानसभा के सुर-क्षाकर्मियों (मार्शलों) ने चारों विधायकों को सदन से बाहर ले जाने की कोशिश की, जिस दौरान जमकर हाथापाई हुई। हालांकि चारों विधायकों को सदन से बाहर कर दिया गया। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में सभी भाजपा विधायकों ने विरोध जताते हुए सदन से वाकआउट किया। बाहर निकलकर विधानसभा के पोर्टिको के पास सीढ़ियों पर बैठकर भाजपा विधायकों ने कुछ देर धरना दिया और स्पीकर व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इससे पहले सदन के भीतर भाजपा विधायकों ने स्पीकर के आसन के सामने करीब आधे घंटे तक जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कागज के टुकड़े भी फाड़कर फेंके।

विधानसभा अध्यक्ष ने बाद में पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि निलंबित विधायकों को सदन से बाहर निकालने के दौरान हुई हाथा-पाई में 10 सुरक्षा कर्मी घायल हो गए।

**❑ संसदीय लोकतंत्र में ऐसी चीजें नहीं होनी चाहिए : अध्यक्ष**

विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा विधायकों के आचरण की निंदा करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। संसदीय लोकतंत्र में ऐसी चीजें नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विधानसभा में गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं करेंगे। मैंने विधानसभा सचिवालय से सुरक्षा कर्मियों के घायल होने की रिपोर्ट और भाजपा सदस्यों के चश्मे और घड़ी के साथ-साथ माइक्रोफोन को हुए नुकसान की रिपोर्ट की जांच करने को कहा है। अगर नुकसान के आरोप साबित होते हैं, तो हम विधायकों के वेतन से पैसे वसूलेंगे।

**❑ शुभेंदु ने अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की घो-षणा की**

दूसरी ओर, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने पत्रकारों से बातचीत में स्पीकर पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भाजपा विधायकों पर दक्षिण 24 परगना में तृणमूल के गढ़ बारूईपुर से लाए गए सुरक्षाकर्मियों के वेश में तृणमूल के लोगों ने शारीरिक हमला किया। उन्होंने दावा किया कि हमले में शंकर घोष का चश्मा टूट गया जबकि अन्य भाजपा विधायकों के निजी सामान को नुकसान पहुंचा। शुभेंदु ने विपक्ष की आवाज को दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि विधानसभा के आगामी शीतकालीन सत्र में हम अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएंगे। शुभेंदु ने कहा कि जब मैंने विधायकों के टूटे हुए सामान स्पीकर की टेबल पर रखने की कोशिश की, तो उन्होंने मुझे और मेरे साथ अन्य भाजपा विधायकों को तुरंत सदन से चले जाने को कहा। वह विपक्ष की आवाज को दबा रहे हैं।

### उपचुनाव की मतगणना के बीच चुनाव आयोग कार्यालय में लगी आग



**कोलकाता :** कालीगंज उप-चुनाव की मतगणना के बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय में अचानक आग लग गई। इस घटना के कारण कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई और कार्यालय में मौजूद सभी लोगों को तत्काल बाहर निकाल दिया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कार्यालय बामा-लॉरी भवन में स्थित है। आग लगने के बाद किसी भी बड़ी दुर्घटना से बचने के लिए पूरी इमारत को खाली करा दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग इमारत की दूसरी मंजिल स्थित डाटा सेंटर में लगी। चुनाव आयोग का कार्यालय इस भवन की दूसरी और तीसरी मंजिल पर स्थित है। आग बुझाने के लिए कार्यालय में मौजूद फायर सेफ्टी सिस्टम का इस्तेमाल किया गया और आग पर काबू पाने की कोशिश की गई। कई कर्मचारियों और अधिकारियों को मुंह पर कपड़ा बांधकर इमारत से बाहर निकलते देखा गया। खबर लिखे जाने तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं था, लेकिन प्रारंभिक अनुमान के अनुसार यह शॉर्ट सर्किट की वजह से हो सकता है। चुनाव आयोग की ओर से बयान जारी कर बताया गया कि भले ही आग से डर और भ्रम की स्थिति पैदा हुई हो, लेकिन वोटों की गिनती पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है, और प्रक्रिया सामान्य रूप से जारी रही।

## दिघा के जगन्नाथ मंदिर को 'मनोरंजन पार्क' बताने पर भड़की तृणमूल, बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के बयान को बताया 'हिंदू धर्म का अपमान'

**कोलकाता :** दिघा स्थित नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर को लेकर भारतीय जनता पार्टी के बंगाल प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के बयान पर नया सियासी बवाल खड़ा हो गया है। एक राष्ट्रीय समाचार चैनल को टेलीफोनिक प्रतिक्रिया देते हुए सुकांत ने मंदिर को 'मनोरंजन पार्क' कह दिया। उन्होंने कहा, मंदिर तो नहीं, वह तो एक मनोरंजन पार्क बन गया है। उनके इस बयान पर तृणमूल कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

तृणमूल कांग्रेस ने इस बयान को हिंदू धर्म का अपमान करार दिया है। पार्टी ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर सुकांत मजूमदार की क्लिप साझा करते हुए लिखा, राजनीतिक लाभ के लिए हिंदू धर्म का अपमान करने में भी हिचकते नहीं हैं ये तथाकथित हिंदुत्व के झूठे झंडाबरदार, बीजेपी के बड़े नेता।

TRINAMOOL

तृणमूल ने आगे लिखा, बंगाल बीजेपी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार का यह कथन सुनिए- 'दिघा का जगन्नाथधाम मंदिर नहीं, मनोरंजन पार्क है!' क्या उन्हें वहां भक्तों की भीड़ और श्रद्धा नहीं दिखाई देती? यह पवित्र भूमि है। सुकांत बाबू को जगन्नाथ भक्तों के अपमान का जवाब जल्द मिलेगा।

गौरतलब है कि बीते 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस भव्य मंदिर का उद्घाटन किया था। उसी दिन बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष अपनी पत्नी के साथ वहां पहुंचे थे, लेकिन उनके अलावा बीजेपी का कोई और बड़ा नेता मंदिर में नजर नहीं आया।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, उद्घाटन के एक महीने के भीतर मंदिर में एक लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। अब रथयात्रा का पर्व निकट है और पहली बार दिघा में भव्य आयोजन की तैयारी हो रही है। रथयात्रा के दिन भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन पहले से सतर्क है।

तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि बीजेपी शुरू से ही इस मंदिर के निर्माण को लेकर राज्य सरकार की आलोचना करती रही है और अब प्रदेश अध्यक्ष का यह बयान उसी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। पार्टी का आरोप है कि बीजेपी धार्मिक आस्था से जुड़े मामलों में भी राजनीति करने से नहीं चूक रही।

# मंगलवार से गुरुवार तक दक्षिण बंगाल में भारी बारिश की संभावना

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में मौसम एक बार फिर करवट लेने को तैयार है। अलीपुर मौसम विभाग की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण बंगाल में आगामी दो से तीन दिनों तक बारिश की तीव्रता में इजाफा हो सकता है। मंगलवार से गुरुवार के बीच तेज़ बारिश की संभावना जताई गई है। इस दौरान कई जिलों में आंधी-तूफान के साथ गरज-चमक वाली वर्षा हो सकती है, वहीं उत्तर बंगाल में पहले से ही सक्रिय बारिश का दौर जारी रहेगा।

दक्षिण बंगाल के जिन जिलों में आगामी दिनों में मानसून का प्रभाव देखने को मिल सकता है, उनमें पूर्व और पश्चिम बर्दवान, नदिया, उत्तर 24 परगना, बीरभूम और मुर्शिदाबाद प्रमुख हैं। इन क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ 40 से 50



किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज़ हवाएं चलने की संभावना है। सोमवार को कोलकाता और आसपास के इलाकों में भी 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं, साथ ही गरज के साथ वर्षा की आशंका बनी हुई है।

मंगलवार से गुरुवार के बीच बंगाल के विभिन्न हिस्सों में फिर से भारी बारिश लौट सकती है। विशेष रूप से पुरुलिया, बांकुड़ा, झाड़ग्राम, दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर जैसे जिलों में इस दौरान छिटपुट भारी बारिश का पूर्वानुमान है। गुरुवार को पूर्व और पश्चिम बर्दवान, झाड़ग्राम, पश्चिम मेदिनीपुर, पुरुलिया और बांकुड़ा में वर्षा की तीव्रता और अधिक बढ़ने की संभावना है।

उत्तर बंगाल की बात करें तो यहां शनिवार से मंगलवार तक भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, कालिम्पोंग, कूचबिहार और मालदा जैसे जिलों में वर्षा का प्रभाव पहले से ही दिखाई दे रहा है। रविवार और सोमवार को जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार में अति भारी बारिश की आशंका है, जबकि मंगलवार को यह सिलसिला कुछ हद तक जारी रह सकता है।

## 'घटनास्थल एक बार देखना चाहते हैं...', आरजीकर मामले में हाईकोर्ट पहुंचे पीड़िता के माता-पिता

**कोलकाता :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर से बलात्कार और हत्या के मामले में मृतका के माता-पिता अब घटनास्थल देखने की अनुमति के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंचे हैं।

सोमवार को पीड़िता के माता-पिता की ओर से उनके वकील फिरोज एडुल्जी ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। उन्होंने न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया और त्वरित सुनवाई की मांग करते हुए बताया कि मृतका के माता-पिता और उनके वकील 'घटनास्थल' यानी प्लेस ऑफ ऑकरेंस का निरीक्षण करना चाहते हैं। याचिका में यह आग्रह किया गया कि परिवार को एक बार उस स्थान पर जाने की अनुमति दी जाए, जहां यह दिल दहला देने वाली वारदात घटी थी। संभावना है कि इस याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हो सकती है।

गौरतलब है कि नौ अगस्त 2024 को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक युवती डॉक्टर से बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। जांच की जिम्मेदारी 13 अगस्त 2024 को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गई थी। सीबीआई ने 25 सदस्यीय एक विशेष टीम गठित की थी जो इस जघन्य अपराध की तह तक पहुंचने में लगी थी।

इसी साल 11 नवंबर 2024 को सियालदह कोर्ट में मामले की सुनवाई शुरू हुई थी। अदालत ने तत्कालीन सिविक वॉलंटियर संजय राय को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास (जब तक जीवित हैं) की सजा सुनाई।

उल्लेखनीय है कि इस घटना के बाद चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर देशभर में आक्रोश फूट पड़ा था। घटना के कुछ दिनों बाद ही 20 अगस्त 2024 को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने डॉक्टरों की सुरक्षा पर सिफारिश देने के लिए 10 सदस्यीय एक टास्क फोर्स के गठन का आदेश दिया था।

अब, जब मुख्य आरोपित को सजा मिल चुकी है, पीड़िता के माता-पिता उस स्थान को देखना चाहते हैं जहां उनकी बेटी के साथ यह अमानवीय घटना घटी थी।

पूर्व रेलवे

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा, पिन - 711101 (पश्चिम बंगाल) द्वारा 03 वर्षों की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग लॉट के परिचालन हेतु अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। और अधिक विवरण एवं ई-नीलामी में भाग लेने के लिए कृपया **ई-नीलामी लीजिंग** मॉड्यूल के जरिये वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** देखें। **कैटेलॉग संख्या : पार्क-एचडब्ल्यूएच-जून-3। नीलामी शुरू होने की तारीख/समय:** 07.07.2025 को दोपहर 2.00 बजे। **क्रम संख्या; लॉट संख्या और स्टेशन का नाम** निम्नानुसार है: 1; पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एडीएसटी-टीडब्ल्यू-266-25-1 (पार्किंग- टू व्हीलर) और आदिसप्तग्राम। 2; पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एसआईयू-टीडब्ल्यू-161-25-1 (पार्किंग- टू व्हीलर) और सिंगुर। 3; पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-सीडब्ल्यूएलई-टीडब्ल्यू-273-25-1 (पार्किंग- टू व्हीलर) और चौरीगाछा।

(HWH-156/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

**Balarampur Development Block**

**P.O.-Rangadih, Dist.-Purulia, Pin-723143 (W.B.)**

**NOTICE INVITING 02 NOS. E-TENDER NO. WB/BDO/ BLR NIeT-07/2025-26 and WB/BDO/BLR NIeT-08/2025-26,**

E-Tender are invited by the undersigned from the bonafied contractor for **02 nos. Construction work under Balarampur Development Block.**

Period for downloading of **WB/BDO/BLR NIeT-07/2025-26** bid documents **20.06.2025 from 11.00 A.M. up to 04.07.2025 to 6.55 P.M.** End date of submission of bid document **up to 04.07.2025 to 6.55 P.M.** and the time & date of opening of Technical bid **on 07.07.2025 at 11.00 A.M.** The Financial bid to be notified.

And

Period for downloading of **WB/BDO/BLR NIeT-08/2025-26** bid documents **20.06.2025 from 11.00 A.M. up to 27.06.2025 to 6.55 P.M.** End date of submission of bid document **up to 27.06.2025 to 6.55 P.M.** and the time & date of opening of Technical bid **on 30.06.2025 at 11.00 A.M.** The Financial bid to be notified.

For details intending participant may contact to the office of the undersigned or visit website **www.wbtenders.gov.in** in any working day before the last date for submission of bid documents.

Sd/-

Block Development Officer

Balarampur Development Block

**कटवा एवं आजिमगंज के बीच दो जोड़ी ट्रेनें निरस्त**

ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए, हावड़ा मंडल के आजिमगंज-कटवा अनुभाग में कटवा एवं गंगाटिकुरी तथा गंगाटिकुरी एवं सालार स्टेशनों के बीच अप लाइन पर **दिनांक 26.06.2025 (गुरुवार) से 23.09.2025 (मंगलवार) तक** रुक-रुक कर **39 दिनों के लिए प्रतिदिन 04 घंटे हेतु (11.15 बजे से 15.15 बजे तक) ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक** आवश्यक होगा। फलस्वरूप, **दिनांक 26.06.2025 (गुरुवार), 28.06.2025 (शनिवार), 01.07.2025 (मंगलवार), 03.07.2025 (गुरुवार), 05.07.2025 (शनिवार), 08.07.2025 (मंगलवार), 10.07.2025 (गुरुवार), 12.07.2025 (शनिवार), 15.07.2025 (मंगलवार), 17.07.2025 (गुरुवार), 19.07.2025 (शनिवार), 22.07.2025 (मंगलवार), 24.07.2025 (गुरुवार), 26.07.2025 (शनिवार), 29.07.2025 (मंगलवार), 31.07.2025 (गुरुवार), 02.08.2025 (शनिवार), 05.08.2025 (मंगलवार), 07.08.2025 (गुरुवार), 09.08.2025 (शनिवार), 12.08.2025 (मंगलवार), 14.08.2025 (गुरुवार), 16.08.2025 (शनिवार), 19.08.2025 (मंगलवार), 21.08.2025 (गुरुवार), 23.08.2025 (शनिवार), 26.08.2025 (मंगलवार), 28.08.2025 (गुरुवार), 30.08.2025 (शनिवार), 02.09.2025 (मंगलवार), 04.09.2025 (गुरुवार), 06.09.2025 (शनिवार), 09.09.2025 (मंगलवार), 11.09.2025 (गुरुवार), 13.09.2025 (शनिवार), 16.09.2025 (मंगलवार), 18.09.2025 (गुरुवार), 20.09.2025 (शनिवार) एवं 23.09.2025 (मंगलवार)** को नीचे उल्लेखित ट्रेनें **निरस्त** रहेंगी: **(i) आजिमगंज से:** 53012, 53014, **(ii) कटवा से:** 53009, 53011. **टिप्पणी:** ब्लॉक की अवधि के दौरान स्पेशल अथवा विलम्ब से चलने वाली ट्रेनें, यदि कोई हो, आवश्यकतानुसार परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी/मार्ग में नियंत्रित की जाएंगी। यात्रियों से स्टेशनों की सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली का अनुसरण करने का अनुरोध किया जाता है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बंगाल के शिक्षा मंत्री ने खेल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग की वकालत की

## पश्चिम बंगाल में निजी खेल विश्वविद्यालय के लिए विधानसभा से विधेयक पारित



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने सोमवार को विधानसभा में शिक्षा और खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकारी और निजी क्षेत्रों के बीच सहयोग की आवश्यकता की वकालत की। बसु ने कहा कि राज्य और निजी क्षेत्र को खेलों को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। बसु सोमवार को विधानसभा में राज्य में निजी खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए नेताजी सुभाष खेल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 पर बोल रहे थे। चर्चा के बाद इस विधेयक को विधानसभा से ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। शिक्षा मंत्री ने शुक्रवार को इस विधेयक को सदन में पेश किया था। विधेयक के पारित होने के बाद राज्य में एक और निजी विश्वविद्यालय की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने कहा कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना हुगली जिले के चुंचुड़ा में की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह निजी क्षेत्र में खेल व उद्यमिता से संबंधित राज्य में अपनी तरह का पहला विश्वविद्यालय होगा।

चुंचुड़ा नेताजी वेलफेयर ट्रस्ट इस विश्वविद्यालय का संचालन करेगा। बसु ने एथलीटों का समर्थन करने के लिए राज्य के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार उन खिलाड़ियों को बढ़ावा दे रही है जिन्होंने देश का नाम रोशन किया है, उन्हें नौकरी देकर और सार्वजनिक रूप से सम्मानित करके।

राजभवन पर कटाक्ष करते हुए बसु ने राज्य विधानसभा से पूर्व में पारित कई विधेयकों को राज्यपाल द्वारा मंजूरी में देरी पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विधानसभा द्वारा पारित होने के बावजूद तीन विधेयक ठंडे बस्ते में पड़े हैं। पता नहीं इस विधेयक का क्या होगा। अगर केंद्र चाहता है कि खेल क्षेत्र और खेल शिक्षा यहां (बंगाल में) बढ़े, तो उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस विधेयक को राजभवन की मंजूरी मिले।

# एसएससी की नई नियुक्ति प्रक्रिया पर फिर विवाद, हाईकोर्ट में दायर हुई नई याचिका



**कोलकाता :** स्कूल सेवा आयोग द्वारा जारी नई नियुक्ति अधिसूचना को लेकर एक बार फिर कानूनी विवाद खड़ा हो गया है। हाल ही में राज्य सरकार ने करीब छब्बीस हजार बर्खास्त शिक्षक-शिक्षाकर्मियों की जगह नई भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की अधिसूचना जारी की थी। इस अधिसूचना को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के खिलाफ बताते हुए अब कलकत्ता हाईकोर्ट में फिर से एक नई याचिका दाखिल की गई है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अनिंद्य मित्रा और शमीम अहमद ने सोमवार को न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य के समक्ष यह मुद्दा उठाया। उन्होंने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में यह स्पष्ट किया था कि केवल योग्य यानी पात्र बर्खास्त शिक्षक ही नई भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे और उन्हें उम्र सीमा में छूट दी जाएगी।

एसएससी द्वारा जारी 2025 की नई अधिसूचना में न सिर्फ टेंटेड यानी अयोग्य ठहराए गए शिक्षकों को भी आवेदन की अनुमति दी गई है, बल्कि उम्र सीमा में छूट को लेकर भी कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं दिया गया है। यही कारण है कि याचिकाकर्ताओं ने इसे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन बताया है।

न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने दलीलें सुनने के बाद कहा कि इस मामले की व्याख्या केवल सुप्रीम कोर्ट ही कर सकता है, क्योंकि मूल निर्देश वहीं से आया है। हालांकि, समय सीमा को देखते हुए उन्होंने एक जुलाई को इस याचिका पर सुनवाई करने का आश्वासन दिया है।

नियुक्ति प्रक्रिया की वैधता पर पहले भी उठ चुके हैं सवाल

गौरतलब है कि करीब चवालीस हजार रिक्त पदों के लिए जारी की गई यह अधिसूचना पहले भी कानूनी चुनौती का सामना कर चुकी है। उस समय भी इसकी वैधता पर सवाल उठाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। अब एक बार फिर इस मुद्दे पर कोर्ट का रुख क्या होता है, इस पर सभी की नजरें टिकी हैं।

### टाटा एसेट मैनेजमेंट का नया ऑल-इन-वन इन्वेस्टमेंट ऐप रचेगा भारत के निवेश करने के तरीके की नयी परिभाषा

**कोलकाता :** टाटा एसेट मैनेजमेंट ने नया मोबाइल ऐप लॉन्च करने की घोषणा की है। यह अपनी तरह का पहला ऐप है, जो यूज़र्स को उनकी वित्तीय दुनिया की समग्र तस्वीर देगा। एकीकृत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के रूप में डिज़ाइन किया गया यह ऐप ब्रांड प्लेटफ़ॉर्म के तहत सरलता, बुद्धिमत्ता और वैयक्तिकरण को एक साथ लाता है: एक ऐप। एक दृश्य। असीमित अवसर। टाटा एसेट मैनेजमेंट के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन और डिजिटल अधिकारी हेमंत कुमार ने कहा, एक ऐप। एक दृश्य। असीमित अवसर केवल एक टैगलाइन नहीं है; यह हमारे द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं का मूल है। आज के निवेशक एक ऐसे इंटेलिजेंट प्लेटफ़ॉर्म की अपेक्षा करते हैं जो उन्हें उनकी सभी वित्तीय संपत्तियों पर स्पष्टता और नियंत्रण प्रदान करे।

# पूर्व बर्दवान में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत, एक घायल



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्दवान जिले में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने की अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए कालना अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया है। पहली घटना नादनघाट थाना क्षेत्र के बड़ा करैल इलाके की है, जहां निमाई रॉय अपने पोते मंगलदीप संतरा के साथ खेत में काम करने गए थे। इसी दौरान अचानक बिजली गिरने से दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। परिजनों ने दोनों को आनन-फानन में कालना अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान मंगलदीप संतरा की मौत हो गई। दूसरी घटना मोंटेश्वर थाना क्षेत्र के मराईपिरी इलाके में हुई, जहां हरगोबिंद विश्वास नामक व्यक्ति अपनी गायों को चराने खेत ले जा रहा था। तभी तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। तीसरी घटना मोंटेश्वर के खदरा इलाके की है, जहां हराधन दास खेत में जमीन साफ कर रहा था। इसी दौरान वह भी बिजली की चपेट में आ गया और उसकी भी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह तीनों घटनाएं अलग-अलग स्थानों पर हुईं। प्रशासन ने सभी मृतकों के परिजनों को आवश्यक सहायता का आश्वासन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या भी जरूरी है, पर उसका इस्तेमाल सही जगह होना चाहिए : पंडित कुंज बिहारी शुक्ल



**कोलकाता :** कोलकाता के ईएम बाईपास में जगती पोता किसान मार्केट के पास सनातनी परिवार द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया, जो रविवार को संपन्न हो गया। वृंदावन से पधारे कथावाचक पंडित कुंज बिहारी शुक्ल ने कथा के दौरान श्रीमद् भागवत गीता के सभी पहलुओं का भक्त वृंद को श्रवण करवाया। कथा का प्रारंभ 16 जून को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ था। भागवत श्रवण लोगों के लिए कलयुग में क्यों जरूरी है, इस पर कथावाचक पंडित शुक्ल ने कहा कि श्रीमद् भागवत मोक्ष का द्वार है। जो लोग इस कथा का श्रवण करते हैं तो उनका जीवन धन्य हो जाता है।उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपना जीवन संयम के साथ गुजारना चाहिए एवं शास्त्र सम्मत भोजन कर्म एवं निंद्रा का ध्यान रखना चाहिए ताकि उनका शरीर सही रह सके। उन्होंने कथा के दौरान भगवान कृष्ण से लेकर श्रीमद् भागवत गीता में उल्लेख महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में काम, क्रोध, लोभ, मोह एवं ईर्ष्या भी जरूरी है, बशर्ते उसका सही जगह सही तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए।

अगर व्यक्ति पारिवारिक हो तो काम के जरिए प्रहलाद की तरह संतान उत्पन्न कर सकता है। इसके लिए काम भी जरूरी है।जब किसी बहन की उसके चरित्र पर कोई दाग लगाना चाहता हो या तब आप में क्रोध आए तो आप खुलकर विरोध करें तो वह भी भगवान की पूजा हो जाती है। लोभ भी जरूरी है। हे प्रभु हमसे कोई बुराई ना हो, हम किसी के साथ दुर्व्यवहार न करें ऐसा लोभ भी आपके जीवन में आ जाए तो आपके जीवन को बदल देगा। ईर्ष्या भी जरूरी है। ईर्ष्या करो गोपियों से, ईर्ष्या करो तो मीराबाई से। अगर तुम भगवान को पा सकते हो तो मैं क्यूं नहीं। हम भी प्रयत्न करेंगे ताकि ईश्वर की प्राप्ति मिल सके। हर एक चीज साधन बन सकती है अगर लगन से सही तरीके से किया जाए। जगती पोता किसान मार्केट सनातनी परिवार द्वारा प्रतिदिन कथा के उपरांत भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उत्तर कोलकाता में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के विभाजन के दौरान पूर्वी बंगाल (वर्तमान बांग्लादेश) को पूर्वी पाकिस्तान और पश्चिम बंगाल को भारत का हिस्सा बनाए जाने में अहम भूमिका निभाने वाले राष्ट्रनायक और जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उत्तर कोलकाता में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा नेत्री एवं वार्ड 45 की पार्षद मीना देवी पुरोहित के नेतृत्व में नेताजी सुभाष रोड व कैनिंग स्ट्रीट संगम स्थल स्थित महाशक्ति उद्यान में डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कमलेश सिंह, प्रवीण पांडेय, करीम खान, कमलजीत पांडेय, अमित चौरसिया, प्रिंस झा, अंकित राय, सूरज हाथी, शंकर ठाकुर, सूरज सोनकर, उपेंद्र चौधरी एवं अखिलेश सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की जानकारी उत्तर कोलकाता जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष भोला प्रसाद सोनकर ने दी।

# गलती से भारतीय सीमा में घुसे बीजीबी जवान को बीएसएफ ने वापस लौटाया



**कोलकाता :** बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भारतीय सीमा में घुसने के आरोप में पकड़े गए बार्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के एक जवान को सकुशल वापस लौटा दिया है। घटना शनिवार की है, जब बीएसएफ की सीमा चौकी बोयराघाट के जवानों ने उसे पकड़ा था। मामले को लेकर दोनों बलों के अधिकारियों के बीच फ्लैग मीटिंग हुई, जिसके बाद बीजीबी जवान को वापस बांग्लादेशी अधिकारियों को सौंप दिया गया। बीएसएफ अधिकारियों के अनुसार, बांग्लादेश के चांपाइनबाबगंज इलाके में ड्यूटी के दौरान बीजीबी का जवान गलती से भारतीय सीमा में घुस आया था। इसके बाद गश्त लगा रहे बीएसएफ जवानों ने उसे पकड़ लिया और उसे स्थानीय बीएसएफ कैंप में लाया गया। पूछताछ में पता चला कि वह भूलवश भारतीय सीमा में घुस आया है, जिसके बाद बीएसएफ ने बीजीबी अधिकारियों से संपर्क साधा। उसके बाद दोनों देशों के सुरक्षा बलों के अधिकारियों के बीच फ्लैग मीटिंग हुई और बीजीबी जवान को वापस सौंप दिया गया।

# अवमानना मामले में कुणाल घोष को हाई कोर्ट ने दी नियमित पेशी से राहत



**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के राज्य महासचिव कुणाल घोष को कोर्ट की अवमानना के मामले में नियमित रूप से अदालत में उपस्थित होने से राहत दी गई है। सोमवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान कुणाल घोष स्वयं अदालत में उपस्थित थे। कोर्ट के निर्देशानुसार, उनके नाम को लेकर एक हलफनामा दाखिल किया गया। उनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सांसद कल्याण बंद्योपाध्याय ने पैरवी की। उनके साथ अधिवक्ता अयन चक्रवर्ती और राहुल मिश्रा भी मौजूद थे। इस मामले की अगली सुनवाई आगामी सोमवार, तीस जून को निर्धारित की गई है।

इस मामले में पहले ही कलकत्ता हाई कोर्ट ने कुणाल घोष के विरुद्ध अवमानना का नोटिस जारी किया था। आज से ही इस पर सुनवाई शुरू हुई। अदालत के आदेश पर कुणाल घोष के नाम को लेकर हलफनामा प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के दौरान कल्याण बंद्योपाध्याय ने कहा कि इस विशेष पीठ को अवमानना का नियम जारी करने का अधिकार नहीं है और यह स्वतः संज्ञान में लिया गया मामला विधिसम्मत नहीं है।

कल्याण बंद्योपाध्याय ने अपनी दलील में कहा कि हमने मुख्य न्यायाधीश द्वारा विशेष पीठ गठित करने का कोई लिखित आदेश नहीं देखा है। अगर मुझसे कोई त्रुटि हुई हो, तो मैं बिना शर्त क्षमा चाहता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि मुख्य न्यायाधीश ने कोई नियम जारी नहीं किया है, अतः यह पीठ रूल जारी करने के अधिकार क्षेत्र में नहीं आती।

यह मामला हाई कोर्ट की तीन न्यायाधीशों वाली विशेष पीठ के समक्ष सुना गया। दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने स्पष्ट किया कि कुणाल घोष को अब नियमित रूप से अदालत में उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। यदि आवश्यकता पड़ी, तो उन्हें बुलाया जाएगा। इस मामले में कल्याण बंद्योपाध्याय की ओर से और भी बहस बाकी है। अगली सुनवाई अगले सोमवार निर्धारित की गई है।

गौरतलब है कि एसएलएसटी की शारीरिक शिक्षा एवं कार्य शिक्षा विषयों के अभ्यर्थियों द्वारा अदालत परिसर में किए गए एक विवादित प्रदर्शन को लेकर यह अवमानना का मामला दायर हुआ था।

सुनवाई के बाद कुणाल घोष ने कहा है कि यह अवमानना का मामला वामपंथी, भाजपा और कांग्रेस समर्थक वकीलों की कोशिश से हुआ था, जिसके कारण नियम जारी किया गया। मैंने उच्च न्यायालय का सम्मान करते हुए सभी आदेशों का पालन किया। माननीय तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने मुझे व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दी है।

# तृणमूल विधायक मनोरंजन व्यापारी की तबीयत बिगड़ी, एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस के विधायक मनोरंजन व्यापारी सोमवार को अचानक अस्वस्थ हो गए। इस घटना के कारण सदन में कुछ समय के लिए हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार, विधानसभा की लॉबी में वे अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें तत्काल एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी चिकित्सकीय जांच की जा रही है। गौरतलब है कि वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने बलागढ़ सीट से तत्कालीन विधायक असीम माजी को हटाकर मनोरंजन व्यापारी को उम्मीदवार बनाया था। उन्होंने उस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुभाष चंद्र हलदार को पांच हजार 784 वोटों से हराया था और विधायक निर्वाचित हुए थे।हाल के वर्षों में अपने कुछ विवादास्पद बयानों के कारण वे सुर्खियों में भी रहे हैं। फिलहाल, उनकी तबीयत बिगड़ने के वास्तविक कारण का पता नहीं चल पाया है।

### खिदिरपुर में जगन्नाथ की रथ यात्रा के साथ जीवंत होगी पारंपरिक ओड़िशा



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जगन्नाथ मंदिर, खिदिरपुर की सांस्कृतिक शाखा उत्कला द्वारा रथ यात्रा और ओड़िशा महोत्सव 2025 का आयोजन 27 जून से 5 जुलाई तक भव्य रूप से किया जाएगा। खिदिरपुर श्री जगन्नाथ मंदिर से रथ यात्रा भवानीपुर नॉर्दर्न पार्क तक निकाली जाएगी, जहां भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा विराजमान रहेंगे। इस आयोजन में कीर्तन, घंटा-शंख वादन, ओड़िशी नृत्य, भजन संध्या, चित्रकला व नृत्य प्रतियोगिता, खीरी पीठा स्पर्धा और हस्तशिल्प प्रदर्शनी जैसी सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी। प्रेस मीट में समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर पाणिग्रही ने इसे ओड़िशा की संस्कृति व अध्यात्म का उत्सव बताया। 30 जून को श्री जगन्नाथ ही चेतना की असली अस्मिता हैं विषय पर संगोष्ठी आयोजित होगी। महोत्सव में गार्जियन्स ऑफ द टेन डायरेक्शन्स और श्री जगन्नाथ इन बंगाली आइज पुस्तकों का विमोचन भी होगा। उद्घाटन डॉ. श्रुति महापात्र करेंगी। यह आयोजन ईजेडसीसी, भारत सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से हो रहा है।

# महाराजा अग्रसेन धाम द्वारा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

## उच्च शिक्षा से ही समाज व राष्ट्र का विकास सम्भव : गोपालिका

**कोलकाता :** महाराजा अग्रसेन धाम द्वारा कला मंदिर में आयोजित विशाल सारस्वत समारोह में समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अग्र मेधा सम्मान से विभूषित किया गया। समारोह के प्रारम्भ में अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन की छात्राओं ने अत्यन्त मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समारोह की अध्यक्षता बाल व्यास श्रीकान्त शर्मा ने किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने महाराजा अग्रसेन धाम के सेवा प्रकल्पों की प्रशंसा की और कहा कि समाज द्वारा प्रतिभा का सम्मान करने से बच्चों को प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर उन्होंने धाम के संस्थापक स्व. पुष्करलाल केडिया के सामाजिक योगदानों का भी जिक्र किया। धाम के अध्यक्ष ओम जालान ने वीडियो संदेश के माध्यम से विद्यार्थियों को शुभकामना दी।

राज्य के पूर्व मुख्य सचिव व वर्तमान में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सलाहकार बीपी गोपालिका ने प्रतिभाशाली बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें वर्तमान दौर में शिक्षा का महत्व समझाते हुए प्रेरित किया। उन्होंने अग्रसेन धाम की सेवामूलक गतिविधियों की प्रशंसा की। युवा आई.ए.एस अंकिता अग्रवाल तथा सीएस ममता बिन्नाणी ने भी अपने सम्बोधन से विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

संस्था के कर्मठ मंत्री निर्मल सराफ ने अग्रसेन धाम की गतिविधियों का सविस्तार वर्णन किया। उन्होंने बताया कि धाम द्वारा शीघ्र ही चौरंगी स्थित विशाल कक्ष में यूपीएससी विद्यार्थियों के लिए कोचिंग सेंटर शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धाम में सेवामूलक कई प्रकल्प नियमित सेवाएं दे रहे हैं, साथ ही विशाल चौहद्दी में बाउण्ड्री का कार्य भी समाप्ति की ओर है। धाम परिसर में महालक्ष्मी मंदिर निर्माण सम्बन्धी कार्रवाई गतिशील है। श्री सराफ ने कहा कि मेधावी बच्चों को शिक्षा-सहयोग की दिशा में भी अग्रसेन धाम सचेष्ट है। इस अवसर पर सर्वश्री मुरारीलाल दीवान, भगवानदास अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अनिल केडिया, अशोक चूड़ीवाला, बिरमप्रकाश सुल्तानिया, सत्यनारायण देवरालिया, बृजमोहन गाड़ोदिया, विवेक अड़ूकिया, आनन्द केजरीवाल, विनोद अग्रवाल, गोपाल नरेड़ी, निरंजन कुमार अग्रवाल, सुरेश गोयल, विष्णु फोगला, बजरंग अग्रवाल, केशव बूबना, मनोहर अग्रवाल, सतीश झुनझुनवाला, रमेश बूबना, कैलाश कयाल, मनोज बगड़िया, महावीर सांवरिया, विजय



डोकानिया, नरेश जालान, विनोद केडिया, बलदेव केडिया, पवन केडिया, अमित केडिया, सुनील धनानिया, पवन माधोगढ़िया, हेमचन्द्र गोयनका, रामविलास अग्रवाल, गौरीशंकर चौधरी, सुशील पोद्दार, प्रदीप खेतान, केके सिंहानिया, विद्यासागर मंत्री, प्रमोद ड्रोलिया, दिनेश जैन गंगवाल, जसवन्त सिंह मेहता, विजय सिंह चोरड़िया, नवीन टिकमानी, विकास अग्रवाल, गोवर्धन केडिया, सुशील अग्रवाल, सुशील मित्तल, बलराम अग्रवाल, लक्ष्मण अग्रवाल, महेश भुवालका, रवि खेतान, रमेश केडिया, प्रज्ञा झुनझुनवाला, सरीखे विशिष्ट जन उपस्थित थे। आयोजन की व्यवस्था में तरूण सरिया की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन प्रकाश चण्डालिया ने किया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय हावड़ा में कक्षा 11 विज्ञान शाखा के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**हावड़ा :** जवाहर नवोदय विद्यालय, हावड़ा में कक्षा 11 (विज्ञान शाखा) के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। 2025-26 शैक्षणिक वर्ष के लिए लेटरल एंट्री चयन परीक्षा 12 जुलाई, 2025 को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा खाली सीटों के लिए कक्षा 11 में प्रवेश के इच्छुक छात्रों के लिए है। हावड़ा जिले के किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 2024-25 सत्र में कक्षा 10 उत्तीर्ण छात्र आवेदन कर सकते हैं। जिन छात्रों का जन्म 1 जून 2008 से 31 मई 2010 के बीच हुआ है, वे नि:शुल्क आवेदन कर सकेंगे। इच्छुक उम्मीदवार 24 जून से 9 जुलाई, 2025 तक किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्यालय कार्यालय से आवेदन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि भी 9 जुलाई, 2025 रखी गई है। विद्यालय के प्राचार्य ने स्पष्ट किया है कि पूरी चयन प्रक्रिया ऑफलाइन आयोजित की जाएगी। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए योग्य छात्र समय पर आवेदन करें।

### एसबीआई लाइफ ने 2025 हैक-एआई-थॉन के समापन में भारत के युवा टैलेंट से भविष्य के लिए तैयार एआई समाधान मांगे

**कोलकाता :** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी राष्ट्रीय नवाचार पहल, हैक-एआई-थॉन 2025 के शानदार समापन के साथ एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। यह मंच बीमा क्षेत्र की वास्तविक चुनौतियों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित समाधान विकसित करने के लिए बनाया गया था। हफ्तों की गहन चर्चा और सहयोग के बाद, 16 से अधिक शीर्ष टीमों (50 से ज्यादा प्रतिभागी) ने ग्राहकों के अनुभव, कामकाज की दक्षता और डिजिटल सेवाओं को बेहतर बनाने वाले एआई-आधारित नए विचार प्रस्तुत किए। हैक-एआई-थॉन 2025 के भव्य समापन पर बोलते हुए, रविंद्र शर्मा, चीफ ऑफ ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, हैक-एआई-थॉन का उद्देश्य अगली पीढ़ी के टैलेंट को बीमा के भविष्य को आकार देने में शामिल करना था। यह देखकर खुशी होती है कि युवा कितनी साफ सोच और लक्ष्य के साथ जटिल चुनौतियों का समाधान पेश कर रहे हैं। एसबीआई लाइफ में, हम मानते हैं कि नवाचार का असली मकसद लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाना है।

### गोदरेज भारत में सुरक्षा समाधानों के लिए बना हुआ है पसंदीदा ब्रांड, शहरी इलाकों में 15% बाज़ार हिस्सेदारी का लक्ष्य

**कोलकाता :** गोदरेज एंटरप्राइज़ेज़ ग्रुप के सुरक्षा समाधान व्यवसाय ने वित्त वर्ष '25 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 1200 करोड़ रुपये से अधिक की आय दर्ज की, जिससे सुरक्षा के क्षेत्र में भारत के सबसे भरोसेमंद नामों में से एक के रूप में इसकी स्थिति और मज़बूत हुई। व्यवसाय ने वित्त वर्ष '26 में 15% वृद्धि का लक्ष्य रखा है, जो भारत के तेज़ी से बदलते शहरी और उपनगरीय बाज़ार खंडों से बढ़ती मांग से प्रेरित है, जहां सुरक्षा की ज़रूरतें तेज़ी से परिष्कृत हो रही हैं। यह वृद्धि नवोन्मेष, प्रौद्योगिकी एकीकरण और ग्राहकों पर ध्यान केंद्रित करने के दृष्टिकोण से प्रेरित होगी। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के सुरक्षा समाधान व्यवसाय के बिज़नेस हेड, पुष्कर गोखले ने इस दृष्टिकोण के बारे में कहा, आज उपभोक्ता केवल सुरक्षा ही नहीं चाहते हैं, वे स्मार्ट, सहज और विश्वसनीय सुरक्षा समाधान चाहते हैं जो उनके जीवन के अनुकूल हों। गोदरेज में, हमारा लक्ष्य सुरक्षा से परे जाकर लोगों और संस्थानों को ऐसी टेक्नोलॉजी से सशक्त बनाना है जो विश्वास, सुविधा और मन की शांति दे।

# राज्य मंत्री सबीना यास्मीन की तबीयत बिगड़ी, आईसीयू में भर्ती



**मालदा :** मोथाबारी विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं पश्चिम बंगाल सरकार में उत्तर बंगाल विकास, जलमार्ग और सिंचाई विभाग की राज्य मंत्री सबीना यास्मीन की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। उन्हें गंभीर हालत में मालदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के अनुसार मंत्री सबीना यास्मीन की तबीयत सोमवार को खराब हुई, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उनकी देखरेख कर रही है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि मंत्री की हालत चिंताजनक बनी हुई है, लेकिन डॉक्टरों की निगरानी में इलाज जारी है। उनके स्वास्थ्य को लेकर उनके परिवार और समर्थकों में भी चिंता का माहौल है। गौरतलब है कि सबीना यास्मीन मालदा जिले के मोथाबारी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं और उत्तर बंगाल विकास, जलमार्ग व सिंचाई विभाग में राज्य मंत्री के रूप में कार्यरत हैं।

# कर्तव्य पालन के दौरान बंगाल के सपूत की मौत, गंगासागर में शोक की लहर



**गंगासागर :** कर्तव्य के दौरान कमरे से एक सेना के जवान का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। मृत जवान की पहचान तपन जाना (31) के रूप में हुई है, जो गंगासागर विधानसभा क्षेत्र के खास रामकर यमुनाखाली गांव के निवासी थे।

परिवार के अनुसार, तपन वर्ष 2013 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे और वर्तमान में राजस्थान की 2 नंबर राजपूत रेजिमेंट में कमांडो के रूप में बेंगलुरु में तैनात थे। 20 जून को सेना की ओर से परिजनों को फोन कर उनकी मृत्यु की सूचना दी गई, जिसके बाद परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। रविवार शाम को उनका पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपटे कफिन में घर लाया गया, जिसे देखकर पूरा परिवार और गांव शोक में डूब गया। जिला परिषद सदस्य और जीबीडी के वाइस चेयरमैन संदीप कुमार पात्रा ने बताया कि पोस्टमॉर्टेम हो चुका है और विभागीय जांच जारी है। सेना के साथ आए जवानों के अनुसार, तपन अपनी बहन की हालिया मृत्यु के बाद मानसिक तनाव में थे और संभवतः मानसिक अवसाद के चलते उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। स्थानीय निवासी गुरुपद माइती ने बताया कि कुछ दिन पहले ही उनकी बहन का निधन हुआ था, जिसके अंतिम संस्कार के लिए वह घर आए थे और 12 दिन पहले ही ड्यूटी पर लौटे थे। तपन की असमय मौत ने पूरे सागर द्वीप को शोकाकुल कर दिया है। उनकी मृत्यु के कारणों की भारतीय सेना द्वारा जांच की जा रही है।

# बंगाल से बाहर दर्ज मामलों में वजाहत की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर सांप्रदायिक टिप्पणी संबंधी एक वीडियो साझा करने वाली सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले व्यक्ति को सोमवार को 14 जुलाई तक दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम राहत प्रदान की।



न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने वजाहत खान की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। सोशल मीडिया पर कथित तौर पर नफरत फैलाने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोपी वजाहत खान के खिलाफ पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न राज्यों में प्राथमिकी दर्ज हैं।

पीठ ने कहा कि खान को पश्चिम बंगाल पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया है और वह हिरासत में है।

खान के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने वाले पुराने पोस्ट को लेकर कई राज्यों में प्राथमिकी और शिकायतें दर्ज की गई हैं।

पीठ द्वारा याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताए जाने के बाद खान के वकील ने शीर्ष अदालत से अनुरोध किया कि अगली तारीख तक उनके मुवक्किल के खिलाफ कोई और दंडात्मक कार्रवाई न करने का निर्देश दिया जाए।

पीठ ने कहा, 'अनुरेध पर विचार करने के बाद हम इसे स्वीकार करने के लिए तैयार हैं।'

शीर्ष अदालत ने अंतरिम राहत देते हुए कहा कि 14 जुलाई को सुनवाई की अगली तारीख तक, याचिका में संदर्भित प्राथमिकी या शिकायतों या इसी तरह के आरोपों के संबंध में उसके (खान के) खिलाफ संभावित प्राथमिकी या शिकायतों के आधार पर याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए।

खान को कोलकाता पुलिस ने नौ जून को गिरफ्तार किया था।

खान ने उच्चतम न्यायालय का रुख करके आरोप लगाया था कि उसके द्वारा किए गए कुछ पुराने पोस्ट को लेकर असम, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और हरियाणा सहित कई राज्यों में प्राथमिकी और शिकायतें दर्ज की गई हैं।

उसने दलील दी कि ये प्राथमिकी उनके द्वारा पनोली के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत के प्रतिशोध में दर्ज की गई हैं। खान की शिकायत पर पनोली को गिरफ्तार किया गया था और बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

खान ने याचिका में उच्चतम न्यायालय के पूर्व के कई निर्णयों और आदेशों का हवाला दिया, जिनमें एक राज्य में विभिन्न स्थानों पर दर्ज प्राथमिकी या विभिन्न राज्यों में दर्ज एक से अधिक प्राथमिकी को एकीकृत करने के आदेश पारित किए गए थे।

पीठ ने याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताते हुए केंद्र और पश्चिम बंगाल, असम, महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा राज्यों को नोटिस जारी किये।

मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी।

## अभिषेक 25 जून को 11 वर्षों की प्रगति रिपोर्ट पेश करेंगे

**कोलकाता :** 2024 में डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र से भारी जनसमर्थन के साथ जीत हासिल कर अभिषेक बनर्जी तीसरी बार सांसद बने हैं। 25 जून को तीसरी बार सांसद बनने के बाद अभिषेक डायमंड हार्बर में पिछले एक साल और कुल मिलाकर पिछले 11 सालों में किए गए विकास कार्यों का विस्तृत ब्योरा पेश करेंगे। उस दिन तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव सतगछिया विधानसभा क्षेत्र के श्रीकृष्णपुर बोरहानपुर स्कूल मैदान में जनसभा कर इस विकास रिपोर्ट को पेश करेंगे। सांसद बनने के बाद से अभिषेक हर साल नियमित रूप से इस विकास रिपोर्ट को प्रकाशित करते रहे हैं। इसका आधिकारिक नाम 'साइलेंट रिवोल्यूशन' है। तीसरी बार सांसद बनने के बाद अभिषेक ने डायमंड हार्बर लोकसभा के सातों विधानसभा



क्षेत्रों में लगातार दो बार 'सेवाश्रय' स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

उन शिविरों में लाखों लोग आए। 'सेवाश्रय' के आधिकारिक रूप से पूरा हो जाने के बाद भी अभिषेक लोगों के दरवाजे पर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करा रहे हैं। कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इससे पहले किसी सांसद ने अपने लोकसभा क्षेत्र में इस तरह का स्वास्थ्य शिविर नहीं लगाया है। अभिषेक पहली बार 2014 में सांसद बने थे। 2014 से 2024 के बीच उन्होंने डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य किए हैं। अभिषेक के 'डायमंड हार्बर मॉडल' की अब न केवल राज्य में बल्कि पूरे देश में चर्चा हो रही है। सांसद रहते हुए अभिषेक ने जिस तरह से अपने लोकसभा क्षेत्र में विकास कराया, अब उसे दूसरे राज्यों के सांसद भी आजमा रहे हैं। अभिषेक हर साल अपने लोकसभा क्षेत्र में विकास रिपोर्ट पेश करते हैं। पिछले साल विकास रिपोर्ट पेश करते हुए अभिषेक ने कहा था कि अगले दस सालों में डायमंड हार्बर के लिए उनके पास बड़े लक्ष्य हैं। उन्होंने क्षेत्र के आम लोगों को भरोसा दिलाते हुए एक साल पहले दावा किया था कि अगले दस सालों में डायमंड हार्बर में 10,000 करोड़ टका से अधिक का काम होगा।

### हावड़ा में महिला ने रचा अपने ही बच्चे के अपहरण का नाटक, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के दासनगर इलाके में रहने वाली संगीता सिंह ने अपने ही बच्चे के अपहरण का नाटक रच कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। मामले की जांच के दौरान जब सच्चाई सामने आई, तो पुलिस ने झूठी सूचना देने के आरोप में उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस बीच, घोला थाने की पुलिस ने संगीता सिंह को गिरफ्तार कर अपने साथ थाने ले गई। जानकारी के मुताबिक, संगीता के खिलाफ घोला थाने में पहले से ही अपहरण का एक मामला दर्ज है, जो पिछले साल मई में दर्ज हुआ था।

### तृणमूल नेता हत्याकांड में 19 दोषी, विधायक विश्वनाथ कारक समेत 7 बरी

**हुगली :** हुगली के अरामबाग महकमा अदालत ने वर्ष 2011 में हुए तृणमूल नेता शेख नईमुद्दीन हत्याकांड में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने कुल 19 आरोपियों को दोषी करार दिया है, जबकि तत्कालीन विधायक और सीप-ीआई(एम) के कुछ नेताओं समेत सात लोगों को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया है। यह घटना गोघाट थाना क्षेत्र के श्याओड़ा यूनियन हाई स्कूल में प्रबंधन समिति चुनाव के नामांकन को लेकर हुई थी, जिसमें तृणमूल नेता शेख नईमुद्दीन की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक की पत्नी द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में कुल 27 आरोपी थे। सोमवार को अदालत ने 19 दोषियों को गिरफ्तारी का आदेश दिया, जबकि विधायक विश्वनाथ कारक, देवु चट्टोपाध्याय और भास्कर राय समेत सात आरोपियों को बरी किया। दोषियों को आईपीसी की धारा 302 और 149 के तहत सजा सुनाई जाएगी। इस फैसले को राजनीतिक हत्याओं के मामलों में न्याय का महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

### बंधन बैंक ने चार राज्यों में 18 नई शाखाएं खोलीं

**कोलकाता :** निजी क्षेत्र के बंधन बैंक ने सोमवार को कहा कि उसने देश के चार राज्यों में 18 नई शाखाएं खोली हैं। इन 18 नई शाखाओं में से सात झारखंड में, पांच आंध्र प्रदेश में और तीन-तीन बिहार एवं ओडिशा में हैं। बैंक ने बयान में कहा कि सभी नई शाखाएं चारों राज्यों के कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं देंगी। इसके साथ ही अब देशभर में बैंक के 6,300 बैंकिंग आउटलेट हो गए हैं। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा, 'हम उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पादों एवं सेवाओं का अनुकूलन कर असाधारण ग्राहक सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। देशभर में विस्तार के साथ हम टिकाऊ वृद्धि और भिनव समाधान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।' बंधन बैंक की पहुंच अब देश के 36 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में से 35 तक हो चुकी है।

## कान में बाली पहनने पर शिक्षक ने टोका, छात्र ने सड़क पर शिक्षक को पीटा

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के लिलुआ स्थित टीआरजीआर खेमका हाई स्कूल में अनुशासनहीनता की एक गंभीर घटना सामने आई है। स्कूल में कान में बाली पहनकर आने पर एक शिक्षक द्वारा टोके जाने से नाराज छात्र ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर शिक्षक पर बीच सड़क पर हमला कर दिया। आरोपी छात्र 12वीं आर्ट्स वर्ग का बताया जा रहा है। घटना शनिवार को तब हुई जब शिक्षक जॉयदीप प्रमाणिक स्कूल से घर लौट रहे थे। उसी दौरान छात्र ने झील रोड पर अपने साथियों के साथ मिलकर उन पर बांस और डंडों से हमला कर दिया। शिक्षक को गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।



यह विवाद शुक्रवार को शुरू हुआ था जब छात्र बाली पहनकर स्कूल आया था और शिक्षक ने उसे अनुशासन का पालन करने के लिए टोका था। इस घटना के बाद स्कूल प्रशासन ने लिलुआ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। प्रधानाध्यापक स्वदेश कुमार गिरि ने बताया कि छात्र पहले भी स्कूल की ड्रेस और अनुशासन का पालन नहीं करता था। सोमवार को जब वह फिर स्कूल आया, तो उसे घर भेज दिया गया। पुलिस ने मामले में हस्तक्षेप करते हुए छात्र को थाने बुलाकर चेतावनी दी है। इस घटना से स्कूल में भय का माहौल है और शिक्षकों ने आपात बैठक कर आगे की रणनीति पर चर्चा की।

## अलिपुर चिड़ियाघर में बेहोश किए बिना बाघिन 'पायल' का हुआ यूएसजी, पशु चिकित्सा में अनोखी पहल

**कोलकाता :** अलिपुर चिड़ियाघर में पहली बार एक रॉयल बंगाल टाइग्रेस का अल्ट्रासाउंड (यूएसजी) परीक्षण बिना किसी बेहोशी की प्रक्रिया के किया गया। चिकित्सा जगत में इस प्रयास को एक उल्लेखनीय कदम माना जा रहा है। 17 वर्षीया बाघिन 'पायल' को उसके पिंजरे में ही विशेषज्ञों की देखरेख में यह परीक्षण कराया गया, जिसमें वह शांत स्वभाव से खड़ी रही।

चिड़ियाघर के सूत्रों के मुताबिक, बीते कुछ समय से बाघिन पायल की सेहत ठीक नहीं थी। वह न के बराबर खाना खा रही थी और ज्यादातर समय लेटी रहती थी। उसकी गतिविधियों में आई इस सुस्ती को लेकर 'किपर' कर्मचारियों ने चिंता जताई और चिकित्सकों को सूचना दी। डॉक्टरों ने पिंजरे के बाहर से निरीक्षण कर स्थिति की गंभीरता को समझा और यूएसजी सहित कई जांचें करने का निर्णय लिया।

सामान्यत: ऐसे मामलों में पशु को अस्पताल ले जाकर पहले बेहोश किया जाता है। लेकिन इस बार जोखिम को ध्यान में रखते हुए चिड़ियाघर प्रशासन ने पायल को 'स्विस केज' नामक एक संकरे पिंजरे में रखा, जिससे उसकी हरकतें सीमित हो सकें। जब वह खड़ी हुई, तो पिंजरे की रचना इस तरह की गई थी कि वह केवल दो पैरों पर खड़ी हो सके और कोई हिल-डुल न पाए। इसी स्थिति में डॉक्टरों ने अल्ट्रासाउंड किया।

यूएसजी से पहले जब पायल पिंजरे में लाई गई, तो उसने सहजता से खुद को आराम से ढाल लिया। कर्मचारियों ने भी उसके सिर और पीठ पर हाथ फेरकर उसे शांत किया। उनके अनुसार, बाघिन ने किसी भी प्रकार की गुर्राहट या आक्रामकता नहीं दिखाई और परीक्षण के दौरान 'आज्ञाकारी' की तरह खामोशी से खड़ी रही।

चिड़ियाघर के निदेशक अरुण मुखोपाध्याय ने बताया कि पायल के प्रजनन अंगों में समस्या पाई गई है। अब उसकी इलाज प्रक्रिया चिड़ियाघर के डॉक्टरों के साथ-साथ बाहरी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में जारी है। पहले जहां वह कुछ भी नहीं खा रही थी, अब उसकी भूख लौट रही है और वह भोजन ले रही है।

पायल को वर्ष 2016 में ओडिशा के नंदनकानन जू से अलिपुर चिड़ियाघर लाया गया था। उस समय उसका उद्देश्य प्रजनन कार्यक्रम को बढ़ावा देना था, लेकिन 17 साल की उम्र में अब वह वृद्धावस्था में है और प्रजनन की संभावना लगभग समाप्त हो चुकी है।

### हीरे जड़े सोने के गहनों की चोरी का खुलासा, महिला आरोपी गिरफ्तार, लाखों के आभूषण बरामद

**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस की डिटेक्टिव डिपार्टमेंट (डी.डी.) की वॉच सेक्शन ने हीरे जड़े सोने के आभूषण चोरी के मामले में अहम सफलता हासिल की है। घटना 10 जून 2025 की है, जब एक महिला



शिकायतकर्ता चांदितला (हुगली) से कोलकाता के झ-6, कलाकार स्ट्रीट की ओर ट्रेन और बस से यात्रा कर रही थीं। इसी दौरान, उनके पास से अज्ञात व्यक्ति ने तीन कीमती गहने चुरा लिए - एक हीरे जड़ा सोने का कंगन (12.990 ग्राम), एक हीरे जड़ी सोने की अंगूठी (4.850 ग्राम) और एक महिला हीरे जड़ी सोने की अंगूठी (4.100 ग्राम)। इनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 3 लाख रुपये बताई गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डिटेक्टिव डिपार्टमेंट की वॉच सेक्शन ने जांच शुरू की और एक विश्वसनीय सूचना के आधार पर 17 जून 2025 को नीतू परमार (32), पत्नी जॉय परमार, निवासी उत्तरपाड़ा, हुगली, को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी महिला ने चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और उसके बयान के आधार पर पुलिस ने उत्तरपाड़ा स्थित उसके किराये के मकान में छापेमारी कर चोरी किए गए सभी गहने बरामद कर लिए। अब आरोपी को 24 जून को न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहां उससे आगे की पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड मांगेगी। इस कार्रवाई से यात्रियों में सुरक्षा को लेकर पुलिस की तत्परता और कार्यकुशलता एक बार फिर सामने आई है।

## हुगली ग्रामीण पुलिस की सराहनीय पहल: खोए मोबाइल लौटाए, साइबर ठगी पीड़ित को धनवापसी

**हुगली :** हुगली जिले के धनियाखाली थाने में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में ग्रामीण पुलिस ने मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश की। इस अवसर पर डीएसपी (हुगली ग्रामीण) प्रियव्रत बक्शी ने खोए हुए मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को सौंपे। कार्यक्रम में धनियाखाली की विधायक असीमा पात्रा, थाना प्रभारी सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस की इस पहल को स्थानीय लोगों ने दिल खोलकर सराहा और इसे जनता तथा प्रशासन के बीच विश्वास का एक मजबूत सेतु बताया। इसी कार्यक्रम के दौरान साइबर ठगी का शिकार हुए सुप्रिय पाल को 1,30,980 (एक लाख तीस हजार नौ सौ अस्सी रुपए) का




चेक सौंपा गया। यह राशि हुगली ग्रामीण पुलिस की सतर्कता और साइबर अपराध के खिलाफ सक्रिय कार्रवाई का प्रमाण मानी जा रही है। इस पहल का उद्देश्य न केवल खोए हुए कीमती सामानों की वापसी सुनिश्चित करना है, बल्कि साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करना और यह संदेश देना भी है कि समय पर की गई शिकायत से न केवल अपराधियों को पकड़ा जा सकता है, बल्कि आर्थिक क्षति की भरपाई भी संभव है। हुगली ग्रामीण पुलिस की यह मानवीय और प्रोएक्टिव पहल क्षेत्र में पुलिस-जन संबंधों को और भी मजबूत कर रही है।

## हावड़ा से पटना यात्रा के दौरान युवक की सीट विवाद के बाद गुमशुदगी

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा से पटना के लिए विभूति एक्सप्रेस में सवार युवक धीरज कुमार की गुमशुदगी की खबर सामने आई है। बालेश्वर सिंह, जो बिहार के वैशाली जिले के ग्राम शीतलभकुरहर के निवासी हैं, ने जीआरपी थाना हावड़ा में अपने पुत्र धीरज कुमार के गुम होने की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि धीरज कुमार 20 जून की रात करीब 8 बजे हावड़ा से पटना के लिए ट्रेन में सवार हुआ था, जिसका बोगी नंबर एस-7 और बर्थ नंबर 48 था। 21 जून की सुबह उसके मोबाइल पर कॉल करने पर फोन बंद मिला, जबकि वह सुबह करीब 4 बजे पटना पहुंचना था। धीरज के दोस्त सुमित उपाध्याय ने बताया कि हावड़ा में ट्रेन में बैठते समय धीरज कुमार का एक व्यक्ति से सीट को लेकर विवाद हुआ था।



धीरज ने उस व्यक्ति और अपनी सेल्फी की फोटो व्हाट्सएप पर सुमित को भेजी थी, जो शिकायत के साथ संलग्न है। परिवार ने अपनी ओर से जीआरपी पटना और जीआरपी कियुल (झारखंड) तक पता लगाया, लेकिन अब तक कोई खबर नहीं मिल सकी। बालेश्वर सिंह ने हावड़ा जीआरपी से उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### न्यूज अपडेट

### भारत में पहला मायक्लिप टीईईआर सिस्टम लॉन्च, मेरिल ने रचा चिकित्सा क्षेत्र में इतिहास

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेरिल लाईफ साइंसेज ने गंभीर मिट्रल रीगर्जिटेशन के इलाज के लिए भारत का पहला ट्रांसकैथेटर-एज-टू-एज रिपेयर (टीईईआर) सिस्टम 'मायक्लिप' 14 जून को लॉन्च किया। यह उपलब्धि वापी (गुजरात) स्थित मेरिल एकेडमी में 13-15 जून को आयोजित कार्यक्रम में दर्ज हुई, जिसमें 150 से अधिक इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट्स और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ शामिल हुए। 'मायक्लिप' उन मरीजों के लिए डिजाइन किया गया है, जिनके लिए सर्जरी जोखिमभरी हो सकती है। यह मिनिमल इनवेसिव प्रक्रिया है जो एक घंटे में पूरी हो जाती है और मरीज कुछ ही दिनों में सामान्य जीवन में लौट सकता है। मेरिल, मायक्लिप लॉन्च कर टीईईआर व टीएवीआई दोनों पेश करने वाली भारत की पहली कंपनी बनी। इस मौके पर सीनियर वाइस प्रेसिडेंट संजीव भट्ट ने बताया कि देश में करीब 1.5 मिलियन लोग इस रोग से प्रभावित हैं। 'मायक्लिप' देश में स्ट्रक्चर्ड हार्ट थेरेपी के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है।

### हिन्दुस्तान कॉपर ने किया चिली की कोडेल्को टीम का गर्मजोशी से स्वागत

**कोलकाता, समाज्ञा :** हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) ने चिली की सरकारी कॉपर माइनिंग कंपनी कोडेल्को के प्रतिनिधिमंडल का दिल्ली में गर्मजोशी से स्वागत किया। पहली बार भारत आए इस प्रतिनिधिमंडल का तीन सप्ताह का दौरा एचसीएल की विभिन्न इकाइयों और कार्यालयों के भ्रमण और उनके कार्यों के मुआयने के लिए निर्धारित है। इस दौरान दोनों कंपनियों के बीच ज्ञान-साझाकरण, नवाचार और वैल्यू एडिशन के संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक फोंट की उपस्थिति में 1 अप्रैल 2025 को एचसीएल और कोडेल्को के बीच हस्ताक्षरित ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का हिस्सा है। इस एमओयू का उद्देश्य खनन, अन्वेषण, खनिज प्रसंस्करण, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में सहयोग को बढ़ावा देना है। प्रतिनिधिमंडल में कोडेल्को के खनन विशेषज्ञ एंजिलो कटालानो, जेस पेरेज, कार्लोस डोनोसो, जॉर्ज लांडा और सर्गियो हैरिक्केज शामिल हैं।

### बजाज आलियांज ने पश्चिम बंगाल के लिए पेश किया खास हेल्थ इंश्योरेंस प्लान आपनार जोन्यो

**कोलकाता, समाज्ञा :** बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने पश्चिम बंगाल के निवासियों के लिए एक विशेष हेल्थ इंश्योरेंस प्लान आपनार जोन्यो लॉन्च किया है। यह पॉलिसी राज्य की अनूठी स्वास्थ्य जरूरतों और मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है। पर्सनलाइज़्ड कवरेज और किफायती प्रीमियम के साथ, यह योजना 5 से 20 लाख रुपये तक का बीमा कवर प्रदान करती है। आपनार जोन्यो में इनपेशेंट हॉस्पिटलाइजेशन, डे-केयर प्रक्रियाएं, एडवांस्ड ट्रीटमेंट जैसे रोबोटिक सर्जरी और स्टेम सेल थेरेपी शामिल हैं। यह अंगदाता के खर्चों को भी कवर करता है और आजीवन रिन्यूअल सुविधा प्रदान करता है। पॉलिसी में सुपर क्यूमुलेटिव बोनस, अनलिमिटेड सम इंश्योर्ड रीइंस्टेटमेंट, कैशलेस क्लेम डिस्काउंट और एक्सीडेंटल डेथ कवर जैसे लाभ भी मिलते हैं। बजाज आलियांज के एमडी और सीईओ डॉ. तपन सिंघल ने इसे हेल्थ इंश्योरेंस को क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुसार ढालने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया।

## हावड़ा के आमता में दुकान के शटर से करंट लगने से युवक की मौत, इलाके में शोक

**हावड़ा :** हावड़ा जिले के आमता के खसनान इलाके में दुकान के शटर में करंट लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान शेख शाहिल (उम्र 19 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना सोमवार दोपहर की है जब शाहिल तेज धूप से बचने के लिए खसनान की एक दुकान के शटर के सामने टिककर बैठा था। उसी समय उसे अचानक बिजली का झटका लगा। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत आमता सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ले जाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाहिल की अकाल मृत्यु से उसके परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ (आमता) निरुपम घोष, सीआई अमिय घोष और ओसी अजय सिंह सहित अन्य



पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। आमता थाना पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और यह जानने की कोशिश कर रही है कि शटर में करंट कैसे आया। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दुकान मालिक की लापरवाही से यह हादसा हुआ है। उन्होंने मांग की है कि दोषियों को कड़ी सजा दी जाए और मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

## दिल दहला देने वाली हत्या का खुलासा, पति की हत्यारी पत्नी सहित चार गिरफ्तार

**हुगली :** हुगली जिले के जंगीपाड़ा थाना क्षेत्र में पिछले डेढ़ महीने से लापता युवक की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा सोमवार को जंगीपाड़ा थाने में आयोजित प्रेस वार्ता में हुगली ग्रामीण पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कृष्णानु रॉय ने किया। उन्होंने बताया कि मृतक की पत्नी अपर्णा बिराज समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में मृतक का ससुर जयदेव रुईदास, साला अभिजीत रुईदास और पड़ोसी प्रदीप पात्र शामिल हैं। मृतक की पहचान चंडीतला थाना क्षेत्र के मशाट निवासी रबीन रुईदास (36) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रबीन रुईदास 11 मई को अपने ससुराल कानाईपुर गया था, जिसके बाद वह लापता हो गया। 13




मई को परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच में सामने आया कि आपसी पारिवारिक तनाव के चलते रबीन की उसकी पत्नी और अन्य रिश्तेदारों ने मिलकर हत्या कर दी थी। शव को खेत के पास सिंचाई के नलकूप के बगल में दफनाया गया था। पुलिस ने रविवार को शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम और डीएनए जांच के लिए भेजा है। अधिकारियों के अनुसार, हत्या की योजना पहले से बनाई गई थी और साक्ष्य छिपाने के लिए शव को गुप्त स्थान पर दफनाया गया। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है। यह वारदात पूरे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का कारण बनी हुई है। पुलिस हर पहलू की गहराई से जांच कर रही है।

## राज्यपाल ने समाज के कमजोर वर्गों तक राजभवन की पहुंच बढ़ाने पर दिया जोर

**कोलकाता :** बंगाल के राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस ने लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध एक गैर-पक्षपाती संस्था के रूप में राजभवन की पहचान को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राजभवन के फ्लैगस्टाफ हाउस, बैरकपुर में एक महत्वपूर्ण कार्यकारी गोलमेज बैठक आयोजित की। बैठक में राज्यपाल के विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी), एडीसी और वरिष्ठ सलाहकारों ने सामुदायिक विकास को आगे बढ़ाने और समाज के कमजोर वर्गों तक राजभवन की पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित एक दिन की बातचीत के लिए एक साथ आए। राजभवन की ओर से सोमवार को एक बयान में बताया गया कि राज्यपाल ने जमीनी स्तर पर काम करने वाली और गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों की जरूरतों को समझने वाली सरकारी और गैर-सरकारी



दोनों एजेंसियों के साथ निरंतर जुड़ाव के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने दोहराया कि राजभवन को तटस्थता और समावेश का स्थान बना रहना चाहिए, जो राजनीतिक संबद्धताओं से मुक्त हो और राज्य के लोगों की आवाज और प्रयासों को बढ़ाने के लिए समर्पित हो।

राज्यपाल ने ओएसडी संदीप राजपूत को इस उद्देश्य के लिए टास्क फोर्स का प्रमुख नियुक्त किया है।

चर्चा के दौरान, प्रतिभागियों ने राजभवन के प्रयासों को चल रही सामाजिक पहलों के साथ जोड़ने, जहां भी आवश्यक हो, नैतिक और संस्थागत समर्थन देने के लिए व्यावहारिक रणनीतियों की खोज की। राज्यपाल ने अधिक प्रभावी और जन-केंद्रित परिणाम सुनिश्चित करने के लिए नागरिक समाज संगठनों, विकास पेशेवरों और सार्वजनिक सेवा संस्थानों के साथ सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने पुष्टि की कि सभी हितधारकों को, चाहे उनकी संबद्धता कुछ भी हो, इस हेल्पलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से सार्थक संवाद और संयुक्त कार्रवाई में भाग लेने के लिए स्वागत महसूस करना चाहिए। राज्यपाल ने अपने मौजूदा सार्वजनिक जुड़ाव कार्यक्रमों- आमने-सामने और आमार ग्राम की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जो वर्तमान में राजभवन में संचालित हेल्पलाइन हैं, जो प्रशासन को सीधे जनता से जोड़ने में कारगर साबित हुई हैं। इन पहलों ने संस्थानों और नागरिकों के बीच की खाई को पाटने, समय पर सहायता प्रदान करने और जवाबदेही और पहुंच की संस्कृति बनाने में मदद की है। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन केवल एक ऐतिहासिक इमारत नहीं है, बल्कि एक जीवंत संस्थान है जो राज्य के लोगों का है। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की कि यह सेवा, सहयोग और आशा का प्रतीक बना रहे। उन्होंने कहा कि कार्यकारी गोलमेज सम्मेलन समाज के सभी स्तरों पर विकास और विश्वास को बढ़ावा देने में संस्था की भूमिका को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। भविष्य में, राजभवन सामुदायिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यावरण संरक्षण, युवा विकास, सामुदायिक सेवा, कृषि, सुगम्यता पहल और सार्वजनिक हितों के अन्य क्षेत्रों में अपनी भागीदारी को और गहरा करना जारी रखेगा। यह गतिविधियां बंगाल के लोगों के प्रति अपनी संवैधानिक गरिमा, निष्पक्षता और नैतिक जिम्मेदारी को दृढ़ता से कायम रखते हुए की जाएंगी।

## 21 जुलाई रैली की तैयारी को लेकर आमता में तृणमूल कांग्रेस की बैठक

**हावड़ा :** आगामी 21 जुलाई तृमूल कांग्रेस शहीद दिवस को केंद्र कर आमता विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की एक विशेष तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में आमता के विधायक सुकांत पाल, सभी जिला परिषद सदस्य, प्रमुख पार्टी नेता, पंचायत समिति के अध्यक्ष एवं कार्याध्य, ग्राम प्रधान, अंचल अध्यक्ष, युवा अध्यक्ष, महिला, छात्र, अल्पसंख्यक, आईएनटीटीयूसी, किसान खेत मजदूर, अनुसूचित जाति-जनजाति एवं एबीसी प्रकोष्ठ के नेता उपस्थित थे। विधायक सुकांत पाल ने निर्देश दिया कि विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ में अधिकतम संख्या में दीवार लेखन हो और रिकॉर्ड संख्या में



कार्यकर्ताओं को कोलकाता ले जाने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह भी बताया कि 21 जुलाई के समर्थन में कई बड़ी सभाएं और पदयात्राएं आयोजित की जाएंगी, जिसकी प्रचार जिम्मेदारी युवा तृणमूल कांग्रेस को सौंपी गई है।

इस दिन विधायक सुकांत पाल ने स्वयं कई स्थानों पर दीवार लेखन में भाग लिया और कार्यकर्ताओं में जोश भरा। पार्टी नेतृत्व का लक्ष्य है कि इस बार 21 जुलाई की रैली में आमता विधानसभा से ऐतिहासिक भागीदारी दर्ज हो।

# दूरदर्शी स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद् और राष्ट्र-निर्माता थे श्यामा प्रसाद मुखर्जी : आदित्यनाथ



भारत माता के महान सपूत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि है। वर्ष 1953 में आज ही के दिन उन्होंने राष्ट्रीय एकता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। मुख्यमंत्री

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर सोमवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने मुखर्जी को 'भारत माता का महान सपूत', एक दूरदर्शी नेता और एक ऐसा कट्टर राष्ट्रवादी बताया जिसने अखंड भारत के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। आदित्यनाथ ने संघ के विचारक मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में भाग लिया। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, वरिष्ठ नेता दिनेश शर्मा और कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी शामिल हुए। आदित्यनाथ ने कहा, आज भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष और ने मुखर्जी को दूरदर्शी स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद् और राष्ट्र निर्माता बताते हुए स्वतंत्र भारत में कैबिनेट मंत्री के रूप में देश के औद्योगिक और खाद्य नीति को आकार देने में उनकी भूमिका का जिक्र किया। आदित्यनाथ ने दावा किया कि मुखर्जी ने खासकर कश्मीर के मुद्दे पर राष्ट्रीय अखंडता से समझौता करने के प्रयासों का विरोध करते हुए जवाहरलाल नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुखर्जी ने उस समय जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 और परमिट प्रणाली का कड़ा विरोध किया था। उन्होंने कहा, जब 1950 में संविधान लागू हुआ और 1952 के चुनावों के बाद अनुच्छेद 370 लागू किया गया तो मुखर्जी ने अपनी आवाज़ बुलंद की और 'एक राष्ट्र, एक नेता, एक कानून की बात की।

## बच्ची ने सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लगायी स्कूल में प्रवेश की गुहार, तुरंत ख्वाहिश पूरी



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' में सोमवार सुबह एक बच्ची ने उनसे स्कूल में प्रवेश दिलाने का अनुरोध किया और दोपहर तक उसका दाखिला हो गया। 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में मुरादाबाद की एक बच्ची ने मुख्यमंत्री से कहा, 'मैं स्कूल जाना चाहती हूं और आप स्कूल में मेरा दाखिला करा दीजिए।' मुख्यमंत्री ने उसके अनुरोध पर ध्यान दिया और दोपहर ही उसका प्रवेश मुरादाबाद के सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल में हो गया। विद्यालय प्रशासन ने तत्काल इसकी जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी दे दी। एक बयान के अनुसार सोमवार को योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' कार्यक्रम किया। इस दौरान मुरादाबाद की 'वाची' नामक छोटी बच्ची अपनी बात लेकर उनके पास पहुंची। हर एक फरियादी के पास पहुंच रहे मुख्यमंत्री जब इस बच्ची के पास पहुंचे तो उसे देख सबसे पहले हालचाल पूछा, फिर उसका भी प्रार्थना पत्र लिया और पढ़ा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने वाची से पूछा, 'तूम स्कूल नहीं जाना चाहती हो। इस पर बच्ची बोली, 'नहीं, मैं स्कूल जाना चाहती हूं। मैं यह कह रही थी कि आप स्कूल में मेरा दाखिला करा दीजिए।' मुख्यमंत्री ने पूछा, 'किस कक्षा में। 10वीं या 11वीं में, बच्ची ने तपाक से उत्तर दिया, 'अरे, मुझे नाम नहीं पता।'

## न्यूज इन ब्रीफ

### मथुरा में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा 27 जून को निकाली जाएगी

**मथुरा (उप्र):** मथुरा शहर में श्रीकृष्ण भावनामृत संघ द्वारा आगामी 27 जून को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस्कॉन वृन्दावन के प्रवक्ता रविलोचन दास ने सोमवार को यहां बताया कि यह रथयात्रा राधा आर्चिड कॉलोनी से प्रारंभ होकर मसानी, डीग गेट, चौक बाजार, होली गेट, भरतपुर गेट आदि सभी प्रमुख बाजारों से होती हुई पुन: डीग गेट, मसानी, कल्याणं करोति होकर राधा आर्चिड पर ही संपन्न होगी।

### सपा के तीन विधायक पार्टी से निष्कासित, विधायकों ने की आलोचना

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी (सपा) ने तीन बागी विधायकों-- अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह और मनोज कुमार पांडेय को सोमवार को निष्कासित कर दिया। गोसाईगंज से सपा विधायक अभय सिंह, गौरीगंज से पार्टी विधायक राकेश प्रताप सिंह और ऊंचाहार से विधायक मनोज कुमार पांडेय पर खुले तौर पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थन में आने का आरोप है। निष्कासित विधायकों ने अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पार्टी के फैसले की कड़ी आलोचना की तथा इसके आंतरिक नेतृत्व और वैचारिक भटकाव पर सवाल उठाए। सपा ने इन तीनों विधायकों के निष्कासन का एलान करते हुए 'एक्स' पर कहा, 'समाजवादी सौहार्दपूर्ण सकारात्मक विचारधारा की राजनीति के विपरीत साम्प्रदायिक विभाजनकारी नकारात्मकता तथा किसान, महिला, युवा, कारोबारी, नौकरीपेशा और 'पीडीए विरोधी' विचारधारा का साथ देने के कारण ' तीनों विधायकों को पार्टी से निष्कासित किया गया है।

### ट्रेन में एक बैग में मिला लावारिस शिशु, अस्पताल में भर्ती

**मुरादाबाद (उप्र):** मुरादाबाद में पटना-चंडीगढ़ समर स्पेशल ट्रेन के एसी द्वितीय श्रेणी के डिब्बे में एक बैग में एक लावारिस नवजात शिशु पाया गया। राजकीय रेलवे पुलिस के निरीक्षक मुस्तकीम अली ने बताया कि शनिवार देररात डिब्बे में यात्रियों ने एक बैग में कुछ हलचल देखी जिसके बाद संदेह होने पर उन्होंने रेलवे अधिकारियों को सूचित किया तथा जब बैग के अंदर देखा गया तो उसमें एक नवजात शिशु मिला।

## नीतीश कुमार ने पटना को राघोपुर से जोड़ने वाले पुल का उद्घाटन किया



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गंगा नदी पर बने छह लेन के पुल का सोमवार को उद्घाटन किया, जो राज्य की राजधानी पटना को राघोपुर से जोड़ेगा। राघोपुर कुमार के प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद का गढ़ है। कुमार ने शहर के पूर्वी छोर पर स्थित कच्ची दरगाह मस्जिद के पास फीता काटकर 4.57 किलोमीटर लंबे पुल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित कई मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष नवल किशोर यादव और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। यादव पटना साहिब निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। समारोह के बाद, मुख्यमंत्री राघोपुर गए, जो विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव का विधानसभा क्षेत्र है। वैशाली जिले में पड़ने वाले राघोपुर में, कुमार का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया, जिनके साथ मुख्यमंत्री ने परियोजना के पूरा होने पर अपनी खुशी साझा की। कुमार ने कहा, 'राघोपुर दियारा (नदी क्षेत्र) के लोग, जो पहले पटना आने के लिए गंगा पार नावों पर निर्भर थे, उन्हें इससे काफी लाभ होगा।' राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव कार्यक्रम में मौजूद नहीं थे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि वह राजद कार्यालय में थे, जहां प्रसाद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में फिर से चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। यादव, उनकी मां राबड़ी देवी और प्रसाद कई बार राघोपुर का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

### झारखंड के जमशेदपुर में हथियार बरामद, व्यक्ति गिरफ्तार

**जमशेदपुर(झारखंड):** जमशेदपुर के कदमा इलाके में सोमवार को हथियार बरामद किए जाने के बाद इस सिलसिले में 28 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। खुफिया सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीयूष पांडे ने संदिग्ध को पकड़ने के लिए पुलिस अधीक्षक (एसपी) (नगर) कुमार शिवाशीष के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की थी। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी)(मुख्यालय-2) मनोज कुमार ठाकुर और कदमा थाने के अधिकारियों सहित टीम ने छापेमारी कर हरिकेश पटेल को गिरफ्तार कर लिया।

## मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक के लिये गृह मंत्री अमित शाह पहुंचे वाराणसी

■ गृहमंत्री अमित शाह ने वाराणसी में की बाबा कालभैरव की पूजा, पुजारियों ने उतारी नजर, बांधा कलावा



**वाराणसी (उप्र):** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार शाम दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। यहां लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाह का स्वागत किया। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। आधिकारिक बयान के अनुसार शाह वाराणसी में अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को मध्य क्षेत्रीय परिषद की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। सोमवार शाम सभी अतिथि काशी कोतवाल काल भैरव और बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आयोजित रात्रिभोज में शामिल होंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक 24 जून को पूर्वाह्न करीब 11 बजे से दो बजे तक ताज होटल में प्रस्तावित है। अधिकारियों ने बताया कि बैठक को लेकर प्रशासन की तैयारियां हो चुकी हैं। सुरक्षा की भी चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक काशी में पहली बार हो रही है। चौबीस जून को प्रस्तावित 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी रहेंगे।

### लुधियाना पश्चिम उपचुनाव: आप ने पंजाब में जीत का श्रेय 'शासन' को दिया

**चंडीगढ़:** लुधियाना पश्चिम विधानसभा उपचुनाव के नतीजे आम आदमी पार्टी (आप) के लिए उत्साहवर्धक रहे हैं, जो दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद चुनावी जीत की उम्मीद कर रही थी। आप के राष्ट्रीय संयोजक प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पंजाब के लोगों ने पार्टी के शासन को भारी समर्थन दिया है। वहीं राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस बात पर जोर दिया कि यह दर्शाता है कि लोग उनकी सरकार के काम से बेहद खुश हैं। पंजाब में सत्तारूढ़ आप ने लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा है। उसके उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और कांग्रेस उम्मीदवार भारत भूषण आशु को 10,637 मतों के अंतर से हराया। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, अरोड़ा को 35,179 वोट, जबकि आशु को 24,542 वोट मिले। भाजपा के जीवन गुप्ता को 20,323 वोट मिले, जबकि शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) के उम्मीदवार परुपकर सिंह घुमन को 8,203 वोट मिले। यह जीत केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप के लिए महत्वपूर्ण थी, जिसे इस वर्ष की शुरुआत में हुए दिल्ली विधानसभा चुनावों में करारी हार का सामना करना पड़ा था।

## न्यूज अपडेट

### रांची में वर्षा से संबंधित दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत



**रांची:** झारखंड के रांची जिले में सोमवार को वर्षा से संबंधित दो अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पहली घटना में सोनाहातू थाना क्षेत्र में दो महिलाओं की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई, जबकि दूसरी घटना में 40 वर्षीय व्यक्ति पर दीवार गिर गई, जब वह अपने दो बच्चों को स्कूल से लेकर घर लौट रहा था। पहली घटना दोपहर में रांची से करीब 60 किलोमीटर दूर साओडीह गांव में हुई। दोनों महिलाएं एक तालाब के पास मवेशी चरा रही थीं, तभी आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान रमनी देवी (61) और द्रौपदी देवी (40) के रूप में की गई है। सोनाहातू थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया, दोनों महिलाएं तालाब के पास मवेशी चरा रही थीं, तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरी। इस घटना में एक भैंस की भी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दोनों महिलाओं के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। दूसरी घटना रांची शहर के लोअर बाजार थाना क्षेत्र के तहत बशरत टोली में हुई। लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद ने बताया, बबलू उरांव (40) अपने दो बच्चों के साथ स्कूल से लौट रहे थे, तभी अचानक एक दीवार उनके ऊपर गिर गई। तीनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई। सोमवार दोपहर को रांची जिले में तेज बारिश हुई, जिससे मुख्य सड़कों पर जलभराव और निचले इलाकों में पानी भर गया।

### लालू प्रसाद ने राजद अध्यक्ष के तौर पर पुन: निर्वाचन के लिए नामांकन पत्र भरा

**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद ने पार्टी के शीर्ष पद पर पुनः निर्वाचित होने के लिए सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। लगभग तीन दशक पहले राजद की स्थापना के बाद से ही वह पार्टी के अध्यक्ष पद पर बने हुए हैं। लालू प्रसाद (78) अपने छोटे बेटे और उनके उत्तराधिकारी माने जाने वाले तेजस्वी यादव और पत्नी राबड़ी देवी के साथ पार्टी कार्यालय पहुंचे। एक वक्त में अपने देसी लहजे और मजाकिया अंदाज के लिए मशहूर लालू प्रसाद की झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय पहुंचे। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में तेजस्वी यादव ने कहा, 'लालू जी के अपना कार्यकाल पूरा करने तथा एक और कार्यकाल के लिए तैयार होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच खुशी की लहर दौड़ गयी है। हमें विश्वास है कि उनका नेतृत्व हमें आने वाले दिनों में जीत की ओर ले जाएगा।'

### गोरखपुर जिले में आकाशीय बिजली गिरने से तीन की मौत

**गोरखपुर (उप्र):** भारी बारिश के बीच गोरखपुर जिले में बिजली गिरने से अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक गोरखपुर में पिपराइच थानाक्षेत्र के बेला गांव के उत्तर में एक पुल के पास मोटर मैकेनिक राकेश पासवान टहल रहे थे, तभी बिजली गिर गई। राकेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। पिपराइच के अगया छोटा टोला में 45 वर्षीय नवमीनाथ शर्मा की भी मौत हो गई। इस बीच, चौरी चौरा में बिजली गिरने से छह अन्य झुलस गए और उनका इलाज चल रहा है। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव में उस्मान अंसारी (52) की सोमवार सुबह बिजली गिरने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले गयी।

### बिहार पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार कर 4,536 कारतूस बरामद किए

**पटना:** बिहार पुलिस ने कैमूर और नालंदा जिलों में छापेमारी के बाद दो महिलाओं समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 4,536 कारतूस बरामद किए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपियों की पहचान कुमार अभिजीत, शत्रुघ्न कुमार, विशाल कुमार एवं राजेंद्र प्रसाद के तौर पर हुई है, जबकि दो महिलाओं का नाम नहीं बताया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी उत्तर प्रदेश के कानपुर से अवैध रूप से कारतूस खरीदकर बिहार के काला बाजार में बेचने वाले गिरोह का हिस्सा हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और जिला पुलिस के जवानों ने रविवार सुबह कैमूर के मोहनिया के पास वाराणसी की ओर से आ रहे एक वाहन को रोका।

# समीक्षा धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

25.06.2025 : श्राद्ध की अमावस्या

26.06.2025 : गुप्त नवरात्र आरंभ

27.06.2025 : रथयात्रा

29.06.2025 : वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रत

## कब मनाई जाएगी तीज?



हिंदू परंपरा में हर साल तीन प्रकार की तीज का पर्व मनाया जाता है, हरियाली तीज, कजरी तीज और हरतालिका तीज। ये त्योहार महिलाओं की आस्था और पारंपरिक रीति-रिवाजों से जुड़े होते हैं। इन खास अवसरों पर सुहागिन महिलाएं श्रृंगार करती हैं, मेहंदी लगाती हैं और भगवान शिव तथा माता पार्वती की पूजा कर पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। तीज का व्रत रखने से महिलाओं के सुखद दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद मिलता है। आइए जानते हैं कि हरतालिका तीज का त्योहार किस-किस दिन मनाया जाएगा।

**2025 में कब-कब पड़ेगी तीज?**

हरियाली तीज- 27 जुलाई 2025, शनिवार

**कजरी तीज-** 12 अगस्त 2025, मंगलवार

**हरतालिका तीज-** 26 अगस्त 2025, मंगलवार

**हरियाली तीज 2025**

इस वर्ष हरियाली तीज 27 जुलाई को इस साल हरियाली तीज, कजरी तीज और मनाई जाएगी। यह पर्व श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को पड़ता है। खास तौर पर राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में इसे बड़े उत्साह से मनाया जाता है। इसे शिव-पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि माता पार्वती ने 108 जन्मों तक कठोर तप कर इस दिन भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया था।

**कजरी तीज 2025**

कजरी तीज जिसे कजली तीज या बूढ़ी तीज भी कहा जाता है, इस बार 12 अगस्त को मनाई जाएगी। यह पर्व भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि को आता है। इसमें महिलाएं पारंपरिक लोकगीत, कजरी गाकर प्रकृति, प्रेम और विरह की भावनाएं प्रकट करती हैं। इस दिन शिव-पार्वती और चंद्रमा की पूजा की जाती है। साथ ही बेटियों को ससुराल में मायके से उपहार भेजे जाते हैं।

हरतालिका तीज 2025

हरतालिका तीज का पर्व 26 अगस्त को मनाया जाएगा। यह भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को आता है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार और मध्य प्रदेश में इसे विशेष रूप से मनाया जाता है। मान्यता है कि माता पार्वती की सखियों ने उन्हें भगवान शिव से विवाह के लिए उनके पिता के घर से ले जाकर जंगल में छिपा दिया था। यह व्रत काफी कठिन माना जाता है। इस दिन महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं और सोलह श्रृंगार के साथ भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करती हैं।

## जगन्नाथ जी की मूर्ति में हाथ-पैर क्यों नहीं होते? जानें उनकी अधूरी आकृति का रहस्य

हिन्दू धर्म में भगवान का स्वरूप केवल एक कलात्मक मूर्ति नहीं होता, बल्कि उनके दिव्य गुणों, लीलाओं और संदेशों का प्रतीक होता है। हर देवता की छवि में कोई न कोई विशेषता होती है, जो उनके चरित्र, शक्ति और उद्देश्य को दर्शाती है। इन्हीं विशेषताओं के माध्यम से साधक या भक्त भगवान के निकट पहुँचता है। इसी परंपरा में एक अत्यंत रहस्यमय और अद्भुत स्वरूप है भगवान जगन्नाथ का। भगवान जगन्नाथ, जिन्हें भगवान विष्णु या श्रीकृष्ण का अवतार माना जाता है, उनकी मूर्ति को जब पहली बार कोई देखता है तो वह आश्चर्यचकित रह जाता है। उनकी बड़ी-बड़ी गोल आँखें, जिनमें पलकें तक नहीं हैं, और एक ऐसा शरीर जिसमें हाथ-पैर नहीं दिखाई देते, यह कोई साधारण मूर्ति नहीं है। यह स्वरूप न केवल दृश्य रूप से अलग है, बल्कि इसके पीछे गहरा आध्यात्मिक, पौराणिक और सांस्कृतिक अर्थ छिपा हुआ है।

कई लोगों के मन में यह प्रश्न उठता है कि भगवान की मूर्ति अधूरी क्यों है? उनकी आँखें इतनी बड़ी क्यों हैं? क्या कोई कथा है इसके पीछे? या फिर यह केवल कल्पना है? दरअसल, भगवान जगन्नाथ का यह रूप एक गहरी शिक्षाप्रद कथा से जुड़ा हुआ है, जिसमें भक्ति, विश्वास और भगवान की लीला का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह मूर्ति प्रतीक है उस सच्चाई का कि ईश्वर पूर्णता से नहीं, बल्कि श्रद्धा और विश्वास से प्राप्त होते हैं। और उनका यह स्वरूप हमें यह भी सिखाता है कि भगवान हर रूप में स्वीकार्य हैं चाहे वह पारंपरिक हो या अद्भुत। तो आइए, अब विस्तार से जानें कि भगवान जगन्नाथ की बड़ी आँखों और उनके अधूरे स्वरूप के पीछे क्या रहस्य है, और कैसे यह रूप आज भी करोड़ों भक्तों के हृदय में आस्था और प्रेम का प्रतीक बना हुआ है।

### भगवान जगन्नाथ की बड़ी आँखों का रहस्य

भगवान जगन्नाथ की बड़ी-बड़ी आँखों के पीछे एक बेहद भावुक कथा जुड़ी है। जब भगवान श्रीकृष्ण द्वारका में निवास कर रहे थे, तब एक दिन रोहिणी माता वहाँ के लोगों को वृंदावन की रासलीलाओं की कथा सुना रही थीं। श्रीकृष्ण, बलराम और सुभद्रा जी दरवाजे के बाहर खड़े होकर वह कथा चुपचाप सुन रहे थे। कथा इतनी भावपूर्ण थी कि तीनों भाई-बहन प्रेम और विस्मय से भर उठे, और उनकी आँखें आश्चर्य से फैल गईं। उसी समय नारद मुनि वहाँ आए और उन्हें इस रूप में देखकर अत्यंत भावुक हो गए। उन्होंने प्रार्थना की कि यह दिव्य रूप सदा भक्तों को भी देखने को मिले।

नारद मुनि की उस प्रार्थना को स्वीकार करते हुए भगवान ने यह रूप स्थायी बना लिया। तभी से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियाँ उसी रूप में बनाई जाती हैं, बड़ी गोल आँखों और सरल, बिना विस्तार वाले शरीर के साथ। यह रूप न केवल एक कथा का प्रतिबिंब है, बल्कि भक्तों के प्रेम और भगवान की भावनात्मक संवेदनशीलता का प्रतीक भी बन गया है।

### भक्तों की श्रद्धा से जन्मा दिव्य नेत्रस्वरूप

एक और कथा के अनुसार, जब भगवान जगन्नाथ राजा इंद्रद्युम्न के राज्य में प्रकट हुए थे, तो उनके रूप के दर्शन कर वहां के लोग स्तब्ध रह गए थे। उनकी आंखें श्रद्धा और विस्मय से इतनी फैल गईं कि भगवान ने भी उनकी भक्ति को सम्मान देते हुए अपनी आँखें उसी तरह बड़ी कर लीं। यह रूप दिखाता है कि भगवान अपने भक्तों की भावनाओं को कैसे आत्मसात कर लेते हैं और उसी अनुरूप अपना स्वरूप बदल लेते हैं।

भक्तों का मानना है कि भगवान की यह विशाल और अटूट दृष्टि दर्शाती है कि वे हर समय, हर भक्त पर ध्यान रखते हैं। कुछ मान्यताओं के अनुसार, मूर्तिकारों ने जानबूझकर भगवान की आँखें बड़ी बनाईं ताकि उनका स्वरूप देखते ही श्रद्धा जागृत हो। साथ ही यह भी विश्वास है कि उनकी दृष्टि नेत्र रोगों से पीड़ित लोगों के लिए आशीर्वाद और उपचार का प्रतीक है। इस प्रकार, भगवान जगन्नाथ की आँखें केवल शरीर का अंग नहीं, बल्कि प्रेम, समर्पण और चमत्कार की प्रतीक हैं।

### भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम की मूर्तियों में हाथ-पैर क्यों नहीं होते?

एक समय राजा इंद्रद्युम्न ने भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम की मूर्तियाँ बनवाने का निर्णय लिया। उन्होंने विश्वकर्मा जी को ये मूर्तियाँ बनाने के लिए बुलाया। विश्वकर्मा जी ने मूर्ति निर्माण की एक शर्त रखी कि जब तक ये मूर्तियाँ पूरी तरह से तैयार न हो जाएं, कोई भी उस कमरे में प्रवेश नहीं करेगा। कुछ दिनों तक कमरे के अंदर मूर्ति बनाने की आवाज़ें आती रहीं, लेकिन अचानक ये आवाज़ें बंद हो गईं। राजा को लगा कि काम पूरा हो गया है, इसलिए वे बिना किसी अनुमति के कमरे में प्रवेश कर गए। इस वजह से विश्वकर्मा जी का क्रोध भड़क उठा क्योंकि उनकी शर्त टूट गई थी। उन्होंने मूर्तियों का निर्माण अधूरा छोड़ दिया और वे मूर्तियाँ हाथ-पैर के बिना ही रह गईं। यही कारण है कि भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम की मूर्तियां हाथ-पैर रहित दिखाई देती हैं।

## प्रेमानंद जी महाराज के ये अनमोल विचार



'हर दिन एक जैसा नहीं होता यह पंक्ति तो आप सभी ने सुनी होगी। इसका सीधा सा अर्थ है कि जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। इसलिए दुख और सुख का अनुभव समान नहीं होता है। हालांकि फिर भी कई बार परिस्थितियां अनुकूल न होने के कारण मन परेशान रहता है। इसका कारण कार्यों में असफलता, बिजनेस में हानि या रिश्तों में अनबन भी हो सकता है। समय के साथ-साथ इन बातों का प्रभाव और भी गहरा हो जाता है, जो कुछ अन्य समस्याओं को जन्म देता है। इसलिए जीवन के कठिन समय में हमेशा प्रेमानंद जी महाराज के विचारों का स्मरण करने की सलाह दी जाती है।

आपको बता दें, धर्म गुरु प्रेमानंद जी महाराज.... यह न केवल एक नाम है बल्कि कई व्यक्तियों की प्रेरणा है। महाराज की गणना संत और प्रवचन कर्ता के रूप में की जाती हैं। वह राधा रानी के परम भक्त है। उनके प्रवचन सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग दूर-दूर से वृंदावन पहुंचते हैं। प्रेमानंद महाराज के अनमोल विचार दुख के समय को पार करने में कारगर सिद्ध होते हैं। यही नहीं वह कहते हैं कि समय कैसा भी हो व्यक्ति को हमेशा प्रभु का नाम जपना चाहिए। आइए उनके विचारों को विस्तार से जानते हैं।

### अनमोल विचार

प्रेमानंद जी महाराज के मुताबिक कोई भी व्यक्ति तुम्हें दुख नहीं देता है। यह तुम्हारे कर्मों का फल होता है, जो उस व्यक्ति के द्वारा मिलता है। इसलिए हमेशा अच्छे कर्म करने चाहिए।

जीवन में सच की राह पर चलने वाले व्यक्ति की बुराई अवश्य होती हैं। लेकिन कभी भी इनसे घबराना नहीं चाहिए। यह बुराई आपके बुरे कर्मों का नाश करती है।

आप जैसे भी हो स्वयं को ईश्वर को समर्पित कर दो। हमारा यह जीवन उनका दिया हुआ है। आज हमारे पास जितने भी संसाधन हैं, वो सभी ईश्वर की कृपा है। हम जिसका भोग कर रहे है, यह सबकुछ ईश्वर का है। ऐसे विचार के साथ व्यक्ति को कर्म करना चाहिए।

सत्य को अपनाओ और शांति पाओ।

प्रेम सबसे बड़ा धर्म है, इसके जरिए व्यक्ति एक-दूसरे से जुड़ता है। यही नहीं प्रेम ईश्वर की भक्ति करने की प्रेरणा भी देता है।

सत्य को अपनाने से न केवल हमारी आत्मा को शांति मिलती है बल्कि यह हमें सही मार्ग पर भी चलने की प्रेरणा देता है।

अधीर मत बनो, धैर्यपूर्वक सही रास्ते पर चलो, तुम्हें परिणाम अवश्य मिलेगा।

जब तक आत्मा को जानने की कोशिश नहीं करेंगे, तब तक जीवन का उद्देश्य समझ में नहीं आएगा।

जिनके मुख में प्रभु का नाम नहीं है, वह भले ही जीवित है परंतु मुख से मरा हुआ है।

वर्तमान में जीने से ही मानसिक शांति मिलती है, क्योंकि अतीत और भविष्य केवल भ्रम होते हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### प्रधानमंत्री पहलगाम हमले के बाद सर्वदलीय बैठकों में शामिल क्यों नहीं हुए: खरगे



**रायचूर (कर्नाटक) :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विपक्ष को तुच्छ बताने की कोशिश करते हैं, तो जनता इस को सहन नहीं करेगी। उन्होंने यह सवाल भी किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसमें उपस्थित क्यों नहीं हुए? राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश कठिन दौर से गुजर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां पूरे देश और सशस्त्र बलों ने देश की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम किया, वहीं कुछ लोगों ने व्यक्तिगत श्रेय लेने की कोशिश की। खरगे ने सीधे तौर पर किसी का नाम लिए बिना कहा, ''अगर उन्होंने कैप्टन, कर्नल या लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में सेना में काम किया होता, तो हमने अच्छा काम करने और देश के लिए लड़ने के लिए उनकी सराहना की होती। लेकिन ऐसा नहीं है।''

### तकनीकी गड़बड़ी के चलते एअर इंडिया एक्सप्रेस की दुबई जाने वाली उड़ान रद्दः अधिकारी

**जयपुर :** एअर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई जाने वाली उड़ान सोमवार को रद्द कर दी गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पायलट ने जयपुर हवाई अड्डे से उड़ान भरने से पहले विमान में कुछ तकनीकी गड़बड़ी पायी। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि विमान को सुबह छह बजकर 35 मिनट पर यहां से रवाना होना था, वह रनवे पर पहुंचा लेकिन इस दौरान पायलट ने कुछ तकनीकी गड़बड़ी देखी जिसके बाद उड़ान रद्द कर दी गई। उन्होंने बताया कि 189 सीट वाला बोइंग 737 मैक्स विमान रनवे से लौट गया और तकनीकी टीम ने उसकी जांच की।

### जासूसी मामला: यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की न्यायिक हिरासत दो सप्ताह के लिए बढ़ाई गई

**हिसार :** हरियाणा के हिसार की एक अदालत ने जासूसी के संदेह में गिरफ्तार की गई यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की न्यायिक हिरासत सोमवार को 14 दिनों के लिए बढ़ा दी। हिसार पुलिस ने यूट्यूब चैनल 'ट्रैवल विद जेओ' चलाने वाली मल्होत्रा को जासूसी के संदेह में 16 मई को गिरफ्तार किया था। हिसार की रहने वाली मल्होत्रा को न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया गया और उसके खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। मल्होत्रा के वकील कुमार मुकेश ने कहा, ''उनकी न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है और अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 7 जुलाई तय की है।''

### 3 में फर्जीवाड़ा करने पर दो मेडिकल छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया

**नयी दिल्ली :** बॉलीवुड की लोकप्रिय फिल्म ''मुन्नाभाई एमबीबीएस'' जैसा मामला वास्तविकता में भी देखने को मिला जब एक मेडिकल छात्र राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी 2023 में कथित तौर पर किसी अन्य अभ्यर्थी की जगह उपस्थित हुआ और जिस अभ्यर्थी की जगह उसने परीक्षा दी बाद में उसे एमबीबीएस पाठ्यक्रम में दाखिल भी मिल गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राजस्थान के जालौर जिले के निवासी विकास के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि सात मई 2023 को द्वारका के सेक्टर-12 स्थित केंद्रीय विद्यालय में आयोजित हुई नीट-यूजी में विकास जोधपुर के प्रवीण गोदारा की जगह उपस्थित हुआ था। प्राथमिकी में आरोपी के तौर पर गोदारा को भी नामजद किया गया है।

# मार्च 2026 भारत की आजादी के बाद सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक होगा : शाह

**रायपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 31 मार्च 2026 को जब नक्सलवाद से मुक्त होगा तब वह क्षण आजादी के बाद का सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक होगा। शाह ने कहा, ''जब नक्सलवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जायेगा, उसमें सुरक्षा बलों के जवानों का त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा।'' अधिकारियों ने बताया कि शाह छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन नवा रायपुर में सुरक्षाबलों के उन कमांडरों और जवानों से बातचीत कर रहे थे जो हाल में नक्सल विरोधी अभियानों में




शामिल हुए थे। 'संकल्प-बल के कमांडरों और कमांडो के साथ बातचीत' नामक इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। सुरक्षाकर्मियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, ''मोदी जी के नेतृत्व में जब 31 मार्च 2026 को देश नक्सलवाद से मुक्त होगा, वह क्षण आजादी के बाद के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक होगा। जब नक्सलवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जायेगा, उसमें सुरक्षा बलों के जवानों का त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा।'' उन्होंने जवानों को संबोधित करते हुए कहा, ''आज मैं यहां उपस्थित केंद्रीय सुरक्षा बलों, कोबरा टीम, छत्तीसगढ़ पुलिस बल और डीआरजी के साहस, शौर्य, बलिदान और समर्पण को नमन करता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि सुरक्षा बल के जवान अपने शौर्य और परिश्रम से ही नक्सलियों के साथ मुठभेड़ को सफल बनाते हैं।''

### विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मामले में भारत अब एक अग्रणी देश है: जितेंद्र सिंह

**नयी दिल्ली :** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि राजनीतिक माहौल के चलते भारत पिछले एक दशक में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक अग्रणी देश के रूप में उभरा है, जो वैज्ञानिक जोखिम उठाने और नवाचार करने में सक्षम है। सिंह ने चार प्रमुख विज्ञान विभागों द्वारा विस्तृत प्रस्तुतियों के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''पिछले 11 वर्षों में प्रौद्योगिकी भारत की विकास गाथा का इंजन बन गई है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि अब हम प्रौद्योगिकी के मामले में पिछलग्गू नहीं हैं, बल्कि एक अग्रणी देश हैं।'' उन्होंने कहा कि भारत अब विज्ञान और नवाचार में वैश्विक स्तर पर सर्वोत्तम तौर-तरीकों को स्थापित कर रहा है, बजाय इसके कि उन्हें विदेशों से मिलने का इंतजार किया जाए।

## एनएसए डोभाल ने बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने सोमवार को बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक के दौरान समग्र क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए सभी प्रकार के आतंकवाद का मुकाबला करने की आवश्यकता पर बल दिया। डोभाल शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा पर हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दोनों पक्षों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हाल के घटनाक्रम की समीक्षा की और लोगों के बीच अधिक से अधिक संपर्क बढ़ाने सहित द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास को बढ़ावा देने की आवश्यकता को रेखांकित किया। बयान में कहा गया, ''एनएसए ने क्षेत्र में समग्र शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए सभी प्रकार के आतंकवाद का मुकाबला करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।'' डोभाल ने आतंकवाद का मुकाबला करने पर ऐसे वक्त जोर दिया है जब लगभग डेढ़ महीने पहले भारत ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान में कई आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि डोभाल और वांग ने आपसी हित के अन्य द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। बयान के अनुसार, ''एनएसए ने कहा कि वह विशेष प्रतिनिधि (एसआर) वार्ता के 24वें दौर के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथि पर भारत में वांग यी के साथ बैठक करने के लिए उत्सुक हैं।''

## असम के सिलचर में नये हवाई अड्डे के लिए जन सुनवाई संपन्न हुई : हिमंत

**सिलचर(असम) :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि कछार जिले के डोलू चाय बागान में सोमवार को जन सुनवाई पूरी हो गई है, जहां सरकार ने नया हवाई अड्डा बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण करने का फैसला किया है। हालांकि, शर्मा ने सुनवाई के परिणाम का ब्योरा नहीं दिया लेकिन चाय बागान श्रमिकों के प्रतिनिधियों ने डोलू में महत्वाकांक्षी परियोजना का विरोध किया और सरकार से इसे अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की। शर्मा ने कहा, एक बड़ा कदम आगे। कछार जिले में ग्रीनफील्ड डोलू हवाई अड्डा परियोजना के लिए जन सुनवाई आज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई - बराक घाटी को कनेक्टिविटी और विकास



के केंद्र में बदलने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर। उन्होंने कहा कि सरकार अब इस क्षेत्र के लिए भव्य दृष्टि को साकार करने के एक कदम करीब पहुंच गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा, सभी हितधारकों को उनके सहयोग और समर्थन के लिए आभार।

## न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग पर टिप्पणी करने का कोई मतलब नहीं, मामला अभी संसद में नहीं आया है: बिरला

**मुंबई :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग से संबंधित मामला अभी संसद में नहीं आया है, इसलिए इस मुद्दे पर टिप्पणी करने का कोई मतलब नहीं है। बिरला ने यहां एक सम्मेलन के इतर संवाददाताओं से कहा, ''जब यह मुद्दा संसद के समक्ष लाया जाएगा तो हम इस पर चर्चा कर सकते हैं। जो मामला सदन के समक्ष आया नहीं है, उस पर बात करने का कोई मतलब नहीं है।'' भारत के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने नकदी बरामदगी मामले में न्यायमूर्ति वर्मा को पद से हटाने के लिए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था। न्यायमूर्ति खन्ना की रिपोर्ट मामले की



जांच करने वाले तीन न्यायाधीशों की आंतरिक समिति के निष्कर्षों पर आधारित थी। न्यायमूर्ति खन्ना ने न्यायमूर्ति वर्मा के इस्तीफे पर जोर दिया था, लेकिन वर्मा ने इनकार कर दिया। महाभियोग का प्रस्ताव संसद के दोनों सदनों में से किसी में भी लाया जा सकता है। राज्यसभा में प्रस्ताव पर कम से कम 50 सदस्यों का हस्ताक्षर होना चाहिए। लोकसभा में 100 सदस्यों को इसका समर्थन करना होगा। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अनुसार, जब किसी न्यायाधीश को हटाने का प्रस्ताव किसी भी सदन में स्वीकार कर लिया जाता है, तो अध्यक्ष या सभापति, जैसा भी मामला हो, तीन-सदस्यीय समिति का गठन करेंगे, जो उन आधारों की पड़ताल करेगी, जिनके तहत न्यायाधीश को हटाने (या महाभियोग) की मांग की गई है। समिति में प्रधान न्यायाधीश या उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, 25 उच्च न्यायालयों में से किसी एक के मुख्य न्यायाधीश तथा एक ''प्रतिष्ठित न्यायविद'' शामिल होते हैं।

### गुजरात उपचुनाव में कांग्रेस की हार के बाद पार्टी प्रदेश अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने दिया इस्तीफा

**अहमदाबाद :** गुजरात विधानसभा की कडी और विसावदर सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस को मिली हार के बाद पार्टी प्रदेश अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने सोमवार को इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता गोपाल इटालिया ने विसावदर सीट पर जीत दर्ज की, जबकि कडी सीट सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के खाते में गई, जहां से उसके उम्मीदवार राजेंद्र चावड़ा विजयी घोषित किये गए। गोहिल ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''चूंकि उपचुनाव के नतीजे हमारी उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहे, इसलिए मैंने अपनी पार्टी की हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए गुजरात कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। मैंने अपना इस्तीफा पहले ही हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेज दिया है।''

### एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान जम्मू उतरे बिना दिल्ली लौटी

**जम्मू :** दिल्ली से जम्मू के रास्ते श्रीनगर जाने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान सोमवार दोपहर जम्मू हवाई अड्डे पर उतरे बिना ही दिल्ली लौट गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि उन्होंने कहा कि उड़ान के दिल्ली लौटने का कारण अभी पता नहीं चला है। अधिकारियों ने बताया कि उड़ान संख्या आईएक्स-2564 को दोपहर के आसपास जम्मू हवाई अड्डे पर उतरना था और फिर श्रीनगर के लिए रवाना होना था। लेकिन विमान कुछ समय तक जम्मू हवाई अड्डे के ऊपर मंडराता रहा जिसके बाद इसके पायलट ने बिना उतरे दिल्ली लौटने का फैसला किया।

### इंडिगो के कर्मचारी ने वरिष्ठों पर जाति आधारित दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया, प्राथमिकी दर्ज

**गुरुग्राम :** विमानन कंपनी इंडिगो के एक कर्मचारी ने अपने तीन वरिष्ठों के खिलाफ जाति आधारित दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। अधिकारियों ने बताया कि कर्मचारी ने शिकायत में आरोप लगाया कि कंपनी की एक बैठक के दौरान उसके तीन वरिष्ठों ने उसके खिलाफ जाति सूचक अभद्र टिप्पणी की। हालांकि, इंडिगो ने इन दावों को 'निराधार' बताते हुए खारिज कर दिया है। कंपनी की ओर से कहा गया कि वह जरूरत पड़ने पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों को अपना सहयोग देगी। बेंगलुरु के शरण ए. (35) ने शिकायत दर्ज कराई है जिसके आधार पर शहर की पुलिस ने 'जीरो प्राथमिकी' दर्ज की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चूंकि घटना गुरुग्राम में हुई थी, इसलिए बेंगलुरु पुलिस ने मामले को गुरुग्राम पुलिस को स्थानांतरित कर दिया है।

### इलेक्ट्रिक इंजन के उत्पादन के लिए निविदा प्रक्रिया पारदर्शी, कांग्रेस का आरोप भ्रामक: रेल मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि 9,000 एचपी की इलेक्ट्रिक इंजन के निर्माण और रखरखाव के लिए निविदा को पारदर्शी तरीके से निष्पादित किया गया था। मंत्रालय ने कांग्रेस के उन आरोपों को ''भ्रामक'' बताया, जिसमें कहा गया था कि अनुबंध देने में सीमेंस नामक कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। मंत्रालय का यह बयान कांग्रेस द्वारा इस मुद्दे पर सोमवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के बाद आया है। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा, ''संवाददाता सम्मेलन में भारतीय रेलवे और दाहोद में 9000 एचपी इलेक्ट्रिक इंजन के उत्पादन के खिलाफ विभिन्न भ्रामक आरोप लगाए गए।'' निविदा प्रक्रिया के तथ्य प्रस्तुत करते हुए कुमार ने कहा कि एल्सटॉम और सीमेंस विश्व स्तर पर दो इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव निर्माता हैं जो 9000 एचपी (हॉर्स पावर) क्षमता के इलेक्ट्रिक इंजन को डिजाइन और निर्माण कर सकते हैं और दोनों ने निविदा में भाग लिया था। कुमार ने कहा, ''इस निविदा का मूल्यांकन तकनीकी और वित्तीय विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा किया गया, जो भारतीय रेलवे की ओर से हमेशा अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं के अनुरूप था। तकनीकी मूल्यांकन में, एलस्टॉम और सीमेंस दोनों को समान स्थान दिया गया। वित्तीय बोली में, सबसे कम कीमत वाली बोली लगाने वाले को अनुबंध दिया गया।'' कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में हितों के टकराव का सवाल उठाया और कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव पूर्व में सीमेंस इंडिया के उपाध्यक्ष रह चुके हैं।

## विमान हादसे के पीड़ितों की पहचान करने में ऑपरेशन से शरीर में डाली गई रॉड से मदद मिली: विधायक

**अहमदाबाद :** एअर इंडिया विमान दुर्घटना के शिकार लोगों के शव इतने जल चुके थे कि उनकी पहचान करना मुश्किल था, ऐसे में पूर्व में सर्जरी करा चुके लोगों के शरीर में धातु की रॉड जैसी विशेषताएं पहचान प्रक्रिया में अहम साबित हुईं। यह जानकारी एक स्थानीय विधायक ने सोमवार को दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक डॉ मनसुख पटेल शवों में 'टैग' लगाने में शामिल थे। वह अहमदाबाद सिविल अस्पताल के पोस्टमार्टम खंड में पहुंचने वाले शुरुआती विधायकों में से एक थे। इस पोस्टमार्टम खंड में 12 जून को हुई दुर्घटना के बाद शव लाए गए थे। विमान हादसे में 270 लोगों की जान चली गई थी। पटेल ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि दुर्घटना की गंभीरता को देखते हुए यह स्पष्ट था कि पीड़ितों की पहचान करना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, (भाजपा) विधायकों को पार्टी की ओर से दुर्घटनास्थल पर पहुंचने का संदेश मिला था, लेकिन वहां अफरा-तफरी मची हुई थी। मैंने सिविल अस्पताल को फोन किया तो बताया गया कि शव वहां लाए जा रहे हैं। वर्षों से निजी प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टर पटेल ने बताया कि जब तक वह अस्पताल पहुंचे, तब तक सात से आठ शव पोस्टमार्टम कक्ष में लाए जा चुके थे और वे पूरी तरह से जले हुए थे। अमराईवाडी से विधायक ने कहा कि कुछ शव इस हद तक जल गए थे कि उनके कुछ अंग बाहर निकल रहे थे। उन्होंने कहा, हमने शव लाए जाने के क्रम के अनुसार उन पर टेप लगाना शुरू किया। जहां भी संभव हो, शरीर के अंगों पर कपास की टेप से टैग लगाए गए। सामान्य परिस्थितियों में, पीड़ितों की पहचान उनके बालों और आभूषणों जैसी चीज़ों के माध्यम से कर ली जाती है। विधायक ने कहा कि हालांकि, दुर्घटना के समय विमान का तापमान 1000 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया था, इसलिए इससे भी कोई खास मदद नहीं मिली। पटेल ने कहा, हमने जल्दी ही पाया कि भले ही कुछ शव बुरी तरह जले हुए थे, लेकिन हम यह समझ पाए कि कुछ पीड़ितों के घुटने की सर्जरी हुई थी और कुछ के शरीर में चिकित्सकीय कारणों से (सर्जिकल) प्लेटें, रॉड डाली गई थीं।

## भारी बारिश के कारण माता वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन, कोई हताहत नहीं

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन हो गया जिसके कारण बैटरी कार सेवा को स्थगित करना पड़ा।



अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रा अब पुराने मार्ग से संचालित की जा रही है और बिना किसी व्यवधान के जारी है। अधिकारियों ने बताया कि हिमकोटी मार्ग पर 'सत्या व्यू प्वाइंट' के पास जिस समय भूस्खलन हुआ तब वहां श्रद्धालुओं की आवाजाही नहीं थी। उन्होंने बताया कि श्राइन बोर्ड ने तुरंत अपने कर्मियों और मशीनों को 30 फुट से अधिक क्षेत्र में फैले मलबे को साफ करने के काम में लगा दिया।

## भारत ने ईरान से 290 भारतीयों और एक श्रीलंकाई नागरिक को निकाला



**नयी दिल्ली:** ईरान और इजराइल में शत्रुता बढ़ने के बीच भारत ने सोमवार को ईरान से 290 भारतीय नागरिकों और एक श्रीलंकाई नागरिक को निकाला। इसके साथ भारत अब तक ईरान से 2003 भारतीयों को वापस ला चुका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि 290 भारतीय नागरिकों और एक श्रीलंकाई को मशहद से निकाला गया और वे सभी सोमवार को शाम सात बजकर 15 मिनट पर एक विशेष विमान से नयी दिल्ली पहुंचे। भारत के निकासी अभियान 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत इजराइल से जॉर्डन की राजधानी ले जाए गए कुल 161 भारतीय भी अम्मान से एक विशेष उड़ान से नयी दिल्ली पहुंच रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नागरिकों के आधी रात राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने की उम्मीद है।

## बुरी ताकतें भाषाई आधार पर भारत को बांटना चाहती हैं : धनखड़

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को आगाह किया कि भारत के विकास के लिए सावधानी से कदम उठाने की जरूरत होगी क्योंकि कुछ ताकतें मुश्किल खड़ी करने पर अमादा हैं और देश को भाषा सहित विभिन्न मुद्दों पर विभाजित करना चाहती है। उन्होंने राजनीतिक दलों के बीच अधिक संवाद की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि राजनीतिक तापमान को कम करने की आवश्यकता है। उपराष्ट्रपति ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता राम माधव की पुस्तक 'द न्यू वर्ल्ड 21 सेंचुरी ग्लोबल ऑर्डर एंड




इंडिया' के विमोचन के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय बलों ने नागरिकों को नहीं छुआ और केवल आतंकवादी ढांचे पर हमला किया। धनखड़ ने भारत के खिलाफ काम कर रही शक्तियों का जिक्र करते हुए कहा, ''भारत के उत्थान के लिए सावधानीपूर्वक कदम उठाने की आवश्यकता होगी, क्योंकि ऐसी ताकतें हैं जो हमारे लिए मुश्किल खड़ी करने पर तुली हुई हैं। देश के भीतर और बाहर ऐसी ताकतें हैं। ये बुरी ताकतें हमें भाषा जैसे मुद्दों पर भी बांटकर हमला करना चाहती हैं।'' उन्होंने कहा कि दुनिया का कोई भी देश भारत जैसी भाषाई समृद्धि का दावा नहीं कर सकता।

# उपचुनाव परिणाम: 'आप' को ऊर्जा, कांग्रेस को झटका

### बंगाल में तृणमूल की मजबूती बरकरार

**नई दिल्ली :** चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) ने पंजाब और गुजरात में जीत दर्ज कर राजनीतिक ऊर्जा प्राप्त की, जबकि कांग्रेस को गुजरात में झटका लगा और केरल में राहत मिली। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने एक बार फिर अपना वर्चस्व कायम रखा।

**गुजरात:**
विसावदर सीट से आप उम्मीदवार गोपाल इटालिया विजयी। भाजपा ने कडी सीट बरकरार रखी। कांग्रेस को दोनों सीटों पर हार, प्रदेश अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद त्यागा।



**पंजाब:**
लुधियाना (पश्चिम) से आप के संजीव अरोड़ा ने कांग्रेस के भारत भूषण आशु को 10,600 से अधिक वोटों से हराया।

**केरल:**
कांग्रेस गठबंधन यूडीएफ ने नीलांबुर सीट माकपा के एम. स्वराज से छीनी। कांग्रेस के आर्यदान शौकत विजयी। यह एलडीएफ की लगातार चौथी उपचुनाव में हार है। प्रियंका गांधी ने टीम वर्क को सफलता का सूत्र बताया।

**पश्चिम बंगाल:**
टीएमसी की कालीगंज सीट पर बड़ी जीत, भाजपा के आशीष घोष को 50,049 वोटों से हराया। ममता बनर्जी ने इसे मां, माटी, मानुष की जीत बताया। भाजपा ने दावा किया कि उसे हिंदू वोटों का अब तक का सबसे बड़ा समर्थन मिला।

**प्रमुख प्रतिक्रियाएं:**

**अरविंद केजरीवाल (आप):**
2027 में चक्रवात आएगा, आप भाजपा और कांग्रेस दोनों को हराएगी। उन्होंने कांग्रेस पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आप में शामिल होने की अपील की।

**प्रियंका गांधी (कांग्रेस):**
संगठित टीमवर्क से मिली सफलता। नीलांबुर की जीत प्रेरणास्रोत है।

**ममता बनर्जी (टीएमसी):**
यह जीत बंगाल की जनता की आस्था और विकास में विश्वास का परिणाम है। उन्होंने दिवंगत विधायक नसीरुद्दीन अहमद को याद करते हुए जीत उन्हें समर्पित की।

**अमित मालवीय (भाजपा):**
ममता के दावे को खारिज करते हुए कहा कि कालीगंज में भाजपा को हिंदू वोटों का सर्वाधिक समर्थन मिला।

## राजा रघुवंशी हत्याकांड:सोनम और उसके 'प्रेमी' के 'नार्को टेस्ट' के लिए उच्च न्यायालय जाएगा परिवार

**इंदौर (मप्र) :** हनीमून के दौरान जान से मार डाले गए इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने सोमवार को कहा कि उनका परिवार इस बहुचर्चित हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम और उसके कथित प्रेमी राज कुशवाह का 'नार्को टेस्ट' कराने के लिए मेघालय उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगा। राजा रघुवंशी के बड़े भाई विपिन ने यहां 'पीटीआई-भाषा' से कहा,''मेरे भाई की हत्या का मकसद अब तक अस्पष्ट है। इसके बारे में सोनम और कुशवाह के 'नार्को टेस्ट' से सुराग मिल सकता है। लिहाजा हम दोनों आरोपियों के 'नार्को टेस्ट' के लिए मेघालय उच्च न्यायालय में जल्द ही याचिका दायर करेंगे।'' उन्होंने संदेह जताया कि उनके भाई की हत्या के पीछे कथित 'प्रेम त्रिकोण' के अलावा आरोपियों द्वारा बड़ा आर्थिक लाभ हासिल करने का मकसद भी ही सकता है। मेघालय में हनीमून मनाने गए राजा रघुवंशी की 23 मई को साजिशन हत्या कर दी गई थी। इस मामले में उनकी पत्नी सोनम और कुशवाह समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### पुलिस ने इंदौर के फ्लैट मालिक को गिरफ्तार किया



**शिलांग :** मेघालय पुलिस ने सोमवार को इंदौर के उस फ्लैट मालिक को गिरफ्तार कर लिया, जहां सोनम रघुवंशी हनीमून के दौरान अपने पति की कथित रूप से हत्या कर पूर्वोत्तर राज्य से फरार होने के बाद ठहरी थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही इस बहुचर्चित हत्याकांड में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है, जिनमें सोनम, उसका प्रेमी राज कुशवाहा और तीन कथित हत्यारे शामिल हैं। इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) के सदस्य कुछ दिन पहले मध्य प्रदेश गए थे।

# पंत और राहुल के शतक से भारत ने इंग्लैंड को 371 रन का लक्ष्य दिया, इंग्लैंड ने बिना विकेट गंवाए बनाए 21 रन




**लीड्स :** भारत ने ऋषभ पंत और केएल राहुल की शानदार शतकीय पारियों की बदौलत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 371 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में इंग्लैंड ने दिन का खेल समाप्त होने तक बिना विकेट गंवाए 21 रन बना लिए हैं। भारत की दूसरी पारी 364 रन पर सिमटी। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 118 रन की तूफानी पारी खेली, वहीं सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने 137 रन बनाए। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 195 रन की सा-झेदारी हुई। पंत इस टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले दूसरे विकेटकीपर बने। उन्होंने पहली पारी में भी 134 रन बनाए थे। वे इंग्लैंड में एक टेस्ट में दो शतक लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर भी बन गए हैं। उन्होंने अपनी पारी में 140 गेंदों में 15 चौके और 3 छक्के लगाए। राहुल ने संयमित अंदाज़ में बल्लेबाजी करते हुए 247 गेंदों में 18 चौके लगाए और अपने टेस्ट करियर का नौवां शतक पूरा किया। यह उनका 18 महीनों बाद आया पहला टेस्ट शतक है। उन्होंने पिछला शतक दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में लगाया था। भारत ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 90 रन से की और जल्द ही शुभमन गिल (8) का विकेट गंवाया। इसके बाद राहुल और पंत ने पारी को संभाला और भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। हालांकि अंतिम सत्र में भारत की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई। केएल राहुल के आउट होने के बाद टीम ने 16 रन के भीतर पांच विकेट गंवा दिए, जिनमें से तीन विकेट जोश टंग के एक ही ओवर में गिरे। गेंदबाजी में ब्रायडन कार्स ने तीन, जोश टंग ने तीन और शोएब बशीर ने दो विकेट लिए। भारत की पहली पारी में 471 रन थे, जबकि इंग्लैंड ने पहली पारी में 465 रन बनाए थे। इस तरह भारत ने कुल 370 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड की ओर से बेन डकेट (9) और जाक क्राउली (12)** क्रीज पर डटे हुए हैं। अब इंग्लैंड को अंतिम दिन जीत के लिए 350 रन और बनाने होंगे, जबकि भारत को टेस्ट में बढ़त हासिल करने के लिए 10 विकेट लेने हैं। मैच का अंतिम दिन रोमांच से भरपूर रहने की संभावना है।

## क्रिकेट से जुड़ी प्रगति और विकास के लिए पृथ्वी साव ने मुंबई की टीम छोड़ी



**मुंबई :** भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज पृथ्वी साव ने सोमवार को अपनी घरेलू टीम मुंबई से रिश्ता तोड़ दिया जब मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने एक क्रिकेटर के रूप में प्रगति और विकास के लिए नई घरेलू टीम से अनुबंध करने के लिए उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी किया। पृथ्वी पिछले कुछ समय से लाल गेंद की टीम से बाहर हैं लेकिन उन्होंने सफेद गेंद (सीमित ओवरों के प्रारूप) की क्रिकेट खेली है। हालांकि उनके मैदान के बाहर के अनुशासनात्मक मुद्दों ने मैदान पर उनके प्रदर्शन से अधिक सुर्खियां बटोरी हैं। एमसीए ने पृथ्वी का पत्र मिलने और इसे स्वीकृति देने की पुष्टि की। एमसीए ने कहा, 'मुंबई क्रिकेट संघ सूचित करना चाहता है कि क्रिकेटर पृथ्वी साव ने आगामी घरेलू सत्र में पेशेवर खिलाड़ी के रूप में किसी अन्य राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए औपचारिक रूप से अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए आग्रह किया था। इस पर विचार करने के बाद एमसीए ने एनओसी दे दिया।' एमसीए सचिव अभय हडप ने कहा कि संघ पिछले कुछ वर्षों में पृथ्वी के योगदान की सराहना करती है। उन्होंने कहा, 'पृथ्वी साव एक असाधारण प्रतिभा है और उन्होंने मुंबई क्रिकेट में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हम उनके फैसले का सम्मान करते हैं और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।' पच्चीस वर्षीय पृथ्वी ने एमसीए को भेजे पत्र में कहा कि वह मुंबई टीम में बिताए समय के लिए आभारी हैं लेकिन अब आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने 2017 में मुंबई के लिए पदार्पण किया था। पृथ्वी ने कहा, 'मैं इस अवसर पर मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) को ईमानदारी से धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने संघ का प्रतिनिधित्व करने के दौरान मुझे बहुमूल्य अवसर और अटूट समर्थन दिया।' उन्होंने कहा, 'एमसीए ढांचे का हिस्सा बनना बेहद सम्मान और सौभाग्य की बात है और मैं यहां प्राप्त अनुभव के लिए बहुत आभारी

## पंत टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने



**लीड्स :** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सोमवार को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के पहले मैच में क्रिकेट इतिहास में टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले दूसरे विकेटकीपर बन गए। पंत से पहले जिम्बाब्वे के पूर्व विकेटकीपर एंडी फ्लॉवर ने 2001 में हरारे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 142 और नाबाद 199 रन बनाए थे। पंत ने चौथे दिन 140 गेंद में 118 रन बनाए। उन्होंने पहली पारी में शानदार 134 रन बनाए थे। इसके साथ ही वह इंग्लैंड में टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पहले भारतीय भी बन गए। वह अब टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले सातवें भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले सुनील गावस्कर ने तीन बार, राहुल द्रविड़ ने दो बार तथा विजय हजारे, रोहित शर्मा, विराट कोहली और अजिंक्य रहाणे ने अपने करियर में एक-एक बार यह उपलब्धि हासिल की है।

## चावला और गुप्ता एशियाई 6 रेड स्नूकर के नॉकआउट में

**कोलंबो :** गत आईबीएसएफ चैंपियन कमल चावला ने अपने सभी ग्रुप मुकाबले जीतकर सोमवार को यहां एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अपने तीसरे और अंतिम ग्रुप सी मैच में भारत के दिग्गज खिलाड़ी चावला ने हांगकांग के मिंग वा मैन को 4-0 से हराया। चावला ने रविवार देर रात श्रीलंका के त्यागराजा थंजीवन को भी इसी अंतर से हराया था। बाद में राष्ट्रीय चैंपियन पारस गुप्ता ने भी अंतिम 16 में जगह बनाई। ग्रुप डी के करो या मरो के मुकाबले में गुप्ता ने कतर के मोहाना अल ओबैदली को 4-3 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे तीसरे भारतीय पुष्पेंद्र सिंह नॉकआउट में जगह बनाने में नाकाम रहे।

## गांगुली का सबसे बड़ा खेद, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में और अधिक शतक नहीं लगाना



**कोलकाता :** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 38 शतक लगाए हैं लेकिन उन्हें यह संख्या पसंद नहीं है और उन्हें अपने क्रिकेट करियर के दौरान कई शतक चूकने का अफसोस है। अपने समय के बाएं हाथ के दिग्गज बल्लेबाज गांगुली ने टेस्ट और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल मिलाकर 18575 रन बनाए, लेकिन उन्हें अपने करियर में कई शतक चूकने का अफसोस है। उन्होंने 311 एकदिवसीय और 113 टेस्ट मैच खेले। गांगुली ने यह अफसोस तब व्यक्त किया जब उनसे पूछा गया कि वह पुराने गांगुली को क्या सलाह देना चाहेंगे। गांगुली ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा, 'मैं कई बार शतक लगाने से चूक गया, मुझे और अधिक रन बनाने चाहिए थे। मैंने कई बार 90 और 80 रन बनाए।' अगर गांगुली के आंकड़ों पर गौर करें तो पता चलता है कि वह 30 बार 80 या 90 रन की संख्या पार करने के बाद आउट हुए। अगर वह इन पारियों को भी शतक में बदलने में सफल रहते तो उनके नाम पर 50 से अधिक शतक दर्ज होते। गांगुली जब अकेले होते हैं तो उन्हें अपनी पुरानी पारियां देखना पसंद है। इससे उन्हें यह याद आता है कि वह और अधिक शतक बनाने के कितने करीब थे। उन्होंने कहा, 'मैं अपने (बल्लेबाजी के) वीडियो तब देखता हूं जब मैं अकेला होता हूं। जब मेरी पत्नी घर में नहीं होती है क्योंकि सना लंदन में रहती है। मैं यूट्यूब पर जाता हूं, और देखता हूं और खुद से कहता हूं अरे फिर 70 रन पर आउट हो गया। मुझे शतक बनाना चाहिए था। लेकिन अब आप इसे बदल नहीं सकते।' गांगुली ने वनडे में 72 और टेस्ट क्रिकेट में 35 अर्धशतक लगाए हैं। एक कप्तान के तौर पर कभी-कभी मुश्किल फैसले लेना ज़रूरी हो जाता है। आपको किसी खिलाड़ी को बाहर करके उस खिलाड़ी को शामिल करना पड़ता है जो आपको लगता है कि परिस्थितियों या टीम की जरूरत के हिसाब से अधिक बेहतर है।

## तमिलनाडु के युवराज ने राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स की 110 मीटर बाधा दौड़ में नया रिकॉर्ड बनाया



**प्रयागराज :** तमिलनाडु के एस युवराज ने सोमवार को यहां 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 110 मीटर बाधा दौड़ में जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। सोमवार को महिला वर्ग में दो रिकॉर्ड सहित ट्रैक एवं फील्ड में कुल सात रिकॉर्ड बने। युवराज ने 13.69 सेकेंड के समय के साथ 2021 में बनाए तेजस अशोक शिरसे के 13.74 सेकेंड के रिकॉर्ड में सुधार किया। युवराज के अलावा 110 मीटर बाधा दौड़ के दो अन्य पदक विजेताओं संदीप वी (13.70 सेकेंड) और के किरण (13.70 सेकेंड) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीतने के दौरान पिछले रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन किया। पुरुष चक्का फेंका में उज्जवल चौधरी ने अपने पांचवें प्रयास में 59.51 मीटर की दूरी से स्वर्ण पदक जीता और मार्च में मुंबई में बनाए 59.34 मीटर के अपने पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। ओडिशा के अस्तिक प्रधान ने पुरुष 400 मीटर में प्रतियोगित रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने 46.58 सेकेंड के साथ स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश के शाहनवाज खान ने पुरुष लंबी कूद में 7.90 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीतते हुए नया प्रतियोगिता रिकॉर्ड बनाया। पिछला रिकॉर्ड 7.70 मीटर का था जो एस लोकेश ने 2019 में बनाया था।

## इस सत्र में मेरा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना है: नीरज चोपड़ा




**ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य) :** भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा नियमित रूप से 90 मीटर थ्रो करने का खुद पर किसी तरह का दबाव नहीं बनाना चाहते हैं और इस सत्र के लिए उनका लक्ष्य तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल करना है। चोपड़ा मंगलवार को यहां गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे और उससे पहले वह काफी अच्छा महसूस कर रहे हैं।चोपड़ा ने पिछले हफ़्ते पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर की थ्रो के साथ जूलियन वेबर को हराकर जीत हासिल की थी। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने कहा कि चेक गणराज्य के महान खिलाड़ी जान ज़ेलेज़नी का कोच के रूप में साथ और अपनी कड़ी मेहनत के दम पर उन्हें अच्छे परिणाम हासिल करने का पूरा भरोसा है।इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने दोहा में सत्र के शुरूआती डायमंड लीग प्रतियोगिता में अपने करियर में पहली बार 90 मीटर की दूरी पार की थी और वह अपनी प्रगति से बेहद खुश हैं।उन्होंने कहा, 'मैं ऐसे बेहतरीन खिलाड़ी और कोच के साथ काम करके वाकई बहुत खुश हूं। तकनीक में थोड़ा और सुधार करने के बाद मैं इस साल पहले ही 90 मीटर फेंक चुका हूं। देखते हैं कि मैं अगली बार कब यह दूरी फिर से हासिल करूंगा लेकिन मैं तैयार हूं। हाल ही में हमने निम्बर्क (चेक गणराज्य) में अच्छा अभ्यास किया इसलिए मैं यहां ओस्ट्रावा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को लेकर आश्वस्त हूं।' हरियाणा के इस खिलाड़ी ने कहा, 'इस सत्र का मुख्य लक्ष्य निश्चित रूप से तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप है।'' विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप इस साल 13 से 21 सितंबर के बीच जापान की राजधानी में आयोजित की जाएगी।चोपड़ा मंगलवार को यहां होने वाली का प्रतियोगिता को लेकर काफी उत्साहित हैं।उन्होंने कहा, 'जब मैं छोटा था तो मैंने उसैन बोल्ट जैसे एथलीटों के यहां प्रतिस्पर्धा करते हुए बहुत सारे वीडियो और तस्वीरें देखी थीं।



## एफटीए पर उद्योग के हितों के लिए व्यापक विमर्श कर रही सरकार: गोयल




**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि सरकार मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श कर रही है और घरेलू उद्योग के हितों को ध्यान में रखकर ही इन समझौतों को आगे बढ़ा रही है। गोयल ने कहा कि भारत इन व्यापार समझौतों पर बात करते समय उद्योग जगत के आक्रामक एवं रक्षात्मक दोनों तरह के हितों को ध्यान में रख रहा है। उन्होंने 'वाणिज्य भवन' के उद्घाटन की तीसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा, 'हम हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श और बैठकें करने के बाद अपने सभी एफटीए करते हैं। हम उनकी (उद्योगों की) चिंताओं और जरूरतों का ख्याल रखते हैं।' उन्होंने कहा कि भारत उन व्यापारिक साझेदारों के साथ एफटीए पर बातचीत कर रहा है जो देश के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था के पूरक हैं ताकि इससे उद्योग और लोग लाभान्वित हों। गोयल ने कहा, 'आगे भी हम ऐसे एफटीए करेंगे, जिनमें राष्ट्रीय और सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखा जाएगा।' इस अवसर पर गोयल ने कहा कि नए सरकारी ऑनलाइन खरीद मंच (जीईएम) ने सार्वजनिक खरीद को लोकतांत्रिक बनाया है, जिससे देश के दूरदराज के इलाकों समेत पूरे भारत में उद्यमियों की भागीदारी संभव हुई है। उन्होंने कहा, 'ई-कॉमर्स आज सर्वोत्तम मूल्य की खोज करने और हर कोने से उत्प-ादकों को राष्ट्रीय आपूर्ति शृंखलाओं में लाने की एक व्यवस्था मुहैया कराता है।'

## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सहमा बाजार, सेंसेक्स में 511 अंक की गिरावट



**मुंबई :** ईरान के तीन प्रमुख परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी बमबारी के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में खासी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 511 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 140 अंक से अधिक का नुकसान रहा। विश्लेषकों ने कहा कि ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष में अमेरिकी दखल ने पश्चिम एशिया को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। इसके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), प्रौद्योगिकी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा।बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव से भरे कारोबार में 511.38 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,896.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 931.41 अंक यानी 1.13 प्रतिशत गिरकर 81,476.76 अंक पर आ गया था लेकिन बाद में इसने अपने कुछ नुकसान की भरपाई की। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 140.50 अंक यानी 0.56 प्रतिशत गिरकर 24,971.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में एच-सीएल टेक, इन्फोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और मारुति में सबसे ज्यादा गिरावट रही। इसके उलट, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त में रहे। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''इजराइल-ईरान संघर्ष में अमेरिकी दस्तक ने तनाव बढ़ा दिया है जिससे घबराए निवेशकों ने शुरुआती घंटे में जमकर बिकवाली की। अगर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो हमारा आयात बिल बढ़ेगा और स्थानीय मुद्रा में तेज गिरावट आएगी। इससे महंगाई बढ़ने का भी जोखिम होगा।' हालांकि, तापसे ने कहा कि पिछले चार सत्रों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की लिवाली करने से अनिश्चितता के दौर में भारत की मजबूत बुनियाद का पता चलता है। पश्चिम एशिया में संकट गहराने के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.49 प्रतिशत बढ़कर 77.39 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## भारत, अमेरिका नौ जुलाई से पहले अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश में

**नयी दिल्ली :** भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए बातचीत जारी है और दोनों देशों की कोशिश है कि नौ जुलाई से पहले इस समझौते को अंतिम रूप दे दिया जाये। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका द्वारा दो अप्रैल को घोषित ऊंचे शुल्क को डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने नौ जुलाई तक के लिए निलंबित कर दिया था। अमेरिका ने दो अप्रैल को भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाया था, लेकिन बाद में इसे 90 दिन के लिए टाल दिया गया था। हालांकि, अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत का मूल शुल्क (बेसलाइन टैरिफ) लागू रहेगा। भारत अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से पूरी छूट चाहता है। जब पूछा गया कि क्या दोनों देश नौ जुलाई तक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के इच्छुक हैं, तो सूत्रों ने कहा, 'हम बहुत उत्सुक हैं, हम लगे हुए हैं, हम कोशिश कर रहे हैं। दोनों पक्ष कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दोनों पक्षों को खुश होना चाहिए।' सूत्रों में से एक ने कहा कि व्यापार समझौते में हमेशा कुछ ऐसे क्षेत्र होते हैं, जो मुश्किल वाले होते हैं। सूत्रों में से एक ने कहा कि कृषि और डेयरी क्षेत्र भारत के लिए 'कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। और भारत ने अपने किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है।' अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, वाहन - विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन, शराबा पेट्रोरसायन उत्पाद, डेयरी और कृषि वस्तुओं जैसे सेब, ट्री नट्स और आनुवंशिक रूप से संवर्धित (जीएम) फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न और आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा मछली, तिलहन, अंगूर और केले जैसे श्रम प्रधान क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायत चाहता है। जब पूछा गया कि क्या नौ जुलाई की समयसीमा को बढ़ाया नहीं गया तो क्या स्थिति होगी, सूत्रों ने कहा कि शुल्क दो अप्रैल के स्तर (भारत के मामले में 26 प्रतिशत) पर आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि इसे नहीं बढ़ाया जाता है, तो भारत को अन्य देशों की तुलना में कुछ लाभ हो सकता है और कुछ मामले में नुकसान हो सकता है, लेकिन उच्च शुल्क के कारण अमेरिका भी प्रभावित होगा।

## वहनीयता अब एक नारा नहीं, बल्कि एक जरूरत है: राष्ट्रपति मुर्मू



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि वहनीयता अब एक नारा नहीं बल्कि एक जरूरत बन चुकी है। राष्ट्रीय राजधानी में 'इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' के 12वें राष्ट्रीय छात्र दीक्षांत समारोह 2025 में राष्ट्रपति ने यह बात कही। राष्ट्रपति ने कहा, 'हमारे पूरे इतिहास में समाज में लेखाकारों को उच्च सम्मान मिला है। मेरी राय में इसका कारण यह है कि लेखांकन और जवाबदेही गहराई से जुड़े हुए हैं। हम जवाबदेही को महत्व देते हैं, इसलिए हम लेखांकन को विशेष महत्व देते हैं।' मुर्मू ने अपने भाषण में महात्मा गांधी को दक्षिण अफ्रीका पहुंचाने वाले अदालती मामले का भी उल्लेख किया, जो बहीखाता मामलों पर केंद्रित था। राष्ट्रपति ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका और बाद में भारत लौटकर गांधी जी ने उन सार्वजनिक निकायों के धन का कुशल उपयोग सुनिश्चित करने के लिए बहुत सावधानी बरती, जिनसे वे जुड़े थे। उन्होंने कहा, 'उनके लिए किफायत जीवन का हिस्सा था। यह पैसे बचाने के बारे में नहीं, बल्कि अमूल्य और अपूरणीय संसाधनों को बचाने के बारे में है।' जलवायु परिवर्तन के संकट का उल्लेख करते हुए मुर्मू ने कहा, 'वहनीयता अब एक नारा नहीं रह गया है, बल्कि यह एक जरूरत बन गई है।' उन्होंने यह भी कहा कि अब वह समय नहीं है कि कॉरपोरेट संगठन केवल लाभ कमाने के लिए काम करें, अब उन्हें पर्यावरणीय लागतों को भी ध्यान में रखना होगा। मुर्मू ने कहा, 'इसमें आप (लागत लेखाकार) अपने

## विमानन नियामक डीजीसीए ने गुरुग्राम में एयर इंडिया के मुख्य बेस पर ऑडिट शुरू किया

**मुंबई :** नागर विमानन महानिद-ेशालय (डीजीसीए) ने सोमवार को गुरुग्राम में एयर इंडिया के मुख्य बेस पर विस्तृत ऑडिट शुरू किया। इसमें संचालन, उड़ान सारिणी, रोस्टर (ड्यूटी) और कई अन्य क्षेत्र शामिल होंगे। एक सूत्र ने यह जानकारी दी है। एयरलाइन कंपनी का मुख्य बेस या हब वह हवाई अड्डा होता है जहां वह अपने विमान और चालक दल को स्थायी रूप से रखती है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन उस समय कड़ी जांच के दायरे में आ गई है, जब उसका लंदन जाने वाला बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान 12 जून को अहमदाबाद में उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें दुर्घटना में 270 लोग मारे गए थे। इनमें 241 लोग यात्री थे। नागर विमानन महानिदेशालय की आठ सदस्यीय टीम ने एयर इंडिया के मुख्य बेस का वार्षिक अंकेक्षण (ऑडिट) शुरू कर दिया है। सूत्र ने बताया कि आमतौर पर तीन सदस्यों की टीम वार्षिक ऑडिट करती है। सूत्रों ने कहा, ''डीजीसीए ने गुरुग्राम में एयर इंडिया के मुख्य बेस पर ऑडिट शुरू कर दिया है। इस वार्षिक अभ्यास में परिचालन, उड़ान योजना, सारिणी, रोस्टर और आईओसीसी (एकीकृत संचालन नियंत्रण केंद्र) सहित सभी पहलुओं को शामिल किया जाएगा।'' एयर इंडिया का मुख्यालय गुरुग्राम, हरियाणा में है। ऑडिट अभ्यास ऐसे समय में भी हो रहा है जब नियामक ने बार-बार सुरक्षा चूक के लिए एयर इंडिया के कुछ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। डीजीसीए ने 21 जून को एयरलाइन के उड़ान संचालन निरीक्षकों से 2024 से एयरलाइन के नियोजित और अनियोजित निरीक्षण, ऑडिट, कॉकपिट/मार्ग, स्टेशन सुविधा, रैंप और केबिन निरीक्षण आदि के बारे में विवरण मांगा था। यह संचार नियामक द्वारा एयरलाइन को उड़ान ड्यूटी के समय (एफडीटीएल) में उल्लंघन के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने और कुछ खामियों के लिए एयरलाइन के तीन वरिष्ठ अधिकारियों को उनकी संबंधित भूमिकाओं से हटाने का आदेश देने के एक दिन बाद भेजा गया था।

## एनएचएआई ने मानसून के समय बाढ़, जलभराव से निपटने के कदम उठाए

**नयी दिल्ली :** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सोमवार को कहा कि वह देशभर में मानसून के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों पर बाढ़ और जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है। एनएचएआई ने बयान में कहा कि मानसून के दौरान प्रभावी समाधान देने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाते हुए उसने 15-दिवसीय अभियान शुरू किया है। इस अभियान में एनएचएआई के अधिकारी, ठेकेदार और सलाहकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर जलभराव से प्रभावित या क्षतिग्रस्त होने की आशंका वाले महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करने के लिए विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण कर रहे हैं। बयान के मुताबिक, वर्षा जल इकट्ठा करने वाली संरचनाओं की साफ-सफाई की जा रही है। इसके साथ ही राजमार्गों के आसपास पानी के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए नालियों और निकासी बिंदुओं को ठीक किया जा रहा है। एनएचएआई ने कहा कि बाढ़ और जलभराव वाले क्षेत्रों में डायवर्जन एवं स्लिप सड़कों और मुख्य मार्ग पर गड्ढों की मरम्मत, पुलिया, नालियों और छिद्रों की सफाई के प्रयास किए जा रहे हैं। मानसून की बारिश के दौरान संपर्क बनाए रखने और यातायात की सुरक्षित एवं सुचारू आवाजाही के लिए विभिन्न जलभराव वाले स्थलों पर उत्खननकर्ता, रेत की बोरियां और साइनेज जैसे आपातकालीन उपकरण और सामग्री जुटाई जा रही है।

## रुपया 23 पैसे टूटकर पांच माह के निचले स्तर 86.78 प्रति डॉलर पर



**मुंबई :** ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले के बाद डॉलर में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 23 पैसे टूटकर पांच महीने के निचले स्तर 86.78 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजार में नीरस कारोबार और विदेशी पूंजी की निकासी से रुपये पर दबाव और बढ़ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.75 पर खुला। इसके बाद 87.67-86.85 के दायरे में कारोबार करते हुए अंत में पांच महीने के निचले स्तर 86.78 पर बंद हुआ। इस तरह रुपये में शुक्रवार के बंद भाव 86.55 के मुकाबले 23 पैसे की गिरावट आई। रुपया 13 जनवरी को डॉलर के मुकाबले 86.70 पर बंद हुआ था।

वर्ष 10, पूर्णांक 3276 अंक 086, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in